आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी 10:58 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 12 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 199, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



माधवन-फातिमा के साथ फिल्म बनाएंगे करण जौहर 17

मंगल पर क्षुद्रग्रहों की टक्कर से पृथ्वी अछूती नहीं 18

## एक नजर

### जिम कॉर्बेट पार्क का ढिकाला जोन 15 नवंबर को खुलेगा

**रामनगर।** जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क का ढिकाला जोन 15 नवंबर से सैलानियों के खुल जाएगा। लेकिन, जोन खुलने से पहले ही रात्रि विश्राम कक्ष पैक हो गए हैं। 15 से 21 नवंबर तक ऑनलाइन बुकिंग फुल हो गई है। कॉर्बेट नेशनल पार्क खुलने का देश-विदेश के पर्यटक इंतजार कर रहे हैं। पर्यटकों की पहली पसंद कॉर्बेट पार्क के ढिकाला जोन की जैव विविधता व वन्यजीवों का दीदार करना होता है। ढिकाला जोन को हर साल मानसून सीजन में 15 जून को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया जाता है।

### गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर को होंगे बंद

**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। वहीं यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि 12 अक्टूबर (शनिवार) को तय हो जाएगी। गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर को अन्नकूट पर्व के अभिजीत मुहूर्त पर दोपहर 12.14 बजे शीतकाल के लिए श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद मां गंगा अपने मायके मुखबा में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगी। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर गंगोत्री रावल तीर्थ पुरोहितों ने गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि और मुहूर्त तय किया।

### लापता पायलट का पार्थिव शरीर एक महीने बाद मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लापता पायलट कमांडेंट राकेश कुमार राणा के पार्थिव शरीर का एक महीने से भी अधिक समय के बाद पता लगा लिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर एमके-3 के लापता पायलट कमांडेंट राणा का पार्थिव शरीर पोरबंदर के तट से लगभग 55 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में मिला है। कमांडेंट राणा पिछले महीने आपात लैंडिंग करने वाले हेलीकॉप्टर के पायलट-इन-कमान थे।

### पुणे सामूहिक दुष्कर्म का एक संदिग्ध गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे में 21 वर्षीय युवती से सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपियों में एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीन अक्टूबर की रात युवती अपने पुरुष मित्र के साथ बोपदेव घर इलाके में गई थी, जहां तीन लोगों ने उससे बलात्कार किया था। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि संदिग्धों को पकड़ने के लिए 60 से अधिक टीम गठित की थीं और उनके बारे में जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का ईनाम घोषित किया था।

# अखिलेश बोले-देखता हूं कब तक रहेगी पुलिस, माल्यार्पण तो करुंगा ही

**जेपी पर गरमाई सियासत** सपा प्रमुख ने सरकार को ललकारा, अपने घर के बाहर लोकनायक की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

- **अखिलेश के आवास और नेशनल कन्वेंशन सेंटर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी और भाजपा सरकार के मध्य बीती रात से चल रहा हाई-वोल्टेज ड्रामा शुक्रवार को भी जारी रहा। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पूर्व नियोजित दौरे से पहले जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) को सील कर दिया गया है। भारी पुलिस बल



अपने आवास के बाहर जेपी नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अखिलेश यादव।

तैनात करने के साथ बैरिकेडिंग कर दी गई। अखिलेश के घर के बाहर भी फोर्स खड़ी रही। इस बीच सपा प्रमुख ने अपने आवास के बाहर सड़क पर ही जेपी नारायण की एक प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही यह भी कहा कि बैरीकेडिंग सपा कार्यकर्ताओं को रोक नहीं पाएगी। पुलिस कब तक यहां रहेगी, जब हटेगी तब हम वहां माल्यार्पण करेंगे।

अखिलेश यादव शुक्रवार को जयप्रकाश नारायण की जयंती पर गोमती नगर स्थित जेपीएनआईसी का दौरा करने वाले थे। उन्होंने कहा कि जेपी जयंती के दिन सपा कार्यकर्ता उनके म्यूजियम में जयंती मनाते हैं। लेकिन हमें दो बार से माल्यार्पण करने से रोका जा रहा है। दरअसल, बीते साल भी यही स्थिति थी, लेकिन पांच फुट ऊंची दीवार लांघ कर अखिलेश ने माल्यार्पण किया था। इधर, विरोध प्रदर्शन के बीच पुलिस अधिकारी अखिलेश से बात करने के लिए उनके निजी आवास के अंदर गए। इसके बाद अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यह सरकार इस सेंटर को बेचना चाहती है। उन्होंने कहा कि बैरीकेडिंग सपा के कार्यकर्ताओं को रोक नहीं पाएगी। पुलिस कब तक यहां रहेगी। जब पुलिस वहां से हटेगी तब हम वहां माल्यार्पण करेंगे। इसी कड़ी में उन्होंने जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से समर्थन वापस लेने की मांग की।



सत्ता के मद में चूर भाजपा लोकतंत्र की बैरिकेडिंग करना चाहती है। सत्ता का तंत्र कभी लोक के तंत्र पर भारी नहीं हो सकता। अतीत से सबक लीजिए सरकार! लोकतंत्र में तानाशाही लंबी नहीं चलती। - **शिवपाल यादव**, राष्ट्रीय महासचिव, सपा



मुझे लगता है कि प्रदेश सरकार जेपीएनआईसी को भी ध्वस्त करने और किसी बड़े व्यवसायी को बेचने की कोशिश में हैं। यह सरकार मनमाने तरीके से काम कर रही है। लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जा रही है। मूर्तियों पर माल्यार्पण करने पर रोक लगाई जा रही है। - **अजय राय**, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस



लखनऊ में बड़ा बवाल खड़ा करने की सपा की कोशिशों को योगी सरकार ने नाकाम कर दिया है तो बौखलाए अखिलेश पुलिस को धमका रहे हैं। जेपी का नाम लेकर वह नौटंकी कर रहे हैं। सपा को जेपी की जयंती मनाने का नैतिक अधिकार नहीं है। उनकी सरकार के कार्यकाल में बनाया गया अर्धनिर्मित जेपीएनआईसी भ्रष्टाचार का सजीव उदाहरण है। उन्होंने भ्रष्टाचार के मामले में जेपी को भी नहीं बख्शा। - **भूपेन्द्र सिंह चौधरी**, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा

# स्वतंत्र-समावेशी हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र में शांति के लिए महत्वपूर्ण

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को किया संबोधित**

- **कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता**

विएंतियान (लाओस), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के विभिन्न भागों में जारी संघर्षों का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ने का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को यूरेशिया और पश्चिम एशिया में यथाशीघ्र शांति एवं स्थिरता की बहाली का आह्वान किया। मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) को संबोधित करते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता। क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र में शांति तथा प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में है।

मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि समुद्री गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत संचालित की जानी चाहिए। नौवहन और वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक मजबूत और प्रभावी आचार संहिता बनाई जानी चाहिए और इससे क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर कोई अंकुश नहीं लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा दृष्टिकोण विकासवाद का होना चाहिए, न कि विस्तारवाद का। उन्होंने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों के कारण सबसे अधिक नकारात्मक रूप से प्रभावित देश 'ग्लोबल साउथ' के हैं। उन्होंने कहा कि यूरेशिया और पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने की सामूहिक इच्छा है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द आम तौर पर लैटिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशिनिया के क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।



### क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना आवश्यक

प्रधानमंत्री ने कहा, क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण से हमें संवाद और कूटनीति पर अधिक जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वबंधु की जिम्मेदारी निभाते हुए भारत इस दिशा में हरसंभव योगदान देता रहेगा। उनकी यह टिप्पणी यूरेशिया में यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष तथा पश्चिम एशिया में इजराइल-हमास युद्ध के बीच आई है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि इसका मुकाबला करने के लिए मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को एक साथ आना होगा।

### म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली के लिए उठाए जाएं कदम

मोदी ने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संघ) की एकता और प्रमुखता का समर्थन किया है। कहा कि आसियान भारत के हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण और क्वाड सहयोग के केन्द्र में भी है। उन्होंने कहा कि भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल और हिंद-प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के बीच गहरी समानताएं हैं। मोदी ने कहा कि हम म्यांमार की स्थिति के प्रति आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। हम पांच सूत्रीय सहमति का भी समर्थन करते हैं। वहां मानवीय सहायता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने वहां लोकतंत्र की बहाली के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि इसके लिए म्यांमार को शामिल किया जाना चाहिए, अलग-थलग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के रूप में भारत अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा।

## रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल होंगे टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन

**मुंबई।** दिवंगत रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा अब टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन होंगे। यह विभिन्न परमार्थ-संस्थाओं का एक समूह है जो अप्रत्यक्ष रूप से 165 अरब अमेरिकी डॉलर के नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाले समूह को नियंत्रित करता है। उद्योगपति रतन टाटा (86) का बुधवार रात आयु संबंधी समस्याओं से निधन हो गया था जिसके बाद उनके उत्तराधिकारी की तलाश शुरू की गई। टाटा ट्रस्ट्स में शामिल विभिन्न ट्रस्ट के न्यासियों ने शुक्रवार को मुंबई में एक संयुक्त बैठक की और टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया। बैठक में न केवल टाटा समूह के लिए बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण सेवाओं को याद किया। इसके बाद हुई बैठकों में सर्वसम्मति से नोएल नवल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स और उसके तहत आने वाले अन्य सभी ट्रस्ट का चेयरमैन नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। इसमें कहा गया कि उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभावी होगी।



- **निदेशक मंडल की बैठक में किया गया चयन**

# तोप का गोला फटने से दो अग्निवीरों की मौत

नासिक, एजेंसी

महाराष्ट्र के नासिक जिले के आर्टिलरी सेंटर में परीक्षण के दौरान एक गोले के फट जाने से दो अग्निवीरों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सेना ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि हैदराबाद आर्टिलरी सेंटर के गनर गोहिल विश्वराजसिंह (20) और गनर सैकत (21) की नासिक जिले के देवलाली में परीक्षण के दौरान मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि अग्निवीरों की एक टीम तोप से गोले छोड़ रही थी, तभी एक गोला फट गया, जिससे दो अग्निवीर घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें देवलाली के सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि हवलदार अजीत कुमार की शिकायत के आधार पर देवलाली कैंप पुलिस थाना में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है तथा जांच जारी है। सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना के सभी रैंक के अधिकारी बहादुर अग्निवीर (गनर) गोहिल विश्वराजसिंह और अग्निवीर (गनर) सैकत के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं, जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सेना ने बताया कि दुर्घटना के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

सेना ने कहा कि वह गहरी संवेदना व्यक्त करती है तथा दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।



अग्निवीर गोहिल विश्वराज सिंह और सैकत

- **नासिक आर्टिलरी सेंटर में परीक्षण के दौरान हुआ हादसा**
- **कारण पता करने को सेना ने शुरू की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी**

### दोनों अग्निवीरों को शहीद का दर्जा मिले

एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने एक्स पर लिखा कि ये घटना बेहद दुखद है। इन दोनों जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। रक्षा मंत्रालय को इन दोनों जवानों को शहीद का दर्जा देना चाहिए। साथ ही उनके परिवारों को मुआवजा भी दें।

## महादेव सट्टा एप का मुख्य आरोपी सौरभ गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप का मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर दुबई में गिरफ्तार हो गया है। यह कार्रवाई इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर हुई, जिसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर जारी किया गया था।



सौरभ पहले छत्तीसगढ़ के भिलाई में जूस की दुकान चलाता था, वह अब महादेव एप के जरिए सट्टेबाजी का बड़ा साम्राज्य खड़ा कर चुका है। उसकी गिरफ्तारी ने इस बड़े घोटाले के प्रमुख कर्ताधर्ता को कानून के शिकंजे में ला दिया है। लगभग डेढ़ महीने पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने इस घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया था। यह निर्णय 22 अगस्त को लिया गया था और अब इस घोटाले के 'किंगपिन' सौरभ की गिरफ्तारी हुई है। महादेव सट्टा एप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल का नाम बाकायदा एफआईआर में भी दर्ज है।

# मालगाड़ी से टकराई बागमती एक्सप्रेस, छह डिब्बे बेपटरी

चेन्नई, एजेंसी

- **चेन्नई के पास कावरापेट्टई में हुआ हादसा कुछ यात्री घायल, टकराने से लगी आग**

तमिलनाडु में चेन्नई के पास कावरापेट्टई में बागमती एक्सप्रेस खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई, हादसे में कुछ यात्री घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के 8:27 बजे पोन्नेरी स्टेशन पार करने के बाद चालक दल को अचानक तेज झटका लगा और लूपलाइन में जाने के बाद यह मालगाड़ी से टकरा गई।

पोन्नेरी के पास स्थित कावरापेट्टई, तिरुवल्लूर जिले में चेन्नई के निकट स्थित है। हादसे में छह डिब्बे पटरी से उतर गए। कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन कुछ यात्री घायल हुए हैं। चेन्नई से एक चिकित्सा सहायता ट्रेन और एक बचाव दल मौके के लिए रवाना हो



गए। पुलिस ने बताया कि एक डिब्बे के पास आग लग गई, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की है। तिरुवल्लूर जिलाधिकारी टी प्रभुशंकर, राज्य के वरिष्ठ अधिकारी और दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) भी मौके पर पहुंच रहे हैं।

## जापानी संगठन को शांति का नोबेल

**स्टॉकहोम।** इस साल का शांति का नोबेल पुरस्कार द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर हुए अमेरिकी परमाणु बम हमलों के पीड़ितों के संगठन निहोन हिदान्क्यो को परमाणु शस्त्रों के विरुद्ध उनके कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा।

नॉर्वे नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वात्ने फ्रिदनेस ने शुक्रवार को जापानी संगठन को पुरस्कार देने की घोषणा करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर रोक को लेकर बनी सहमति पर दबाव है और इसलिए इस संगठन को पुरस्कार दिया जा रहा है।



## मुख्यमंत्री योगी ने किया कन्या पूजन

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवास के शक्तिपीठ में नवरात्र की महानवमी पर शुक्रवार को देवी दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की। गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन भी किया। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, पूजन करके भोजन कराया और उनका आशीर्वाद भी लिया। संबंधित तस्वीर में एक कन्या का पांव पखारते योगी।

# मध्य प्रदेश के देवी मंदिर में शीश चढ़ाने की कोशिश

पन्ना (मप्र), एजेंसी

- **युवक ने ब्लेड से काटी अपनी गर्दन, हालत गंभीर**
- **पन्ना जिले की घटना, अस्पताल में चल रहा इलाज**

मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में धरमपुर थाना क्षेत्र के केवटपुरा गांव के पास शुक्रवार को एक युवक के द्वारा देवी प्रतिमा के समक्ष अपनी गर्दन काटकर चढ़ाने के प्रयास का मामला सामने आया है। उसने ब्लेड से गर्दन काट ली जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।

युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के धरमपुर क्षेत्र का निवासी राजकुमार यादव (24) ने शुक्रवार की सुबह पूजन के उपरांत परिक्रमा के समय देवी मंदिर में प्रतिमा के सामने अपनी गर्दन में ब्लेड मार ली, जिससे चारों ओर खून फैल गया। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को अजयगढ़ अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका उपचार शुरू किया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

**परंपरा** अद्भुत और विख्यात है खजुआ की रामलीला, दशहरे के दिन से शुरू लीला 19 को राम-रावण युद्ध और ब्रह्मभोज तक चलेगी

# यहां राम से पहले होती है रावण की पूजा, नहीं होता पुतला दहन

शैलेश अवस्थी, खजुआ (फतेहपुर)

**अमृत विचार :** दशहरे पर हर जगह राम की पूजा होती है लेकिन यहां पहले लंका नरेश रावण की पूजा की जाती है उसके बाद राम पूजे जाते हैं। दशहरे पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के तौर पर रावण का पुतला जलाया जाता है लेकिन यहां रावण के पुतले को जलाया भी नहीं जाता, बल्कि हज़ारों दीयों की रोशनी के बीच आरती उतारकर पूजा-अर्चना की जाती है।

हम बात कर रहे हैं फतेहपुर जिले के खजुआ कस्बे की जो अद्भुत रामलीला मंचन के लिए प्रसिद्ध है। जिला मुख्यालय से तकरीबन 18 किलोमीटर दूर खजुआ को शिवनगरी भी कहा जाता है। ग्राम प्रधान अरविंद सोनी ने बताया कि जब हर जगह दशहरे पर रावण दहन के बाद रामलीला का लगभग समापन हो जाता है, तब खजुआ की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन गणेश पूजन के बाद शुरू होता है। खास बात यह कि यहां राम से पहले रावण की पूजा की जाती है। इस बार लीला दशहरे से शुरू होकर 19 अक्टूबर राम-रावण युद्ध तक चलेगी। इसके पहले रावण के साथ मेघनाथ, कुम्भकरण के पुतले और रामजी की सवारी निकाली जाएगी। रावण का सिर तांबे का होगा, जिसका भ्रमण पूरे क्षेत्र में सम्मान सहित करवाया जाएगा। इस दौरान रावण की हज़ारा आरती होगी और जगमग रोशनी के बीच उसकी पूजा की जाएगी। कई जिलों के लोग इस अद्भुत परंपरा के साक्षी बनने आते हैं। खजुआ में 118 बड़े-छोटे शिवालय हैं, जो कई साल प्राचीन हैं। यह भी एक कारण है कि यहां के लोग शिवभक्त रावण का पुतला दहन नहीं करते। यह भी कहा जाता है कि एक समय खजुआ ब्राह्मण बहुल था, इस नाते भी पुतला नहीं जलाते। यहां मेघनाथ और कुम्भकरण के पुतले स्थानीय कारीगर ही मिट्टी, कास और पुआल से तैयार कर उनका रंगरोगन करते हैं। लीला मंचन भी कुछ स्थानीय लोग ही करते हैं। राम-रावण युद्ध के बाद रावण वध की लीला होगी, लेकिन दशानन का पुतला नहीं जलाया जाएगा। इसके बाद निर्धारित तिथि पर रावण की तेरहवीं और ब्रह्मभोज होगा, तब लीला का समापन होगा।



### ब्रह्मपुराण में भी है इस स्थान का जिक्र.....

ब्राह्मपुराण में खजुआ का जिक्र है, जो पांच हज़ार साल पुराना है। यहां 118 शिवमंदिर हैं, जिनमें कुछ का जीर्णोद्धार हुआ है। मुग़लकाल में मंदिरों पर आक्रमण हुए, कुछ खंडित हुए, पर कई को किसी तरह सुरक्षित रखा गया। कस्बे में कई तालाब हैं, जिनमें कुछ अभी भी लबालब हैं। एक सर्वे के मुताबिक मंदिर परिसरों की कोई दो हज़ार बीघा ज़मीन पर कब्जे हैं, जिन्हें मुक्त कराने की कोशिश जारी है।

### औरंगजेब ने भाई को मार बनवाई थी सराय

औरंगजेब की बनवाई सराएं भी खजुआ का ऐतिहासिक महत्व बयान करती है। बताते हैं कि औरंगजेब ने अपने भाई शहशुजा को यहीं मारा था और फिर एक बड़ी सराय का निर्माण करवाया था, जिसे बादशाही बाग़ कहते हैं। इसमें जल एकत्र करने को हाऊद और जल निकासी के मुकम्मल इंतज़ाम हैं। चारों ओर बड़े गुम्मदनुमा टावर हैं। इस सराय को भारत सरकार ने राष्ट्रीय महत्व का घोषित कर रखा है।

### आज का मौसम

मौसम साफ रहेगा।

32.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:14 | सूर्यास्त 05:49

### शहर में आज

- प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट के रामलीला महोत्सव में मेघनाथ वध, अहिरावण वध का मंचन रात 9:00 बजे से।
- सपा जिला कार्यालय पर डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई जाएगी 12:00 बजे।
- नवीन नगर में मानसरोवर जूनियर हाईस्कूल के पास विजय दशमी पर रावण दहन शाम 6:30 बजे।
- लाजपत नगर की रामलीला में अहिरावण रावण के पुतले का दहन किया जाएगा रात 8:00 बजे।
- लाइनपार की रामलीला में राम रावण युद्ध, रावण के पुतले का दहन रात 10:00 बजे।
- यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल की ओर से दीनदयाल नगर में राहगीरों को छोले-चावल का वितरण शाम 4:00 बजे।
- अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से शस्त्र पूजन चंद्र नगर होरी सिंह का मंदिर लोकोशेड पर अपराह्न 3:00 बजे।



साईं सेलिब्रेशन में आयोजित दुर्गा पूजा में आरती के समय धुनुचि नृत्य करती महिलाएं। ● अमृत विचार



सद्भावना पार्क दीनदयाल नगर में आयोजित दुर्गा पूजा में पूजा करती महिलाएं।



मनोरंजन सदन में धुनुचि नृत्य करती महिलाएं। ● अमृत विचार

# 100 स्थानों पर होगा रावण के पुतले का दहन

## कंजरी सराय में कारीगारों द्वारा महानगर के लिए बनाए जा रहे रावण के पुतले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विजयदशमी पर शनिवार को रामलीला मंचन के तीन स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके अलावा महानगर की गली और मोहल्लों में रावण के पुलले दहन होंगे। इस बार महानगर के 100 स्थानों पर पुतले दहन की तैयारी हुई है। गली-मोहल्लों में दहन होने वाले रावण के पुतलों की ऊंचाई 5 से 20 फिट रहेगी।

महानगर के कंजरी सराय में रावण के पुतले बना रहे कारीगर जग्गा सिंह, संजय और अशोक ने बताया इस बार उनके पास रावण के पुतलों के काफी आर्डर हैं। महानगर की वेब ग्रीन कालोनी, आकाश रेजीडेंसी, नवीन नगर, गुरहट्टी, परंपरा, गौर ग्रेसियस, बुद्धि विहार, लाइनपार, दीनदारपुरा, मंडी चौक व रेती मोहल्ला समेत अन्य कालोनियों के लिए पुतलों के आर्डर मिले हैं। इसके अलावा कुछ लोगों ने निजी तौर पर घरों में भी पुतले जलाने के लिए बनवाए हैं। उनके पास शुक्रवार रात तक लगभग 100 पुतले बनकर तैयार हो चुके हैं। इसके अलावा पाकबड़ा, रामपुर, मूंढापांडे और काशीपुर तक के पुतले भी कंजरी सराय से बनकर जा रहे हैं।



लाइनपार रामलीला मैदान में खड़ा पुतला। ● अमृत विचार

### रावण दहनः तीन जोन व 12 सेक्टरों में बांटा गया महानगर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को विजया दशमी पर लगने वाले मेलों और रावण का पुतला दहन कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा का खाका तैयार किया है। जिसके लिए महानगर को तीन जोन और 12 सेक्टर में बांटकर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और पीएसी जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा सभी जगह सीसीटीवी कैमरे ओर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार विजयादशमी जिलें में 12 अक्टूबर शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान महानगर में लाइनपार रामलीला ग्राउंड, कटघर के लाजपतनगर और सिविल लाइंस के दीनदयाल नगर नेहरू युवा केंद्र के मैदान पर रावण का पुतला दहन के साथ मेला लगेगा। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि विजयादशमी मेला और रावण का पुतला दहन कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। तीन जोन और 12 सेक्टर में बांट कर व्यवस्था बनाई गई है। जोन की जिम्मेदारी सीओ और सेक्टरों की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस अधिकारियों को दी गई है। कुल चार सीओ, 15 इंस्पेक्टर के नेतृत्व में 75 दरोगा, 220 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, 100 महिला सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा पीएसी जवानों की दो कंपनी भी तैनात की जाएगी।

### पहले लाजपत नगर व आखिर में दहन होगा लाइनपार का रावण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को विजयदशमी का पर्व मनाया जाएगा। जिसमें रात को रावण के पुतलों का दहन होगा। महानगर में चार स्थानों पर रामलीला का मंचन हो रहा है। जिसमें तीन स्थानों पर शनिवार को रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। जबकि चौथे स्थान पुराना दसवां घाट पर रविवार को रावण का पुतले का दहन होगा। हर बार की तरह इस बार भी सबसे बड़ा रावण का पुतला रामलीला मैदान लाइनपार में 100 फीट ऊंचा जलाया जाएगा। रामलीला कमेटी के सचिव राजीव बंसल ने बताया पुतले में रात 10:00 बजे आग लगाई जाएगी। इस दौरान पुतले के पास भीड़ न पहुंचे इसके लिए एक लोहे के जाल और दूसरा पुलिस के बेरिकेडिंग के दो घेरे बनाए जा रहे है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पुतले में आतिशबाजी होती है। इसलिए लोग उस तक पहुंचने से बचें। रामलीला समिति सिविल लाइंस की नेहरू युवा केंद्र में चल रही रामलीला में 45 फिट ऊंचा पुतला जलाया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता ने बताया कि रात 8:30 बजे रावण के पुतले का दहन होगा। वहीं रावण का तीसरा पुतला रामलीला मैदान लाजपत नगर में चल रही रामलीला में दहन किया जाएगा। कमेटी के सचिव श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया यहां का पुतला एमएच डिग्री कालेज में रात 8:00 बजे जलाया जाएगा।

# बंगाली समाज की महिलाओं ने किया धुनुचि नृत्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शुक्रवार को महानगर में बंगाली समाज के द्वारा दुर्गा पूजन महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें भक्तों ने मां की पूजा-अर्चना की।

महानगर के रेलवे कालोनी स्थित मनोरंजन सदन में सर्बजनिन बंगाली एसोसिएशन ने दुर्गा पूजन महोत्सव में श्रीश्री दुर्गा में तीसरे दिन बंगाली समाज के भक्तों ने रुद्रपुर से आए बोनोमाली चक्रवर्ती से विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराकर माता रानी को सुंदर वस्त्र पहनाकर उनका श्रृंगार किया। जिसमें मधुमिता, सुनंदा दत्ता, सपना सिंह, तप्ती मलिक ने सहयोग दिया। इस मौके पर एसोएशिन के अध्यक्ष असित बनर्जी, महासचिव अभिजीत राय, कोषाध्यक्ष आलोकेश बोस, पूजा सचिन, सौरभ चक्रवर्ती, सुदीप बनर्जी, देवाशीष भट्टाचार्य, अरूण भट्टाचार्य, डा. अंजना दास, अतुल जौहरी भारी संख्या में बंगाली समाज के लोग शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर कांशीराम नगर स्थित कालीबाड़ी मंदिर में मुरादाबाद बंगाली कल्चरल एजूकेशन सोसायटी द्वारा आयोजित दुर्गा पूजन महोत्सव में श्याम लाल राय, असीम कुमार मित्रा, जयंत साहा, प्रसनजीत घटक, सौरभ चक्रवर्ती शामिल रहे। दीनदयाल नगर स्थित सद्भावना पार्क में मुरादाबाद दुर्गा बारी समिति के महोत्सव में तीसरे दिन पुरोहित किरन चक्रवर्ती ने मंत्रोच्चरण के साथ पुष्पांजलि पूजन किया। आयोजन में सूचीमय बर्मन, धनवी शर्मा, निधि भट्ट, मानसी अग्रवाल, सुदीप पाल शामिल रहे। मंडी चौक के अताई मोहल्ला स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में सर्बजनिन श्रीश्री मां दुर्गा पूजा उत्सव समिति के दुर्गा पूजन में पुरोहित रवि ठाकुर ने पूजा-अर्चना कराई। इस मौके पर सोमनाथ ओझा, प्रशांत मांईती, संजय सी, पुलक घोष, काशीनाथ दास, आलोक घोष शामिल रहे।

### प्रतिमा विसर्जन के लिए डीएम ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर में विजय दशमी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इसको सकुशल कराने के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। पुलिस अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी प्रतिमा विसर्जन में कानून व्यवस्था की निगरानी करेंगे। प्रतिमा विसर्जन के लिए जहां नगर निगम की ओर से घाटों पर बैरिकेडिंग, सफाई आदि का प्रबंध कराया जा रहा है।

### एक नजर



रामलीला में नृत्य करते कलाकार।

### लक्ष्मण ने किया मेघनाद वध, सती हुई सुलोचना

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत पाकबड़ा में चल रही रामलीला मंचन में ग्यारहवें दिन शुक्रवार को कलाकारों ने युद्ध का मंचन किया। कुंभकरण के मारे जाने के बाद रावण अपने पुत्र मेघनाद को युद्ध में लड़ने के लिए भेज देता है। मेघनाद युद्ध में मारा जाता है। सुलोचना पूछती है कि मेरे स्वामी को किसने मारा है। तब मेघनाद का हाथ लक्ष्मण जी का नाम लिखकर बताता है कि मुझे लक्ष्मण ने मारा है। उसके बाद वह मेघनाद के शव को युद्ध के मैदान से लेकर आते हैं। उसके बाद मेघनाद की पत्नी सुलोचना पति के गम में कहती है कि जब स्वामी नहीं रहे तो मैं जी कर क्या करूंगी और वह सती हो जाती हैं। उसके बाद रावण अहिरावण को लड़ने के लिए पाताल लोक से बुलाकर युद्ध में भेज देता है। वह भी युद्ध में मारा जाता है। इस तरह से रावण को छोड़ सारी सेना मारी जाती है। पूरी लंका खाली हो जाती है। इस अवसर पर पुरुषोत्तम शरन गुप्ता, रामबाबू भटनागर, राकेश सिंह, नरेश सक्सेना, सीताराम रूहेला, डॉक्टर सोहन सिंह, कमल सैनी, जयप्रकाश सिंह, सुनील गुप्ता, शैवी शर्मा, मुनीष भटनागर, तोताराम सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# लक्ष्मण के मूर्छित होते ही श्रीराम की सेना में हाहाकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट के रामलीला महोत्सव में शुक्रवार रात क्षेत्रीय पार्षद नरेंद्र कुमार सुमन ने भगवान गणेश व श्रीराम दरबार की आरती की। इसके बाद राम-रावण के दलों के बीच युद्ध की लीला का मंचन शुरू हुआ।

रामलीला के मंच पर लक्ष्मण शक्ति और कुंभकरण के वध की लीला का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। लक्ष्मण शक्ति लगते ही श्रीराम के करुण विलाप और कुंभकरण के वध की लीला का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसमें रावण का पुत्र मेघनाद रणभूमि में आकर अपनी शक्तियों से श्रीराम सेना पर आक्रमण करता है और बार-बार लक्ष्मण को युद्ध के लिए ललकारता है। तब श्रीराम से आज्ञा लेकर लक्ष्मण मेघनाद के साथ युद्ध करते हैं। मेघनाद और लक्ष्मण के बीच घमासान युद्ध होता है। जब मेघनाद के सारे अस्त्र-शस्त्र विफल हो जाते हैं, तब ब्रह्मा द्वारा प्रदान की गई वीर घातानी शक्ति का प्रयोग लक्ष्मण पर कर देता है और लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष यथार्थ किशोर, छत्रपाल सिंह, आदित्यवीर शास्त्री, नरेंद्र सुमन, इंद्रजीत शर्मा, प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव, राजेश बाल्मीकि, रवि सैनी, लल्ला ठाकुर अरुण श्रीमाली, अमित गुप्ता, ओमाशंकर, पुष्पकांत शर्मा, ब्रह्मानंद, शिव कुमार, कपिल श्रीमाली, गगन कुमार व शुभम डोंगरा शामिल रहे।



लाइन पार रामलीला में मंचन करते कलाकार । ● अमृत विचार

### नागरिक सुरक्षा के वार्डनों ने संभाली मेले की व्यवस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के लालबाग काली माता मंदिर के पर नागरिक सुरक्षा का शिविर दूसरे दिन नवें नवरात्र को भी जारी रहा। इसमें तैनात वार्डन, यातायात व्यवस्था सहित खोये बच्चों को उनके माता पिता से मिलवाने के साथ ही पुलिस प्रशासन के सहयोगी बने और व्यवस्था संभाली। शिविर में चीफ वार्डन नजमुल इस्लाम, सहायक उप नियंत्रक सतीश कुमार सहित अशोक कुमार गुप्ता, नीतू सक्सेना, जसवंत कौर, चक्रेश लोहिया, राजेश गुप्ता, निमित जायसवाल, शरीफ अहमद, तिलक राज सिक्का, विपुल अग्रवाल, आशीष त्रिवेदी, सूरज प्रकाश, अंकुश भटनागर, अनिल रस्तोगी, संजीव खन्ना, मीना अग्रवाल आदि शामिल रहे।

### रामलीला में अंगद रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति प्रसंग का जीवंत मंचन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के दीनदयाल नगर साईं मंदिर रोड स्थित नेहरू युवा केंद्र में श्रीरामलीला समिति सिविल लाइंस की ओर से श्रीरामलीला में त्रिमूर्ति कला केंद्र के कलाकारों ने समुद्र पर सेतुबंध रामेश्वरम स्थापना, अंगद रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति के प्रसंग का मंचन प्रस्तुत किया। हनुमान द्वारा लंका दहन के बाद वानर सेना लंका पर चढ़ाई करने से पूर्व रामेश्वरम पहुंचती हैं। जहां भगवान श्रीराम विजय की आकांक्षा के साथ रामेश्वर शिवलिंग की स्थापना करते हैं। शिवलिंग स्थापना में योग्य ब्राह्मण के रूप में रावण को आमंत्रित करते हैं। जिसमे रावण द्वारा रामेश्वरम शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजा कराई जाती है। वानर सेना राम सेतु से होते हुए लंका पहुंचती है। जहां राम के दूत बनकर अंगद एक बार पुनः रावण के पास संधि प्रस्ताव लेकर जाते हैं। समिति के संरक्षक शिशिर गुप्ता, डॉ. संजीव राजन, जयविन्दर प्रधान, अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, महामंत्री पीयूष गुप्ता आदि रहे।



नवमी पर लाजपतनगर में श्री भक्ति परिवार महिला संकीर्तन मंडल की ओर से डांडिया गरबा करतीं श्रद्धालु।

# डांडिया और गरबा में झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **डांडिया के बाद कन्या पूजन कर प्रसाद ग्रहण कराया**

**अमृत विचार:** शुक्रवार को भक्ति परिवार की ओर से आयोजित डांडिया व गरबा कार्यक्रम में श्रद्धालु जमकर झूमे।

महानगर के लाजपत नगर में शुक्रवार को भक्ति परिवार महिला संकीर्तन मंडल के शारदीय नवरात्र कीर्तन को विश्राम दिया गया। अंतिम और नवें दिन कीर्तन की शुरूआत अंजू एवं सुनील अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। इस दौरान पंडित शंकर दत्त ने शक्ति में भक्ति का गुणगान किया। इसके बाद डांडिया एवं गरबा का आयोजन किया गया। इसके अलावा कन्या पूजन का भी आयोजन हुआ। जिसके बाद बाद भंडारा शुरू हुआ। कार्यक्रम में नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, अल्पना गुप्ता, प्रिया अग्रवाल, महेश चंद्र अग्रवाल, साधना सिंह, हेमा, शशि अरोरा, नीना गुप्ता, अनीता श्रीवास्तव व सरिता गुप्ता शामिल रहे।

धर्म-कर्म

घर-घर हुआ देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन, दक्षिणा और उपहार पाकर खिले बेटियों के चेहरे

# मां महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना कर मांगी खुशहाली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शुक्रवार को कन्या पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया गया। बहुत से भक्तों ने मां के आठवें स्वरूप मां महागौरी तो किसी ने मां नवम स्वरूप सिद्धिदात्री की अराधना की। मां महागौरी की पूजा करने वालों ने 12 बजे से पहले और मां सिद्धिदात्री की पूजा करने वालों 12 बजकर 6 मिनट के बाद कन्या पूजन किया। कुछ श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन से पहले घरों में हवन भी कराए। सभी ने कन्या पूजन पर उन्हें भोजन कराया। पूजा का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा।

महानगर के लालबाग स्थित काली माता मंदिर पर शुक्रवार सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। जिसके चलते माता के भवन तक पहुंचने से पहले कई स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाकर रोका गया। श्रद्धालु अष्टमी-नवमी पूजन कर मंदिर में पहुंचते रहे। शाम को मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुटी। लंबी कतार में लगकर भक्तों ने मां का दर्शन पूजन किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिलाओं को माता की प्रतिमा के पीछे वाले रास्ते से और पुरुष वर्ग को हनुमान मंदिर वाले रास्ते से प्रवेश कराया गया। सभी की निकासी रामगंगा की ओर वाले गेट से कराई गई। श्रद्धालुओं ने रामगंगा किनारे दूर तक लगे मेले का आनंद लिया। यहां से भी निकासी शनिदेव वाले मंदिर की ओर से रही। मंदिर के महंत सज्जन गिरि और प्राचीन सिद्धपीठ नौ देवी काली माता मंदिर के महंत रामगिरि ने बताया भीड़ के कारण आरती का समय भी बढ़ाना पड़ा। श्रृंगार आरती 9 और रात 10 बजे हो सकीं, जबकि शयन आरती रात 10 बजे के स्थान पर रात 1 बजे की गई। हालांकि श्रद्धालु इसके बाद तक आते रहे। उन्होंने बताया देर रात तक लगभग सवा लाख श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। वहीं प्राचीन कामधेनू रति देवी मंदिर के महंत छोटे लाल दक्ष ने बताया उनके मंदिर भी देर रात तक श्रद्धालु पहुंचते रहे। रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में पहले दिन से चल रहे हवन में शुक्रवार को पूर्णाहुति दी गई। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता के दर्शन किए। लाइनपार के माता मंदिर में भी तड़के से श्रद्धालु उमड़े। उन्होंने माता की आराधना की। शाम को मंदिर में कीर्तन किया गया। खुशहालपुर रोड स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता के दर्शन किए। लोकोशेड स्थित शक्ति लोक शिवालय में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर मन्नतें मांगी।



रामगंगा विहार स्थित वेब कॉलोनी में कन्याओं को भोग लगाती महिला।

### टोली बनाकर घर-घर घूमी कन्याएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कन्याओं को भी इस बात का पता था कि शुक्रवार को अष्टमी और नवमी पर उन्हें जिमाना है। इसीलिए वह भी सुबह से ही सज धजकर टोलियां बनाकर तैयार हो गई थीं। बुलाने का इशारा होते ही पूरी टीम पहुंच जाती। अब बुलाने वाला चाहे एक को बुलाए या दो को टीम तो पूरी ही पहुंचती रही। दूसरी ओर अष्टमी और नवमी के चलते कन्याओं को पूजन के लिए लोग तलाशते रहे।

### अर्द्धनारीश्वर के दिव्य रुप का प्रकाट्य ही हरि की लीला हैः अर्द्धमौनी

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** श्रीशिव मन्दिर भोला सिंह की मिलक पर अर्द्धमौनी वैष्णव परिवार द्वारा भजनोत्सव का आयोजन किया गया। कथा व्यास धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवती पार्वती का नवम स्वरूप सिद्धिदात्री है।

महादेव शिव की तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव शंकर को अष्टसिद्धियां प्रदत्त की। जिसके फलस्वरूप हरिकृपा से शिवशंकर अर्द्धनारीश्वर के मूर्तिमान रूप में प्रकट हुए। कथाव्यास ने कहा कि जब तक श्रद्धा और विश्वास की दृष्टि हमें प्राप्त नहीं होती तब तक हम भगवान श्री कृष्ण और भक्ति का रहस्य ह्रदयंगम नहीं कर सकते। राभजनोत्सव में भूरी प्रजापति, मुरारी सिंह, संजय कुमार, कंचन प्रजापति, राजकुमार, किरन प्रजापति, निर्दोष कुमार, गुड्डी प्रजापति, प्रीती देवी, रंजीत कुमार, पिंकी प्रजापति, जगमग सिंह, मनु आदि उपस्थित रहे।



लाजपत नगर में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# राम के हाथों कुंभकर्ण के वध पर गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्री राम कथा मंचन समिति लाजपत नगर में आयोजित रामलीला के मंच पर वृंदावन के कलाकारों ने रावण का कुंभकर्ण को जागने का आदेश देना, रावण कुंभकर्ण संवाद, राम कुंभकर्ण का युद्ध और कुंभकर्ण वध आदि का मंचन किया गया।

मंचन में लंकापति रावण का दरबार लगा है, मायावान दरबार में आकर रावण को सूचित करता है कि छोटा तपस्वी लक्ष्मण जीवित हो गया है यह जानकर रावण चिंतित हो जाता है और वह अपने बलशाली भाई कुंभकर्ण को युद्ध में जाने का आदेश देता है। कुंभकर्ण युद्ध में पहुंच कर राम की सेना के वानरों को खाने लगता है। इस मौके पर महेश चंद्र अग्रवाल, विनोद सक्सेना, श्याम कृष्ण रस्तौगी, मुकुल बंसल, शरद अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, विवेक शर्मा, शम्मी रस्तोगी, राजेन्द्र अग्रवाल, पारस सैनी आदि रहे।







# संभल के बुजुर्ग का कचहरी में पड़ा मिला शव

## थाना कोतवाली क्षेत्र के नूरिया सराय निवासी रोहताश के रूप में हुई मृतक की पहचान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित कचहरी में आए संभल के बुजुर्ग का शव जिला सैनिक कल्याण केंद्र के पास पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुजुर्ग की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।


मृतक की फाइल फोटो

जनपद संभल के थाना कोतवाली के नूरिया सराय निवासी 55 वर्षीय रोहताश सिंह बीते गुरुवार की सुबह किसी कार्य से मुरादाबाद कचहरी आए थे। देर रात तक जब वह वापस अपने घर नहीं पहुंचे तो परिवार वाले उनकी तलाश में जुट गए और इसकी शिकायत पुलिस में की। शुक्रवार की सुबह रोहताश सिंह का शव सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कचहरी परिसर के जिला सैनिक कल्याण केंद्र के गेट पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। कचहरी परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं के द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनीष सक्सेना अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो जेब में मिले कागजात से पहचान हुई। मौत की सूचना पाकर परिवार वाले सिविल लाइंस थाने पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम में हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई है। बेटे आकाश ने बताया कि पिता रोहताश प्रिंटिंग प्रेस चलाते थे। गुरुवार को वह किसी के जमानत के सिलसिले में मुरादाबाद आए थे। उसके बाद घर नहीं लौटे। शुक्रवार सुबह पुलिस ने मौत की सूचना दी। जान गंवाने वाले रोहताश सिंह के परिवार में पत्नी कमलेश, चार बेटे रॉबिन, आकाश, सूर्या, व मोंटी और दो बेटियां सोनिया व मोनिका हैं। रोहताश की मौत से उसकी पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मोर्चरी पर खड़े मृतक रोहताश के परिजन। ● अमृत विचार

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को दो साल का कारावास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विशेष गैंगस्टर कोर्ट ने दो साल पहले गिरफ्तार अपराधी मेहराज मियां को दो साल पांच माह की सजा सुनाई है। राजकीय रेलवे पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा कायम किया था। कोर्ट ने दोषी को सजा के साथ 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मुरादाबाद में जीआरपी के तत्कालीन प्रभारी सुधीर कुमार त्यागी ने 23 मई 2022 को मेहराज के खिलाफ मुकदमा कायम किया था। आरोपी है कि मेहराज अपना गैंग बनाकर आपराधिक वारदातें करता है। इस दौरान लोगों को डरा धमकाकर धन भी कमाया। केस की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट सियाराम चौरसिया की अदालत में हुई। विशेष लोक अभियोजक राजीव कुमार त्यागी ने अभियोजन का पक्ष रखते हुए कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए। अदालत ने सुनवाई के बाद सबूतों के आधार पर मेहराज को दोषी करार देते हुए 29 माह की सजा व 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### जालसाजी कर जमीन को दोबारा बेचने की कोशिश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र की आदर्श नगर कालोनी निवासी सरदार हरविंदर सिंह ने सिविल लाइंस थाने में पाकबड़ा के गिन्नौर दी माफी निवासी सत्यपाल सिंह और मझोला के लाइनपार के कुन्दनपुर ढक्का आनंदनगर निवासी प्रकाश वीर सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस को दी गई तहरीर में सरदार हरविंदर सिंह ने बताया कि उनकी मां इंद्रजीत कौर के नाम से 2006 में पाकबड़ा के गिन्नौर दी माफी निवासी धर्मपाल सिंह ने 0.284 हेक्टेयर जमीन का बैनामा किया था। हरविंदर सिंह के अनुसार बैनामा कराने के बाद उनकी माता जी की मौत हो गई थी, जिसके बाद सत्यपाल सिंह ने उनके हिस्से की जमीन भी वारिसान के आधार पर अपने नाम पर चढ़वा ली। आरोप है कि बाद में सत्यपाल ने दलाल प्रकाशवीर सिंह के साथ मिलकर जमीन का सौदा अमरोहा और मुरादाबाद की दो महिलाओं से कर लिया। हालांकि सूचना पाकर सरदार हरविंदर सिंह और उनके परिवार के लोगों ने रजिस्ट्री ऑफिस पर पहुंच गए और बैनामा नहीं होने दिया। बाद में सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी।

# मंडी समिति में रखी मतपेटियां चुरा ले गए चोर, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के मंडी समिति से अज्ञात चोर निर्वाचन कार्यालय के गोदाम की खिड़की तोड़कर उसमें रखी मतपेटियां चोरी करके ले गए। जिला निर्वाचन कार्यालय के कनिष्ठ सहायक ने मझोला थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

थाना मझोला क्षेत्र के मंडी समिति में जिला निर्वाचन कार्यालय ने अपना गोदाम बना रखा है। जिसमें पंचायत और नगर निकाय चुनाव की मतपेटियां रखी जाती हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के कनिष्ठ सहायक पवन कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बाल किशन के निर्देश पर उन्होंने गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गोदाम के दक्षिणी दीवार की तरफ की खिड़की टूटी हुई है। साथ ही वहां खिड़की के पास रखी आठ मतपेटी भी गायब मिली। बताया गया कि 9 अक्टूबर की रात किसी समय चोर खिड़की तोड़कर मतपेटी चोरी करके ले गए। उनका कहना है कि चोरी गए मतपेटियों की वास्तविक संख्या का पता पूरी मतपेटी की गणना करने के बाद ही चल सकेगा। इस संबंध में थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


मंडी समिति स्थित स्ट्रांग रूम का मुख्य द्वार।

**दुस्साहस**

- पुलिस ने कनिष्ठ सहायक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट
- पुलिस कर रही मामले की जांच, चोरों की तलाश में छापेमारी

## एक नजर

### हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लाएं तेजी

**मुरादबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने और गंभीरता बरतने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने तहसीलों के उप जिलाधिकारियों के अलावा सभी विभागाध्यक्षों से अपने विभाग से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण कराने के लिए कहा है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि शिकायतों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। जिससे लोगों को जिला मुख्यालय व प्रदेश मुख्यालय तक जाने की स्थिति न आए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का ध्यान रखना होगा। शिकायत का निस्तारण कर उसकी जानकारी शिकायतकर्ता को अवश्य दी जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर जिले की रैंक प्रदेश में खराब होने पर जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।

### कंटेनर डिपो पर बोनस के लिए मजदूरों ने की नारेबाजी

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** अंतरदेशीय कंटेनर डिपो पर शुक्रवार सुबह काम शुरू होने के समय उस समय अप्रत्याशित स्थिति पैदा हो गई, जब मजदूर बोनस की मांग करते हुए काम छोड़कर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी करने लगे। जिसे देखकर कॉनकॉर प्रबंधन सकते में आ गया। अधिकारियों ने काम छोड़कर बैठे मजदूरों से वार्ता करके उन्हें उनकी मांग पर सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। टर्मिनल मैनेजर हरीश यादव ने बताया कि त्योहार पर बोनस की मांग कर रहे श्रमिकों को इस पर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद उन्होंने अपना काम शुरू कर दिया। हालांकि काम रोक देने का डिपो के दैनिक कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ा।

### निजी स्कूल के ताले तोड़ कर हजारों की चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात चोर निजी स्कूल का ताला तोड़कर सौर ऊर्जा की बैटरी व नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर मिलने पर रिपोर्ट कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मूंढापांडे के सिरसखेड़ा क्षेत्र के जरनैल का मझरा निवासी ओमपाल सिंह गांव में ही ब्रजमोहन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का संचालन करते हैं। ओमपाल सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर देकर बताया कि बीती 8 अक्टूबर को वह स्कूल से घर चले गए थे। अगले दिन जब स्कूल पहुंचे तो स्कूल के कार्यालय का ताला टूटा मिला। कैमरे देखने पर पता चला कि रात 1:21 बजे चोर ताला तोड़कर कार्यालय में घुसे और वहां रखी सौर ऊर्जा से जुड़ी तीन बैटरी, वाईफाई सेट और अलमारी में रखे बच्चों द्वारा जमा किए गए फीस के तीन हजार रुपये चोरी कर ले गए।


दिल्ली रोड पर स्मार्ट सिटी के तहत किया जा रहा है सुंदरीकरण का कार्य।

# दिल्ली रोड व सर्किट हाउस में चल रहा सौंदर्यीकरण कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर को स्मार्ट बनाने के लिए प्रमुख मार्गों व सार्वजनिक स्थानों पर सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में दिल्ली रोड पर और सर्किट हाउस में भी स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत काम चल रहा है। इसका उद्देश्य महानगर को निखारना है। महानगर को स्मार्ट बनाने के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों और प्रमुख हस्तियों की प्रतिमाएं और होर्डिंग्स लगाई गई है। वहीं डिवाइडर पर आकर्षक संगरमरमर भी लग रहे हैं। निगम के अधिकारी इसकी मानीटरिंग कर रहे हैं। वहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी सड़क के किनारे दीवारों पर चित्र बनाकर किया जा रहा है।

### डेढ़ करोड़ न मिलने पर महिला को घर से निकाला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डेढ़ करोड़ रुपये न मिलने पर पति और ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने हिमाचल में रहने वाले डॉक्टर पति और ससुराल वालों के खिलाफ मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मझोला क्षेत्र के चक फैजुल्लापुर चौहानों वाली मिलक की रहने वाली निधि कुशवाह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 फरवरी 2019 को उसकी शादी डॉ. शिखर डोगरा निवासी मकान नं 17, वार्ड-1 हीरा नगर अपोजिट सर्किट हाउस जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश के साथ दिल्ली में हुई थी। शादी में उसके पिता ने लगभग 40 लाख रुपये खर्च किए थे। पीड़िता का आरोप है कि बीती 14 सितंबर को पति और ससुराल वालों ने डेढ़ करोड़ की मांग पूरी न होने पर उसे अपनी बेटी के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# मुख्यमंत्री के 'बंटोगे तो कटोगे' वाले बयान पर भड़के सपा सांसद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**नाराजगी**

- बयान को संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने देश की अमन व शांति के लिए बताया खतरा

**अमृत विचार:** संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हरियाणा चुनावी सभा के दौरान मंच से बंटोगे तो कटोगे वाले बयान को देश की अमन और शांति को खतरा बताया है। जिस पर उन्होंने कहा कि जो इस तरह की भाषा बोले वो उसे प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की सर्वोच्च न्यायालय को इस ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी इस तरह की बातों से देश में रहने वाले मुसलमान खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस तरह की भाषा का जो इस्तेमाल हो रहा है यह हमारे खिलाफ खड़ा है। हम मुसलमान हैं, हम नहीं चाहते कि हिन्दू-मुसलमान आपस में बंटे। इस देश की तरक्की के लिए हमारे बुजुर्गों ने भी कुर्बानी दी है। हम एक साथ रहकर देश की दुश्मन ताकतों से लड़ना चाहते है। सपा सांसद ने कहा कि ऐसे लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे कहीं न कहीं हमारे बुजर्गों द्वारा दी गई कुर्बानी पर सवालिया निशान खड़ा होता है।


जियाउर्रहमान बर्क।

### कार्रवाई को शासन की रिपोर्ट पर टिकी नजरें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कागजों में जिले के 64 ईंट भट्ठों को बंद होने की गलत रिपोर्ट देने के मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आशुतोष चौहान पर कार्रवाई के लिए सबकी नजरें शासन पर टिकी हैं। जिलाधिकारी ने एक सप्ताह पूर्व उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी थी। लेकिन, अभी शासन से आदेश नहीं आया है।

एनजीटी ने जिले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों की अनदेखी कर चलाए जा रहे ईंट भट्ठों को बंद करने का आदेश दिया था। जिसके क्रम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने 64 ईंट भट्ठों के बंद होने की रिपोर्ट एनजीटी को भेज दी थी। लेकिन, जिलाधिकारी के द्वारा कराई गई जांच में खुलासा हुआ था कि कई ईंट भट्ठे ऐसे भी थे जो कागजों में बंद दिखाए गए थे लेकिन, उनसे कार्य के लिए ईंट लेकर बिल भुगतान भी हुआ था।

**आरबीएसके** 61 शिशुओं में पाई गई गंभीर बीमारी, 10,107 बच्चे विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मिले

# जन्म से ही गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहे शिशु

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गर्भावस्था में महिला की देखरेख में परिवार की लापरवाही निरंतर बढ़ती जा रही है। नतीजा ये है कि जन्म से ही किसी शिशु के दिल में छेद या पैर टेढ़े अथवा रीढ़ में फोड़ा, सिर बड़ा होने जैसे विकार वाले मामले अधिक देखने को मिल रहे हैं। उनका झांसी से लेकर मेरठ तक के मेडिकल कॉलेजों से इलाज कराया जा रहा है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की प्रत्येक ब्लॉक में बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी में टीमें लगी हैं। आरबीएसके मैनेजर सगीर अहमद बता रहे हैं कि इधर जनवरी से सितंबर तक दिल में छेद वाले केवल 9 शिशु मिले हैं, जबकि अभी अक्टूबर के ही डेढ़ सप्ताह में ही चार-पांच केस सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि शिशुओं में रीढ़ की हड्डी में फोड़ा या बड़े सिर होने वाले मामले बढ़ रहे हैं। कुछ दिन पहले इस तरह के शिशु की मां से उन्होंने गर्भावस्था में आयरन फोलिक एसिड वाली टेबलेट खाने के संबंध में सवाल किया तो उसने बताया कि इस तरह की दवा के बारे में वह जानती ही नहीं है। कहने का अर्थ है कि गर्भावस्था में महिला की देखरेख में उसके परिवार से लेकर क्षेत्र की आशा तक गंभीर नहीं है। लेकिन, आरबीएसके की टीमें अपना काम कर रही हैं। मैनेजर ने बताया कि दिल के छेद वाले बच्चों के इलाज के लिए उन्हें अलीगढ़ में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भेजते हैं। रीढ़ की हड्डी में फोड़ा या बड़े सिर वाले बच्चों का इलाज झांसी के मेडिकल कॉलेज में कराते हैं। जिनके होंठ कटे होते हैं, उनकी सर्जरी यहीं कॉसमॉस में कराते हैं। जबकि, आंख में विकार वाले बच्चों का इलाज सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट में कराया जाता है। इनके इलाज में आने वाला खर्च सरकारी स्तर पर वहन किया जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग के दौरान पाया गया है कि सबसे अधिक 3,057 बच्चे स्किन वाली बीमारियों के मिले हैं। इसी तरह 1554 बच्चे दंत रोग और 1009 बच्चे कान बहने की बीमारियों से ग्रसित मिले हैं।

### 2.13 लाख शिशुओं की हुई स्वास्थ्य स्क्रीनिंग

अप्रैल से सितंबर तक मोबाइल हेल्थ टीम ने 2,13,299 शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया है। निगरानी में 61 शिशु जन्मजात दोष वाले मिले हैं। इनमें होंठ कटे वाले 7, पैर टेढ़े वाल 28, दिल में छेद वाले 9, आंख में मोतियाबिंद या भैंगापन वाले 4, गूंगे/बहरे 3, रीढ़ की हड्डी में फोड़ा या बड़े सिर वाले 10 शिशु शामिल हैं। जन्मजात विकार वाले 61 शिशुओं में 45 का इलाज शुरू करा दिया गया है, जबकि शेष 16 शिशु के इलाज के संबंध में प्रक्रिया चल रही है।

### आंगनबाड़ी व स्कूल के 2.14 लाख बच्चों की जांच

निगरानी टीमों ने प्राथमिक स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर अध्ययन करने वाले बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया है। इसमें टीमों ने 909 स्कूल और 2028 आंगनबाड़ी केंद्र कवर किए हैं। स्कूलों में कुल 69,227 और आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1,44,925 बच्चों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग हुई है। इनमें कुल 10,107 बच्चे विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मिले हैं। इन बच्चों में स्कूल वाले 4,044 और आंगनबाड़ी केंद्रों के 6,063 शामिल हैं, जो बच्चे 4 डी वाले हैं। 4 ''डी'' वाले वह बच्चे होते हैं जिनमें जन्म के समय दोष, कमी, रोग, विकलांगता सहित विकास में देरी के विकार होते हैं। हालांकि, इन सभी में केवल 60 बच्चे उपचार के लिए लंबित रह गए हैं।

> चिह्नित बच्चों को निश्शुल्क इलाज मिल रहा है। ठीक होने वाले बच्चों का फॉलोअप भी किया जाता है। अधिक से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य की जांच हो, इस पर हमारा फोकस है।
> – डॉ.प्रवीन श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी, आरबीएसके

# उधारी के पैसे मांगने पर आढ़ती को पीटा, तीन के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र की मंडी समिति में उधारी के पैसे मांगने पर आरोपियों ने आढ़ती को पीट दिया। पीड़ित ने दो नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव बुजपुर मान निवासी किशनपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह थाना मझोला क्षेत्र की मंडी समिति में नारियल का होलसेल का काम करता है। किशनपाल का आरोप बीती 9 अक्टूबर की सुबह अपने नारियल बेचने मंडी समिति में बैठा था। तभी अचानक मयंक व जगत उर्फ राकेश निवासी गांव भटावली अपने अन्य कुछ अज्ञात लोगो के साथ, जिनमें कुछ महिलाएं भी थी। मयंक से पीड़ित से नारियल खरीदने की बात कही। जिस पर पीड़ित ने अपनी पूर्व की नारियल बिक्री की रकम 86,000 मांगे और कहा कि पहले पिछली रकम वापस कर दो। इतना कहने पर मयंक आग बबूला हो गया और मां-बहन की गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मयंक ने गाली देते हुए कहा कि बकाया रकम की बात छोड़, तुझे मंडी में नारियल बेचने है तो हमें हर सप्ताह में 2000 रुपये देने होंगे। विरोध करने पर मयंक और उसके साथियों ने लात घूसे व लाठी डंडों से बुरी तरह मारा पीटा। इस दौरान मयंक व जगत ने पीड़ित का गला दबाने की कोशिश की और उसकी नाक पर जोरदार घूंसा मार दिया। जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई। शोर मचाने पर मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह पीड़ित को बचाया और उसे अस्पताल ले आए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मयंक, जगत उर्फ राकेश व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




विजया दशमी
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
राकेश सिंह
पूर्व जिलाध्यक्ष, मुरादाबाद
लोकसभा प्रभारी भाजपा
सम्भल
राहुल कुमार सिंह
मैनेजर
मनीष कुमार सिंह
ब्लॉक प्रमुख, मुरादाबाद सदर
भाजपा
GURUKUL INSTITUTE OF PARAMEDICAL
SHRI RAMKANTI GURUKUL SEN. SEC. SCHOOL
Vill. Bhoora, Sirsi-Bilari Road, Teh. Bilari Moradabad.
Contact : 9548975730, 7060270662


विजया दशमी
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
नृपेन्द्र कुमार
निवर्तमान सभासद पति वार्ड नंबर 1
पाट वाली मिलक, नगर पंचायत, पाकबड़ा


विजया दशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता ट्रेडर्स
हमारे यहाँ बजरी, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, डस्ट, इंटरलॉकिंग ईट
सुनील गुप्ता
8218331804
दिव्यांश गुप्ता
8077135108
शनिदेव मंदिर, सेक्टर 5सी, बड़े मंदिर के पास, पाकबड़ा, मुरादाबाद


विजया दशमी के
पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं
आपका अपना
रिंकू भईया
नि. चेयरमैन पुत्र, पाकबड़ा
श्रीमती खेमवती देवी
प्रथम चेयरमैन, पाकबड़ा
आवास-सेक्टर-5, पाकबड़ा, नया मुरादाबाद

## एक नजर

### प्रो. देवेंद्र शर्मा सम्मान से सम्मानित होंगे महेश दिवाकर



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदी के प्रचार- प्रसार में पिछले 82 वर्षों से संलग्न ,हिंदी विषय में उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों की संस्था भारतीय हिंदी परिषद प्रयागराज की कार्यकारिणी में लखनऊ में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि परिषद का त्रिदिवसीय 47वां अधिवेशन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में 29, 30 नवंबर और 1 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में हिंदी भाषा और साहित्य में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भारतीय हिंदी परिषद के नामित सम्मान, डॉ. धीरेंद्र वर्मा सम्मान- प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित लखनऊ, आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी सम्मान प्रो. श्रीराम परिहार हरदा मध्य प्रदेश को और प्रो. देवेंद्रनाथ शर्मा सम्मान मुरादाबाद के प्रो. महेश दिवाकर को दिया जाएगा। प्रोफेसर महेश दिवाकर ने बताया कि सम्मानित होने का पत्र मिला है।

### कॉलेज प्रबंधन देगा सत्यापन प्रमाण पत्र, फिर उच्च शिक्षा निदेशालय से पूरी होगी कार्रवाई

# अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षक होंगे स्थायी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में अस्थायी तौर पर नियुक्त शिक्षकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लंबे समय से अस्थायी सेवा देने वाले शिक्षक स्थायी होने जा रहे हैं। शासन के निर्णय से जिले में केजीके, हिंदू कॉलेज, गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज समेत कई महाविद्यालयों के शिक्षकों को लाभ होने वाला है।

महाविद्यालयों में सृजित शिक्षकों के अस्थायी पदों के स्थायीकरण होने का आदेश जारी हुआ है। विशेष सचिव शासन शिपू गिरि ने 3 अक्टूबर को उच्च शिक्षा निदेशक को आदेश जारी किया है। कहा है कि पूर्व के शासनादेश द्वारा प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में 1124 अस्थाई पदों को एक मार्च 2024 से स्थायी पद में परिवर्तित करने की स्वीकृति राजभवन से मिली थी। अब संबंधित पद धारकों को महंगाई व अन्य भत्ते, जो उन्हें अनुमन्य हैं, उनका भुगतान उन्हें प्राप्त होगा। इस व्यवस्था से जिले के कई महाविद्यालयों में संबंधित विषयों के शिक्षकों के पद स्थायी हो गए हैं। इनमें जैसे दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में विषय हिंदी, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र व शारीरिक शिक्षा के लिए एक-एक और समाज शास्त्र के लिए दो पद स्थायी हुए हैं। इसी तरह डीएसएन डिग्री कॉलेज कांठ में अंग्रेजी के लिए दो और हिंदी, समाज शास्त्र व भूगोल के लिए एक-एक पद स्थायी किया गया है। केजीके (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय में विषय गणित, भौतिक विज्ञान, राजनीति विज्ञान, सैन्य विज्ञान, हिंदी, शारीरिक शिक्षा के लिए एक-एक और समाज शास्त्र विषय के लिए 4 पदों का स्थायीकरण हुआ है। महाराजा हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विषय समाज शास्त्र व शारीरिक शिक्षा के लिए एक-एक और अंग्रेजी विषय के लिए शिक्षकों के दो पद स्थाई हुए हैं।

गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सूरजनगर में अंग्रेजी व हिंदी विषय के लिए तीन-तीन और समाज शास्त्र, भूगोल के लिए दो-दो एवं शारीरिक शिक्षा के लिए एक शिक्षक के पद को स्थायी किया गया है।

#### उच्च शिक्षा निदेशालय को भेजेंगे शिक्षकों के प्रपत्र

गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य प्रो. चारू मेहरोत्रा ने बताया कि उनके कॉलेज में समाज शास्त्र विषय के लिए शिक्षक के दो और शारीरिक शिक्षा एवं शिक्षा शास्त्र के लिए एक-एक शिक्षक का पद स्थायी हुए हैं। प्रक्रिया के तहत अभी महाविद्यालयों को तय करना होगा कि संबंधित अस्थायी पद पर उनके यहां शिक्षक नियुक्त हैं या नहीं, यदि नियुक्त हैं तो कब से और उनकी सेवाएं संतोषजनक हैं अथवा नहीं, इसका प्रमाणपत्र कॉलेज प्रबंधन अथवा कंट्रोल (नियंता) देंगे। इसके बाद शिक्षकों के शैक्षिक प्रपत्र आदि दस्तावेज उच्च निदेशालय भेजे जाएंगे।

#### हिंदू कॉलेज में हैं 30 अस्थायी शिक्षक

हिंदू कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यव्रत रावत ने बताया कि उनके यहां कुल 30 अस्थायी शिक्षक हैं। इनमें विषय अंग्रेजी के लिए आठ, समाज शास्त्र व सैन्य विज्ञान के लिए छह-छह पद और हिंदी, इतिहास, वाणिज्य के लिए दो-दो शिक्षक के पद स्थायी हुए हैं। गणित, ऊर्दू, राजनीति शास्त्र, भूगोल विषय के शिक्षक के एक-एक पद का स्थायीकरण किया गया है।

### युवा महोत्सव में लोक नृत्य की होगी प्रस्तुति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव 22 अक्टूबर को आरएसडी एकेडमी रामगंगा विहार में आयोजित होगा। आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति की बैठक हुई।

जिला युवा कल्याण अधिकारी भगवान दास ने बताया कि जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 22 अक्टूबर को आरएसडी एकेडमी रामगंगा विहार में होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि सामूहिक लोकगीत, लोक नृत्य, एकल गीत, एकल नृत्य आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके लिए जिले के माध्यमिक विद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों के ऐसे प्रतिभागियों जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य हो, उनको पूर्व से पूर्ण तैयारी कराकर युवा उत्सव में प्रतिभाग कराए जाएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित रोल बॉल खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में जिला रोल बॉल संघ ने शुक्रवार को जिला स्तरीय रोल बॉल टीम का चयन किया। जिला रोलबॉल संघ के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि 16 खिलाड़ी मिनी अंडर-11 और अंडर-17 बालक एवं बालिका राज्य स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता में हिस्सेदारी करेंगे। ये प्रतियोगिता 18 से 20 अक्टूबर तक को गाजियाबाद के दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल में होने जा रही है। अंडर-11 बालक वर्ग में आराध्य अग्रवाल, हर्ष अरोड़ा, अगस्त्य, शांतनु, अलंकृत, नैमिष गर्ग, अथर्व सिद्धू, संचय अग्रवाल, यशस्वी शर्मा, अब्दुस समद, भावेश शुक्ल, युग अग्रवाल, कुनाल राज चनित हुए हैं। जबकि, अंडर-11 बालिका वर्ग में पीहू सिंघल, ऋषिता बिष्ट, चारु शर्मा, अंशिका, गार्गी सिंह का चयन हुआ है। अंडर-17 बालक वर्ग में दिव्यांश, सिद्धांत सिंह, विवेक, प्रीत चौधरी, वैकुंठ यादव, शुभ सिंघल, राघव विश्नोई, पर्व, गिरधर, विकास कश्यप, पृथ्वी, प्रखर, वेदांग यादव चयनित हुए हैं। अंडर-17 बालिका वर्ग में प्रभुषी ठाकुर, सिद्धि खुराना, वैष्णवी कश्यप, कृतिका पाल, पुष्टि सिंह, अभिलाषा का चयन हुआ है। खिलाड़ियों के चयन में अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवओम सैनी और सचिन सैनी शामिल रहे।



कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन करते अपना दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मांगों को लेकर अपना दल कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अपना दल (कमेरावादी) के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष डॉ.रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता एकत्र हुए। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि कुंदरकी में अवैध दवाखाना चलाने वाले आरोपी ने एक युवती को नौकरी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मुकदमे की विवेचना अन्य थाने से करा कर गैंगरेप के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो अपना दल कमेरावादी के कार्यकर्ता डीआईजी व कमिश्नर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अंकित ठाकुर, महिला जिलाध्यक्ष ठाकुर मंजू राठौर, बाबू खान, राहुल सागर, धर्मेंद्र कश्यप, अजय सैनी, राकेश कश्यप, शारदा देवी आदि मौजूद रहे।

### कबीर आश्रम में मनाई स्वरूप दास की पुण्यतिथि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को पटपट सराय स्थित कबीर आश्रम में संत शिरोमणि गुरुदेव श्रीराम स्वरूप दास की 60वीं पुण्य तिथि मनाई गई। वैध वीपी सिंह ने बताया कि यह प्रथा स्व. हरिदास श्रीमाली ने शुरू की थी। क्योकि श्रीराम स्वारूप दास ने अपना संपूर्ण जीवन पटपट सराय स्थित चौड़ा कुआं के पास बने कबीर आश्रम को समार्पित कर दिया था। जिसके चलते कबीर अश्राम में उनकी समाधि भी बनाई हुई है। उनकी समाधि के सामने सच्चे दिल से प्रर्थाना करने से सफलता अवश्य मिलती है। इस दौरान भक्तों ने सत्संग, भजन-कीर्तन कर महाआरती की। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर जगदीश कश्यप, जयप्रकाश, अनुराग शर्मा, अतर सिंह, विशाल सैनी, सुखदेव, पुष्पेंद्र श्रीमाली शामिल रहे।

### आईएफटीएम में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आईएफटीएम में शुक्रवार को जीव विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के 150 से अधिक छात्रों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में ज्ञान की वृद्धि होती है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीएससी माइक्रोबायोलॉजी द्वितीय वर्ष के छात्र दिव्यांशु सैनी, द्वितीय स्थान पर विवेक कुमार व तृतीय स्थान पर बीएससी माइक्रोबायोलॉजी प्रथम वर्ष के छात्र विवेक कुमार रहे। विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. तंजील अहमद, डॉ. उत्कर्ष त्यागी, डॉ. अंकित अग्रवाल, प्रो डॉ राशि श्रीवास्तव,डॉ. स्वपन कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. मितु सैनी आदि उपस्थित रहे।

### विवाहिता के साथ ससुरालियों ने की मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में मायके वालों को फोन करने के लिए मोबाइल मांगने पर पति व ससुर ने विवाहिता के साथ मारपीट की। पीड़िता ने आरोपी पति, ससुर व देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना कटघर क्षेत्र की पीतल बस्ती बलदेवपुरी निवासी सलोनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 10 अक्टूबर को उसने अपने पति विशाल वर्मा से अपने मायके बात करने के लिए फोन मांगा तो उसने फोन देने से मना कर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने अपने ससुर से फोन मांगा और कहा कि उसे अपने माता पिता से बात करनी है। जिस पर ससुर ने गालियां दी और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उनका सहयोग करते हुए पति व शराब के नशे में देवर छोटू वर्मा ने भी मारपीट की। इस दौरान तीनों आरोपियों ने धमकी देकर कहा कि अगर तुमने अपने घर पर बताया तो तुम्हें जान से मार देंगे। बाद में पीड़िता ने सबसे छिपकर अपने परिवार वालों को सूचना दी तो उसके परिवार वालों ने 112 डायल करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर यह सभी लोग वहां से भाग गए।

# बिलारी और मुरादाबाद में एक-एक सीट के लिए होगा मतदान

### सहकारी गन्ना विकास समिति चुनाव : कांठ में 11 पदों के सापेक्ष 11 दावेदार, 14 को नाम वापसी के बाद सामने आएगी सही तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले में सहकारी गन्ना विकास समिति के डायरेक्टर पद के लिए मुरादाबाद और बिलारी में एक-एक सीट पर भाकियू के भाजपा समर्थित प्रत्याशी के बीच 16 अक्टूबर को संबंधित समितियों पर ही चुनाव होगा। हालांकि कांठ सहकारी गन्ना विकास समिति पर 11 प्रत्याशियों के नाम की सूची चस्पा होने पर वहां प्रत्याशियों के सामने कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं होने से निर्विरोध निर्वाचन तय है। जबकि बिलारी और मुरादाबाद में डायरेक्टर के 11-11 पदों के सापेक्ष 12-12 दावेदार हैं। हालांकि 14 अक्टूबर को नाम वापसी के बाद ही सही तस्वीर सामने आएगी।

शुक्रवार को मुरादाबाद ,बिलारी और कांठ सहकारी गन्ना विकास समितियों पर 16 अक्टूबर को होने वाले डायरेक्टर के चुनाव के प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच के बाद अंतिम सूची चस्पा की गई। जिसके लिए गुरुवार को सपा कार्यकर्ताओं और भारतीय जनता पार्टी के किसानों के द्वारा किए गए हंगामे को देखते हुए प्रशासन ने सुबह 10 बजे से ही समितियों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर रखा था। 3 बजे के बाद समितियों के बाहर रिटर्निंग अधिकारियों ने अंतिम सूची चस्पा कर दी। जिसमें मुरादाबाद सहकारी गन्ना विकास समिति के निर्वाचन क्षेत्र लोधीपुर में डायरेक्टर के पद पर भारतीय किसान यूनियन के युवा महानगर अध्यक्ष मोहित चौधरी और भाजपा समर्थित प्रत्याशी के बीच जीत के लिए लड़ाई होगी।

वहीं बिलारी सहकारी समिति के निर्वाचन क्षेत्र बिलारी में ही में भाकियू के अतर सिंह और भाजपा समर्थित प्रत्याशी अंचित कुमार के बीच मतदान कराया जाएगा। इसके अलावा मुरादाबाद में 10 सीटों पर और बिलारी में 10 सीटों एक- एक दावेदार होने से निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बन रही है।



गन्ना भवन के बाहर तैनात पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार



कलेक्ट्रेट पर धरना देते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

#### सहकारी गन्ना विकास समिति मुरादाबाद से दावेदार

निर्वाचन क्षेत्र छिरावली से विनोद कुमार, डोमघर से दुर्गपाल सिंह, दादूपुर से आयशा परवीन, निवाड़ खास से कुशल पाल सिंह ,पैपटपुरा से राजू, भोजपुर से अनिल कुमार, भैंसोड़ा से वीना देवी, मुंडानाजरपुर से मोरा देवी,सिरसखेड़ा से राम भरोसे का नामांकन हुआ है।

#### सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ से दावेदार

11 पदों के लिए 11 प्रत्याशियों की सूची चस्पा की गई। जिसमें निर्वाचन क्षेत्र ऊमरी से सुरेन्द्र सिंह ,कुचावली से गौरव कुमार,कुरी रवाना से संजय कुमार, फरीदपुर भैंडी से समर पाल सिंह, बीबीपुर से पुष्पा देवी, मान नगर उर्फ कांठ से अंजु देवी, अगवानपुर से संजय कुमार, रसूलपुर चौहरा से सचिन कुमार, शेखपुरा से उधम सिंह सिरसा ढाट से राहुल कुमार,सलेमपुर से महिपाल सिंह निर्विरोध चुने जाएंगे।

#### सहकारी गन्ना विकास समिति बिलारी से दावेदार

निर्वाचन क्षेत्र अमरपुर काशी से अमित कुमार, छावड़ा से अनीस कुमार उर्फ अन्नु ,कुंदरकी के तेवर खास से बहोरन पाल, थांवला से आराम सिंह, स्योडारा से यज्ञपाल दिवाकर,सनाई से उदयवीर सिंह, सहसपुर से सरला देवी , सिरसी से कुसुम ,हाफिजपुर से विजयपाल सिंह,हरियाना जगवीर सिंह का नामांकन हुआ है।

### नामांकन खारिज होने के डर से भाकियू का धरना

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति के डायरेक्टर पद चुनाव में दो प्रत्याशियों के नामांकन खारिज होने के डर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में धरना दिया।

नामांकन पत्रों की जांच के बाद दावेदारों की सूची चस्पा होने के बाद ही धरना समाप्त किया। राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह बताया कि प्रशासन पूरी तरह सत्ता पक्ष के दबाव में है। किसानों के चुनाव में राजनीतिक लोगों फायदा पहुंचाने की कोशिश हो रही है। भाकियू के प्रत्याशियों को आसानी से नामांकन पत्र खरीदने तक नहीं दिया। डीएम कार्यालय पर धरना देकर नामांकन पत्र दाखिल कराया था। अब कहीं प्रशासन खारिज न कर दे इसलिए दूसरे दिन भी धरने पर बैठना पड़ा। शाम तीन बजे के बाद सूची में दोनों प्रत्याशियों के नाम देखने के बाद ही धरना राष्ट्रीय सचिव ने धरना समाप्त करने की घोषणा की।

# जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को मनाई गई। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा भाजपा जय प्रकाश नारायण जैसे स्वतंत्रता सेनानी के लिए भी मन में दुर्भावना रखती है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपाई क्रांतिकारियों की जयंती पर लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित नहीं करने देते हैं। भाजपा के लोगों व भाजपा सरकार की सोच नकारात्मक है। पिछली बार की तरह समाजवादी लोगों को जय प्रकाश नारायण की जयंती पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करने से रोका गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू, लाखन सिंह सैनी, धर्मेंद्र यादव, दुर्गा शर्मा, वेद प्रकाश सैनी, नरेश शर्मा, आदित्य चौधरी, लुकमान खान, प्रेम बाबू वाल्मीकि, सुरेंद्र शर्मा,बदुद खान, मनोज यादव, गीता यादव, मो. महमूद, अब्दुल हसन, मो. इकबाल, मो. तहसीम, मोहित वर्मा, सौरभ, संजीव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।




जयप्रकाश नारायण के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा जिलाध्यक्ष जयवीर यादव व अन्य।

- **पार्टी के जिला कार्यालय पर सपाइयों ने मनाई जयंती**

### पूर्व नगर कार्यवाह की जान लेने की कोशिश में केस दर्ज

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर कार्यवाह के ऊपर ट्रक चढ़ा कर जान से मारने की कोशिश में पुलिस ने ट्रक चालक एवं क्लीनर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं।

बागड़पुर निवासी जयवर्धन सिंह गुरुवार की रात संघ का कार्य कर वापस घर लौट रहे थे। बागड़पुर अंडरपास के नीचे ट्रक चालक ने उनकी कार के ऊपर ट्रक चढ़ाकर जान लेने की कोशिश की। तहरीर में बताया कि जैसे ही मैं खिड़की पर चढ़ा क्लीनर भूरे पुत्र दिनेश पाल सिंह निवासी निरुद्दीन गंज थाना बिलारी ने ट्रक चालक शफीक पुत्र यूनुस निवासी ललवारा ट्रक को तेजी से भगाकर करीब 4 किलोमीटर तक डींगरपुर रोड पर ले गया। बाद में पुलिस ने ट्रक रुकवाया और पूर्व नगर कार्यवाह को सुरक्षित ट्रक से नीचे उतारा।

# शादी में कार और खाने में कोरमा बिरयानी न मिलने पर तोड़ा रिश्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नैनीताल निवासी मंगेतर ने दहेज में कार और शादी के खाने में कोरमा-बिरयानी न देने पर शादी करने से इंकार कर दिया। दुल्हन के पिता की तहरीर पर मूंढापांडे पुलिस ने आरोपी मंगेतर व उसके परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव सैजना निवासी शकील ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का रिश्ता उत्तराखंड के जनपद नैनीताल के हल्द्वानी थाना क्षेत्र के बारानी कालोनी बड़ा मझरा निवासी सगीर अहमद के साथ तय किया था। रिश्ता तय करते समय सगीर और उसके पिता शरीफ अहमद को सोने की अंगूठी, मां को अंगूठी, बाली, नाक के फूल, पेडिल समेत सोने-चांदी के गहनों के साथ 51 हजार 786 रुपये नकद दिए थे। निकाह के लिए 25 अक्टूबर की तारीख तय कर ली गई थी। बुलेट मोटर साइकिल के लिए दो लाख 70 हजार रुपये भी दे दिए। लेकिन, इन लोगों ने कार व शादी के खाने में कोरमा- बिरयानी, तंदूरी रोटी और जर्दा की नई शर्त रख दी। आरोप है कि डिमांड पूरी न होने पर मंगेतर और उसके परिवार वालों ने निकाह करने से साफ इंकार कर दिया ओर रिश्ता तोड़ लिया। युवती के पिता की तहरीर पर मंगेतर सगीर अहमद, उसके पिता शरीफ अहमद, मां बब्बो, भाई दानिश, बहन फरीन और मामा आलम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## यूपी बोर्ड

### परीक्षा केंद्रों के डीवीआर एवं स्ट्रांग रूम में नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य

# प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों में 10 कॉलेजों की होगी रैंडम चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 में होने वाली परीक्षाओं को लेकर इस बार माध्यमिक शिक्षा परिषद तैयारियों में लगा है। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा की शुचिता और विश्वसनीयता बनाए रखने एवं नकल रोकने पर जोर रहेगा। शिक्षा परिषद परीक्षा केंद्र निर्धारण में एक-एक बिंदुओं पर परीक्षा केंद्र बनने वाले प्रस्तावित विद्यालय की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर रहा है। निर्धारित परीक्षा केंद्रों में कम से कम 10 विद्यालयों में व्यवस्था की रैंडम चेकिंग होगी। इसका निर्देश शासन से शिक्षा निदेशक माध्यमिक को जारी हुए हैं।

चेकिंग करने वाली टीम में परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों के अपर सचिव और उप सचिव स्तरीय अधिकारी शामिल किए गए हैं। ये लोग अपने परिक्षेत्र के जिले में प्रस्तावित संबंधित परीक्षा केंद्रों पर पहुंचेंगे और देखेंगे कि विद्यालय ने शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर जो व्यवस्थाएं दर्शायी हैं, उनकी क्या स्थिति है। इन व्यवस्थाओं में जैसे सीसीटीवी कैमरा, वायस रिकॉर्डर, राउटर, डीवीआर, मॉनीटर, हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन आदि इंतजाम शामिल हैं। मॉनीटरिंग के लिए उपकरणों और डबल लॉक अलमारी को प्रधानाचार्य कक्ष से अलग कक्ष में स्थापित होने का भी सत्यापन करेंगे। निर्देश हैं कि विद्यालयों में डीवीआर व स्ट्रांग रूम में उच्च गुणवत्ता युक्त नाइट विजन सीसीटीवी कैमरा लगने चाहिए। शिक्षा परिषद ने डीआईओएस से प्रस्तावित परीक्षा केंद्र के सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर नाम, यूजर आइडी व पासवर्ड शिक्षा परिषद ने मांग लिए हैं। अर्थात उच्च शिक्षा अधिकारी जब जहां से चाहेंगे, किसी भी परीक्षा केंद्र पर चल रही गतिविधियों की जांच कर लेंगे। दूसरी तरफ, सचिव माध्यिक शिक्षा परिषद भगवती सिंह ने वर्ष-2024 की बोर्ड परीक्षा के निर्धारित केंद्रों में स्थापित सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, इंटरनेट बैंडविथ, यूपीएस बैकअप आदि से संबंधित सूचना भी डीआईओएस से मांगी हैं।

#### दो नवंबर तक फाइनल होंगे परीक्षा केंद्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि 15 अक्टूबर तक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड की गई संभावित परीक्षा केंद्रों की सूचनाओं का सत्यापन तहसील स्तरीय समिति कर लेगी। इसके बाद अपडेट कराई गई सूचनाओं के आधार पर चयनित परीक्षा केंद्र (विद्यालय छात्र आवंटन सहित) की सूची सार्वजनिक की जाएगी। फिर डीएम की अध्यक्षता में गठित जिला केंद्र निर्धारण समिति के परीक्षण के बाद परिषद की वेबसाइट पर 2 नवंबर तक अपलोड की जाएगी।

#### एसडीएम स्तर से सत्यापन बाकी

अपर जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में हर उस बिंदु का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिसके लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद से निर्देश जारी हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के संबंध में विवरण जुटा लिया गया है अब संबंधित तहसीलों के एसडीएम का सत्यापन शेष है। यह कार्य भी अगले चार-पांच दिनों में होना है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र निर्धारण में तहसील स्तरीय टीम में एसडीएम अध्यक्ष हैं, जबकि तहसीलदार, आरईएस के सहायक अभियंता और डीआईओएस स्तर से नामित राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सदस्य बनाए गए हैं।

- **अपर सचिव स्तर के अधिकारी प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों पर आकर करेंगे रैंडम जांच**

### 10.86 करोड़ से बनेगा संभल का आरटीओ कार्यालय

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संभल के संभागीय परिवहन विभाग के कार्यालय का निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता की लापरवाही से फंसा हुआ है। उन्हें निर्माण किए जाने वाली भूमि के बड़े हिस्से में मिट्टी भराव की रिपोर्ट अब से दो महीने पहले देनी थी।

इसके लिए अब संभागीय परिवहन अधिकारी संभाग मुरादाबाद राजेश सिंह ने संभल जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मिट्टी भराव के लिए अनुमति मांगी है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर के अंत तक निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। भवन के निर्माण कार्य के लिए शासन 10 करोड़ 86 लाख 66 हजार रुपये की धनराशि मंजूर कर दी है। संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि संभल के गांव किसौली में 28 बीघा जमीन में संभागीय परिवहन विभाग जिला संभल का कार्यालय बनाया जाएगा। जिसके निर्माण कार्य के लिए शासन ने 10 करोड़ 86 लाख 66 हजार की धनराशि आवंटित कर दी है।

# 1.14 करोड़ से स्थापित होंगे 6 स्वास्थ्य केंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले के अर्बन क्षेत्र में और छह आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने की अनुमति पिछले महीने शासन से मिली थी। अब इन स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना का काम शुरू किया जा रहा है। इनकी स्थापना के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने जिले को 1.14 करोड़ रुपये भी उपलब्ध करा दिए हैं। प्रत्येक केंद्र पर उपकरण एवं फर्नीचर के लिए दो लाख रुपये की दर से धनराशि मिली है।

डिप्टी सीएमओ संजीव बेलवाल ने बताया कि इन केंद्रों पर डेंगू, मलेरिया समेत 14 जांचें उपलब्ध होंगी। स्टाफ नर्स औषधि वितरण एवं डायग्नोस्टिक टेस्ट करेंगी। इसके लिए स्टाफ नर्स को विशेष प्रशिक्षण मिलेगा। ऑपरेशनल एक्सपेंसेस के लिए प्रत्येक केंद्र को 10,000 रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वेलनेस एक्टिविटी के लिए एक-एक लाख रुपये मिला है। 50,000 रुपये प्रति महीने भवन किराए पर खर्च होंगे। दो लाख रुपये से उपकरण एवं फर्नीचर खरीदे जाएंगे। प्रत्येक आरोग्य मंदिर की परिसर की अन्य व्यवस्थाओं के लिए 5,06,568 रुपये की दर से धनराशि मिली है। जांच उपकरण के लिए 23,000 रुपये मिले हैं।

यही नहीं, प्रत्येक आरोग्य मंदिर पर दवाओं के लिए 12 लाख रुपये का बजट स्वीकृत है। इनमें 80 प्रतिशत दवाएं उप्र मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन से ली जाएंगी। शेष 20 प्रतिशत औषधि के लिए 2.40 लाख रुपये अलग से बजट दिया गया है। डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए प्रत्येक केंद्र को 2,52,980 रुपये दिए गए हैं। प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक को 75,000 रुपये मिले हैं। वेलनेस एक्टिविटी के लिए 1-1 लाख रुपये मिले हैं। इस तरह जिले में स्थापित होने वाले नए छह आरोग्य मंदिरों के लिए के लिए जिला स्वास्थ्य समिति को 1,13,79,036 रुपये मिले हैं।

## तैयारी

- **स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले रोगियों को मिलेगी डेंगू, मलेरिया समेत 14 जांच की सुविधा**

#### आईईसी गतिविधियों के लिए मिले 36.11 लाख

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उपकेंद्र स्तरीय आयुष्मान मंदिरों को सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों के लिए 36.11 लाख रुपये मिले हैं। पिछले साल एएनएम स्तरीय 272 केंद्र खोले गए थे। प्रत्येक केंद्र को 10,500 रुपये की धनराशि मिली है। इस तरह इन केद्रों को कुल 28.56 लाख रुपये मिले हैं। इनके अलावा वह केंद्र जो चालू वर्ष में खोले गए हैं, ऐसे 29 उपकेंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को कुल 6,58,822 रुपये मिले हैं। पिछले साल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तरीय दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुले थे। इन्हें 97,050 रुपये मिले हैं।

## एक नजर

### घायल सांड का कराया गया उपचार

**कांठ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक द्वारा एक घायल सांड का अधिकारियों से वार्ता कर उपचार कराया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गौसेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास को फोन पर अंकित बिश्नोई द्वारा सूचना मिली कि मोनी वाले मंदिर के पास एक काले रंग के सांड के पैर में काफी चोट लगी है। लगातार खून बह रहा है। विकास शर्मा जिला संयोजक द्वारा तत्काल पशु चिकित्साधिकारी से वार्ता कर सांड के उपचार का अनुरोध किया गया। पशुपालन विभाग से डॉ0 त्रिदेव द्वारा मोहल्ले वासियों की मदद से सांड को पकड़वाकर उसका उपचार कराया गया।

### मां बेटी से मारपीट के मामले में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रास्ते में गंदा पानी भरने को मना करने पर मां बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेज कर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर खालसा निवासी मूर्ति देवी पत्नी विजयपाल सिंह एवं गांव के ही जसवंत पुत्र लाल सिंह में पानी की निकासी को लेकर विवाद हो गया। जसवंत गाली गलौंच करने लगा। महिला ने गाली देने को मना किया तो जसवंत, ब्रह्मवती, राजेश्वरी, अमन सिंह चारों ने मूर्ति देवी एवं उसकी पुत्री पिंकी को गंदी-गंदी गाली दी और मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में उसकी नाक की नोज पिन और कुंडल भी कहीं गिर गए। महिला की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### चंद्रावली छलन दान लीला देख भावविभोर हुए दर्शक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के रामलीला मैदान में श्री कृष्ण लीला मंचन के दौरान मथुरा वृंदावन से आये श्री राधा रसिक बिहारी मंडल के कलाकारो ने चंद्रावली छलन दान लीला का मनोहर मंचन किया। नगर के रामलीला मैदान में चल रही रासलीला के दौरान कलाकारों ने चंद्रावली छलन दान लीला का मंचन किया। भगवान श्रीकृष्ण के साथ रहने वाले ग्वाल वाल बरसाना के जंगल में गाय चराने के दौरान भूख लगने पर निकट के गांव रिठौरा निवासी गोपी चंद्रावली के यहां पहुंचकर माखन और मिश्री का दान मांगते है। कार्यक्रम में रासलीला समिति के प्रबंधक अवनीश शर्मा, दिनेश पूठिया, रवि जौहरी, शरद पूठिया, गौरव चौहान, आयुश शर्मा, लवकेश गौड़ आदि लोग मौजूद थे।

### नवचंडी महायज्ञ में आहुतियां देकर क्षेत्र में खुशहाली और तरक्की की कामना की

# नवरात्रि में सच्ची भक्ति से प्रसन्न होती हैं माता

संवाददाता, बिलारी


नवचंडी महायज्ञ में आहुतियां देते यजमान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र पर सहसपुर हाईवे किनारे स्थित श्री रामकली आश्रम मंदिर में महागौरी अष्टमी एवं रामनवमी पर महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने घरों एवं मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। महिलाओं ने सुबह उठकर घरों में साफ सफाई कर माता रानी का पूजन किया।

शुक्रवार को नगर के मंदिर गमा देवता, शिव मंदिर झंडा चौक, बच्चा बाग शिव मंदिर, रेलवे फाटक स्थित प्राचीन शिव मंदिर, धीमरो वाला शिव मंदिर, पौडा खेड़ा मंदिर के अलावा अमरपुर काशी, हम्जापुर विजयपुर, आरी खेड़ा, खाता, करसरा, खानपुर, हाजीपुर, पिपली, फतेहपुर में भी महिलाओं ने मंदिरों में जाकर माता रानी की पूजा अर्चना की। नवचंडी महायज्ञ में यजमानों द्वारा विशेष पूजा अर्चना के बाद हवन में आहुतियां दी। पंडित निसंदेह दीक्षित आश्रम के अध्यक्ष पंडित राघवेंद्र शास्त्री ने हवन यज्ञ में आहुतियां दी। मुख्य यजमान के रूप में अजय सक्सेना, स्वाती सक्सैना, डॉ0 अमरीश शर्मा, सपना शर्मा, राजेंद्र सिंह, शशि वाला, सुरेंद्र सिंह, रेनू सिंह रहे। हवन यज्ञ में सेवा भारती के जिला अध्यक्ष प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा, पंडित मोहनलाल शर्मा आदि में सहयोग किया। **अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने जिमाई कन्याएं : बिलारी :** शारदीय नवरात्र के अष्टमी पर महिलाओं ने घरों में पूजा अर्चना के बाद कन्या पूजन किया गया। जिसके बाद उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया और बाद में उपहार भेंट किया।

### चामुंडा देवी स्थान पर किया यज्ञ का आयोजन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शुक्रवार को चामुंडा देवी थान कुंदरकी पर नवरात्री के दिन नवदुर्गा माता रानी की पूजा की गई। नोवें यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें आरती और भजन प्रस्तुत किए गए। साथ भक्तगणों के द्वारा यज्ञ मे आहुतियाँ दी गई। माता रानी की पूजा अर्चना की गई। आरती और भजन सुनकर भक्तगण झूमने पर मजबूर हो गए। इस दौरान मुख्य रूप से श्योरज सिंह, सूरजपाल सिंह, पप्पू राजपूत, अजय बाल्मीकि, रवि, राजीव अग्रवाल, मुकेश आर्य विनोद पुजारी, देव सिंह, जय गोपाल आर्य, जगत दीवाकर, धर्मपाल दिवाकर टीनू, श्रीमति माया राजपूत, श्रीमति नीलम कुमारी, राखी अजय, आदि ने यज्ञ मे आहुतियाँ दीं।

### श्रद्धालुओं ने की मां सिद्धिदात्री की आराधना कन्याओं को जिमाया

**कांठ, अमृत विचार :** नवरात्री के पावन नवें दिन श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने नौमी पूजन, कन्या पूजन के बाद अपना व्रत खोला। देवी मंदिरों पर भजन कीर्तन कर धर्म लाभ उठाया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं दान दक्षिणा देकर प्रसाद ग्रहण कराकर विदा किया और उनसे सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

शुक्रवार को नवरात्र के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से घरों और मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। नगर में काली मंदिर, प्राचीन मोनी मंदिर, माहेश्वरी मंदिर, बाल्मीकि मंदिर, पट्टीवाला, राधा कृष्ण मंदिर, बिशनपुरा स्थित शिव मंदिर, संत रविदास मंदिर, चामुंडा मंदिर, आदि मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर प्रसाद चढ़ाया। साथ ही चामुंडा स्थलों पर यज्ञ में आहुतियां दी गईं।

# 108 कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली

## श्रद्धालुओं ने मकानों की छतों से पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर में दुर्गा अष्टमी पर 108 कलश यात्रा के साथ माता वैष्णो देवी की भव्य शोभा यात्रा सिविल झांकियां में बैंड बाजे गाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा का श्रद्धालुओं ने मकानों की छतों से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। धार्मिक नारेबाजी से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया ।


ठाकुरद्वारा में कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार


ठाकुरद्वारा में माता वैष्णो देवी की भव्य शोभा यात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

शुक्रवार को 108 कलश यात्रा के साथ मां वैष्णों देवी पालकी की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। पूजा अर्चना के बाद भाजपा के पूर्व प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने माता वैष्णो देवी की पालकी उठाकर किया। माता वैष्णो देवी की पालकी के साथ महंत मनीषा शर्मा व अन्य श्रद्धालु माता वैष्णो देवी की जय जय कार करते चल रहे थे। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर थिरकते हुए भजन कीर्तन करते चल रहे थे । शोभायात्रा का शुभारंभ बाजार गंज से हुआ। शोभा यात्रा में सबसे आगे दुर्गा के नौ स्वरूप की दर्शाती झांकियां पीछे पीले वस्त्र धारण कर सर पर जल का कलश रख माता वैष्णो देवी का भजन कीर्तन करती चल रही थी।

बैंड बाजे ढोल नगाड़ों मजिरों के साथ शंखनाद की धुनों पर माता दुर्गा माता वैष्णो देवी, शिव पार्वती, पवनसुत हनुमान, राधा कृष्ण, भारत माता, राम सीता, की विभिन्न झांकियों से सुशोभित शोभा यात्रा आकर्षण का केंद्र बनी रही। माता वैष्णो देवी पालकी शोभा यात्रा देखने के लिए ठाकुरद्वारा क्षेत्र का अपार जनसमूह दोपहर दो बजे के बाद से ही आना शुरू हो गया था। यात्रा बाजार गंज से होते हुए छिद्द चोराहा, पुरानी घासमंडी, शगुन चोराहा , आर्य समाज मंदिर, बुध बाजार, कोतवाली से होते हुए बड़ा बाजार, रामलीला मैदान, छः राहा सहित अन्य विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस देर रात्री बाज़ार गंज पहुंची। जहां पर पूजा अर्चना के बाद महा आरती का आयोजन किया गया। महा आरती में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी शहर कुशल शोभा यात्रा निकालने पर राहत महसूस की। शोभा यात्रा के प्रबंधक रोहित भारद्वाज उर्फ मोंटी, संजीव चौहान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल, संतोष चौहान, रवि चौहान, विपिन जिंदल, प्रखर आर्य, शिवम कुमार, गौरव चौहान, कुशाग्र सिंगल, हर्ष अग्रवाल, अनुराग सिंगल, राकेश सक्सेना, पवन पुष्पद आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।


पार्वती, भोलेनाथ का अभिनय करते कलाकार।

# राम रावण के युद्ध का सफल मंचन, आज होगा रावण दहन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** शुक्रवार की रात्रि रामलीला रंगमंच पर राम और रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन किया गया। आज दशहरा मेला स्थल पर धूमधाम के साथ रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।


पौडा खेड़ा में रामलीला मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

शुक्रवार की रात्रि रामलीला रंगमंच पर केसर जहां कयामुद्दीन इंटर कॉलेज के प्रबंधक अशोक कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। रामलीला मंचन में रावण द्वारा अपने भाई अहिरावण को पाताल लोक से बुलवाकर पूरी स्थिति से अवगत कराया गया। अहिरावण शक्तिशाली एवं तंत्र विद्या के ज्ञाता थे। इसलिए उन्होंने रावण को सांत्वना देते हुए कहा कि हम दोनों तपस्वी राम एवं लक्ष्मण को पाताल लोक ले जाकर मां काली के समक्ष बलि देंगे। इसके उपरांत अहिरावण द्वारा भगवान राम एवं लक्ष्मण को तंत्र विद्या के माध्यम से पाताल लोक ले जाकर मां काली के समक्ष बलि देने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान हनुमान जी द्वारा सूक्ष्म रूप में पाताल लोक पहुंचकर अहिरावण को अनुष्ठान में व्यवधान उत्पन्न कर राम एवं लक्ष्मण को पाताल लोक से बाहर लाया गया। जिसके बाद श्रीराम द्वारा अहिरावण का वध किया गया। इसके उपरांत रावण युद्ध भूमि में पहुंचता है। भगवान श्री राम के साथ भीषण युद्ध होता है। आज दशहरा मेला स्थल पर ही श्री राम एवं रावण के मध्य भीषण युद्ध होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुँवर सुरेन्द सिंह विश्नोई, प्रधानाचार्य मदन सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, राधेश्याम भुईयार, बीनू चौहान, सचिन कुमार, निपेंद्र चौहान, हरपाल सिंह चौहान, शनि कश्यप, ब्रह्मपाल सिंह, नीरज कुमार चौहान, प्रदीप कुमार चौहान, आकाश प्रभाकर, शिशुपाल चौहान, गौरव कुमार चौहान, दानवीर सिंह, चौहान आदि उपस्थित रहे।

### सुग्रीव को बनाया किष्किंधा का महाराज

**बिलारी , अमृत विचार :** नगर के मंदिर पौडा खेड़ा में सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वाधान में मुरादाबाद के सूर्यवंश कला मंच के कलाकारों द्वारा रामलीला का सुंदर मंचन किया जा रहा है। कलाकारों द्वारा भगवान श्री राम और लक्ष्मण की हनुमान से भेंट होना। हनुमान द्वारा श्री राम और लक्ष्मण की महाराज सुग्रीव से मित्रता कराई। इसके बाद सुग्रीव प्रभु श्री राम से अपना दुख प्रकट करते हैं कि किस प्रकार उसके बड़े भाई बाली ने उसे राज्य से निकाल दिया है और उसके साथ अन्याय किया है। यह सुनकर श्री राम सुग्रीव को बाली से युद्ध करने की चुनौती देने को कहते हैं। तब सुग्रीव बाली को युद्ध के लिए ललकारता है और दोनों में युद्ध होता है। जिसके बाद श्री राम बाली का वध कर देते हैं और सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बना दिया जाता है।

# फर्जी तरीके से अस्पताल चलाने वाले दो चिकित्सकों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी की तहरीर के आधार पर थाना कांठ पुलिस ने फर्जी तरीके से अस्पताल चलाने के मामले में दो अस्पताल संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ठाकुरद्वारा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजपाल सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ उर्मिला अस्पताल ऊमरी चौराहे पर शिकायत के आधार पर गत सात अक्टूबर को छापा मारा था। अस्पताल का पंजीकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में न होने और चिकित्सकों की डिग्री न मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारियों की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया था। चिकित्सालय का कोई पंजीकृत प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ।

किसी भी कर्मचारी के पास कोई डिग्री उपलब्ध नहीं थी। एवं ना ही कोई भी प्रशिक्षित स्टाफ था। नोडल अधिकारी की तहरीर के आधार पर उर्मिला पत्नी कपिल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। 7 अक्टूबर को ही कांठ में आर्य हेल्थ केयर अस्पताल पर छापामार संचालक डॉक्टर राहुल आर्य बीएएमएस बेंगलुरु द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान कोई भी पंजीकृत प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ। प्रशिक्षित स्टाफ न मिलने और ओटी संचालित थी, एक्स-रे मशीन भी उपलब्ध थी। उनके खिलाफ भी अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

आयोजन | नगर के मुख्य मार्ग पर पूर्व वर्षों की भांति निकाला पथ संचलन

# संघ के कार्यकर्ताओं ने किया पथ संचलन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने निर्धारित मार्गो पर पथ संचलन किया । इस दौरान लोगों ने अक्षत चंदन से तिलककर स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।


ठाकुरद्वारा में आरएसएस के कार्यकर्ता पथ संचालन करते हुए। ● अमृत विचार

शुक्रवार को रमनावाला रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर जिले से लेकर जनपद स्तर के आरएसएस के स्वयं सेवक विद्यालय परिसर में एकत्र हुए। ध्वज शिष्टाचार के बाद बाध्य यंत्रों की धुन पर शंखनाद करके नगर के मुख्य मार्ग पर पूर्व वर्षों की भांति पथ संचलन किया गया। पथ संचलन के आगे और पीछे वाद्य यंत्रों की धुन के साथ गणवेश धारी स्वयंसेवक कतार वध तरीके से कदमताल के साथ गणेश धारण कर भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला पूर्व मंत्री डा0 आफताब हाशमी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली के निकट गणवेश धारी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पथ सचलन होली का मंदिर से खारी कुआं, बड़ा बाजार, खाकेश्वरमंदिर, श्री राम दुर्गा मंदिर, कोतवाली रोड, बुध बाजार, से होता हुआ बाजार गंज, मोहल्ला बंजारन, बाल्मीकि बस्ती जाटवान, काशीपुर चुंगी, से रामलीला मैदान रोड, मोहल्ला जमुना वाला होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे। पथ संचलन में जिला विभाग प्रचारक बृजमोहन, तहसील प्रचारक शिवांशु, जिला कार्यकारिणी सदस्य जयपाल सिंह, कपिल कुमार, पूर्व प्रचारक पंकज, व्यवस्थापक प्रचारक मोदी अग्रवाल, शहर प्रचारक सुनील कुमार पुठिया, ठाकुर अजय प्रताप सिंह, प्रमुख पति डॉक्टर वीर सिंह सैनी, पवन पुष्पद, आशुतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# एक साथ उठीं पिता-पुत्र की अर्थी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- बीमारी के चलते दोनों को अलग-अलग अस्पतालों में कराया गया था भर्ती
- गांव ही नहीं आसपास के लोगों ने भी पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की

**अमृत विचार :** टांडा अफजल की प्रधान पति और पुत्र का आकस्मिक निधन हो गया। दोनों को बीमारी के चलते अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। एक ही दिन दोनों की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार में गांव ही नहीं आसपास के लोगों ने भी पहुंचकर शोकसंवेदना व्यक्त की।

तहसील के बार्डर स्थित ग्राम टांडा अफजल में ग्राम प्रधान किरन देवी के पुत्र लवी प्रशांत चौहान की 16 सितंबर को तबीयत बिगड़ गई थी। उसको पहले उत्तराखंड के जसपुर फिर काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजनों ने दिल्ली के यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर लवी का उपचार चल रहा था। इस बीच विगत मंगलवार को अचानक प्रधान पति योगेंद्र पाल सिंह की भी तबीयत बिगड़ गई। उनको परिजनों ने काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बृहस्पतिवार को योगेंद्र पाल सिंह के बड़े भाई शिक्षक सुरेंद्र पाल सिंह भतीजे की हाल जानने दिल्ली स्थित अस्पताल गए थे।

जहां पर शुक्रवार की तड़के करीब पांच बजे लवी चौहान की मृत्यू हो गई। पुत्र की मौत के करीब पंद्रह मिनट बाद काशीपुर के अस्पताल में भर्ती योगेंद्र पाल सिंह ने भी दम तोड़ दिया। शुक्रवार को लगभग 11 बजे योगेंद्र पाल सिंह का शव घर पहुंचा। उसके ढाई घंटे बाद दिल्ली से लवी चौहान का भी शव पहुंच गया। पिता-पुत्र के शव गांव पहुंचे तो पूरे गांव में कोहराम मच गया। लवी चौहान अकेला पुत्र था। दोनों बहनें सोनम और हिमांशी के साथ मां किरन देवी बेहोश होकर गिर गईं। रिश्तेदारों के साथ आसपास गांव के लोग भी शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। दोपहर बाद दोनों के शवों का गांव के बाहर खेत पर अंतिम संस्कार किया गया। योगेंद्र पाल सिंह गांव में रहकर खेतीबाड़ी करते थे। उनके बड़े भाई सुरेंद्र पाल सिंह सहारनपुर में सरकारी शिक्षक हैं। योगेंद्रपाल सिंह की पत्नी किरनदेवी 2021 में ग्राम प्रधान बनी थी। उन्होंने बताया कि पहले लवी चौहान की अचानक तबीयत बिगड़ी थी। उसकी जांच में फेफड़ों में संक्रमण आया था। विगत मंगलवार को योगेंद्र पाल सिंह की भी हालत बिगड़ गई थी। चिकित्सकों ने जांच में उनको भी फेंफड़ों में संक्रमण बताया है। अंतिम संस्कार में भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह समेत काफी संख्या लोग पहुंचे।

## सार संक्षेप

### नवमी पर श्रद्धालुओं ने कन्याओं को जिमाया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नवरात्री के पावन नवें दिन श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने नौमी पूजन, कन्या पूजन के बाद अपना व्रत खोला। देवी मंदिरों पर भजन कीर्तन किया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को समर्थ अनुसार दान दक्षिणा देकर प्रसाद ग्रहण कराकर विदा किया और उनसे सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। शुक्रवार को नवरात्र के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से घरों और मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। घरों पर श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहूतियां दीं। देहात क्षेत्र के गांव राघूवाला, मैसूवाला, रामनगर खागूवाला, मानावाला, शरीफनगर, सुरजननगर, मुनीमपुर, कुंआखेड़ा, पानूवाला, गोपीवाला, निर्मलपुर, पीलकपुर गुमानी आदि गांव में स्थित माता के मंदिरों पर महिलाओं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर विधि विधान से श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की।


मेला स्थल पर दुकान लगाते लोग। ● अमृत विचार

### आज निकाली जाएगी विजयदशमी शोभायात्रा

**कांठ, अमृत विचार :** श्री रामलीला मंचन समिति के तत्वाधान में शनिवार को नगर व क्षेत्र में विजयदशमी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। जिसकी सभी तैयारियों को आयोजकों द्वारा पूरा कर लिया गया है। दशहरा मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को नगर व क्षेत्र में विजयदशमी (दशहरा) का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। चेतरामपुर मार्ग स्थित दशहरा स्थल की साफ सफाई का कार्य भी पूरा हो चुका है। मेला स्थल पर दुकानें लगनी शुरू हो गईं है। शुक्रवार की शाम समिति के वरिष्ठ सदस्य कुँवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई और वरिष्ठ सदस्य मुकेश माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से बताया कि पुलिस की कड़ी सुरक्षा के साथ शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर दशहरा मेला स्थल पर पहुंचेगी।

### विजयदशमी पर दो सेक्टरों में बांटा तहसील क्षेत्र

**कांठ, अमृत विचार :** विजयदशमी के त्योहार की पूरी तैयारियां हो गईं हैं। मेलों और जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एसडीएम कांठ प्रिंस वर्मा ने कांठ तहसील क्षेत्र को दो सेक्टरों में विभाजित कर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। एसडीएम प्रिंस वर्मा ने कांठ क्षेत्र के लिए तहसीलदार आनंद कुमार नायक और नायब तहसीलदार योगेश चंद शर्मा को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी के साथ छजलैट क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार लोकेश कुमार और खंड विकास अधिकारी छजलैट गिरीश पंत को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी हैं। इसी के साथ संबंधित क्षेत्र के लेखपालों को भी त्यौहार पर शांति व्यवस्था में सहयोग करने के निर्देश दिए गए गए हैं। एसडीएम ने थाना अध्यक्षों से संपर्क में स्थापित कर क्षेत्र में त्योहार पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कहा है।

### आज मनाया जाएगा विजयदशमी का त्योहार

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में बहुत ही धूमधाम से विजयदशमी का त्यौहार मनाया जाता है। जिसमें सभी भक्तगण हवन पूजन करात हैं। सभी श्रद्धालु विजयदशमी का त्योहार बहुत धूमधाम से मनाते हैं। जिसमें असत्य पर सत्य की विजय होने पर हवन में शस्त्रों की पूजा की जाती है। प्राचीन समय में परिवार के सभी सदस्य एक साथ मिलकर शस्त्रों की पूजा किया करते थे। नए वस्त्र धारण करते थे लेकिन समय का परिवर्तन होने के साथ-साथ परिवारों में प्रेम कम होने से अलग-अलग प्रकार से पूजा आदि करते हैं। लेकिन पुरुषोत्तम श्री राम की जीवन गाथा का वर्णन रामलीला के माध्यम से किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालु रामलीला रंगमंच पर पहुंचकर पुरुषोत्तम श्री राम की जीवन गाथा को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुनते हैं।

### नगर पलिका टीम ने दशहरा स्थल की सफाई की

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी और अधिशासी अधिकारी ललित आर्य के आदेश पर नगर पालिका सफाई कर्मियों ने दशहरा स्थल में विशेष सफाई अभियान चलाया। इसमें सड़क से लेकर रावण दहन स्थल की सफाई की। आसपास कूड़ा कचरा और प्लास्टिक को बीनकर एक तरफ एकत्र किया। जहां उबड़ खाबड़ भूमि थी, उसको जेसीबी से समतल किया गया। दशहरा स्थल के रास्तों को भी दुरुस्त किया गया। सफाई अभियान में सफाई प्रभारी चंचल कुमार, सफाई नायक राकेश कुमार, महेश, उमेश, विष्णू, राजकुमार, नन्द किशोर, विजेंद्र सिंह, शक्ति सिंह, अंकित कुमार, फाईम, परवेज आदि थे।

### कांठ में रावण का 35 फीट ऊंचा पुतला बनकर तैयार

**कांठ, अमृत विचार :** विजयदशमी के त्योहार पर परंपरागत ढंग से रावण के पुतले का दहन किए जाने के लिए मेला आयोजकों के द्वारा लंका नरेश का 35 फिट ऊंचा पुतला बनकर तैयार हो गया है। आज यह रावण का पुतला दशहरा पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा के घेरे में रहेगा। कांठ नगर में प्रशासन द्वारा गठित अस्थाई श्री रामलीला मंचन समिति के द्वारा प्रतिवर्ष विजयदशमी के अवसर पर दशहरा मेले का आयोजन कराया जाता है। इस मेले में श्री राम रावण युद्ध का सुंदर मंचन भी किया जाता है। इस बार भी 12 अक्टूबर दिन शनिवार को मेले का आयोजन किया जा रहा है। कारीगर ने रावण का 35 फीट ऊंचा पुतला बनाकर तैयार कर दिया है। इस पुतले में तेज धमाके वाले आतिशबाजी के साथ अच्छी लकड़ियां भी लगाई जा रही हैं। यह 35 फिट ऊंचा रावण का पुतला आज पुलिस की कड़ी सुरक्षा के घेरे में रहेगा।

### हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना भगतपुर क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज के प्रबंधक को जान से मारने की नियत से हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की। मान्यता प्राप्त पूर्व माध्यमिक विद्यालय संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राही के नेतृत्व में भगतपुर क्षेत्र के शिक्षकों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। शिकायती पत्र में कहा कि 4 अक्टूबर को जनता इंटर कॉलेज महेशपुर खेम के प्रबंध समरपाल सिंह अन्य शिक्षकों के साथ विद्यालय के बच्चों को सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान बड़े भाई अमरपाल कर्मवीर सिंह पुत्र रामकुमार सिंह विवेक पुत्र धर्मवीर सिंह ममता देवी पत्नी अमरपाल लाठी डंडे और चाकू लेकर आ गए। जान से मारने की नीयत से सैंपल सिंह के सिर पर बार कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान प्रदर्शन में महेश यादव, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, मोहम्मद इकबालईद, अल रशीद, सद्दाम हुसैन, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र सिंह सहित आदि शिक्षक मौजूद रहे ।

### अवैध रूप से चल रहे तीन क्लीनिक टीम ने किए सील

**कांठ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अवैध रुप से चल रहे तीन क्लीनिकों पर छापा मारकर सील कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने शिकायत के आधार पर छापा मार कर तीन और अस्पतालों को क्रियाशील झोलाछाप डॉक्टरों में मचा हड़कंप मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर एवं शिकायतों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा छापामार अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह ने शिकायत के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को साथ लेकर गुरुवार की देर शाम मोहल्ला विशनपुरा स्थित बंगाली नाम से प्रसिद्ध चिकित्सक के क्लीनिक पर छापा मारा जहां कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाए गये। वहीं दूसरी ओर ऊमरी कलां चौराहे पर ए के विश्वास के क्लीनिक पर छापा मारा। इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम फत्तेहपुर बिश्नोई में नेत्रपाल नाम का चिकित्सक फर्जी अस्पताल चला रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जब उस पर छापा मारा तो अस्पताल में कोई डिग्री धारक डॉक्टर नहीं मिला। गंभीर लापरवाही और जनमानस के साथ खिलवाड़ मानते हुए तीनों क्लीनिकों को सील कर दिया है। थाना पुलिस को अभियोग पंजीकृत करने के लिए तहरीर दी है।

### सुनवाई न होने पर सीएम को भेजा शिकायती पत्र

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर में गढ़ीनेगी वार्ड-15 निवासी सरस्वती पत्नी चरन सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजा है। इसमें कहा कि रवि कुमार पुत्र छोटे सिंह निवासी ग्राम सुंदरनगर भूतखेड़ा तहसील ठाकुरद्वारा ने 16 फरवरी 2022 को उपनिबंधक कार्यालय सदर प्रथम मुरादाबाद में स्वयं का धनगर जाति का दर्शाकर बयनामा पंजीकृत करवा लिया है, जबकि रवि कुमार पुत्र छोटे सिंह की पैतृक जाति गडरिया है। जोकि पिछड़ी जाति ओबीसी के अंतर्गत आती है। रवि कुमार के भाई रोहिताश व हरिराज सिंह भी सुंदरनगर भूतखेड़ा में रहते हैं। उसने 7 सितंबर 2024 को संपूर्ण समाधान दिवस में रवि कुमार, रोहिताश, हरिराज पुत्रगण छोटे की जाति तस्दीक कराने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। अधिकारियों ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके बाद उसने दोबारा संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की है। सरस्वती देवी ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनाए जाने पर लेखपाल व अन्य लिप्त लोगों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर जाति प्रमाण पत्र जांच कराने की मांग की है।

दशहरा, धनतेरस, दीपावली एवं भईया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
मुनीश टैक्सटाईल्स एजेन्सी
मो. 9997829398
हमारे यहां सूटिंग शर्टिंग, शेरवानी, कोट पैन्ट, साड़ी एवं सूट लहंगा उचित दाम पर मिलता है।
मुनीश क्लाथ हाउस
मो. 9219162389
Rs. 2000/- लंच बॉक्स
Rs. 3000/- चाय केतली मिल्टन
Rs. 5000/- कम्बल सिंगल बेड
खरीद पर पायें निश्चित उपहार
स्कीम 11 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक
रॉयल होटल एंड रेस्टोरेन्ट
रेलवे स्टेशन रोड सिविल लाइन्स रामपुर
हमारे यहाँ किटटी पार्टी, बर्थडे, ऐंगेजमेन्ट करायी जाती है और हमारे यहाँ खाने की उचित व्यवस्था है और हमारे यहाँ स्पेशल थाली 100/- रू. तथा सादा थाली 80/- रू. है।

मुनीश गुप्ता

नीलेश गुप्ता

## एक नजर

### वृद्ध ने बहू-बेटे से जताया जान को खतरा, पुलिस को दी तहरीर

**मसवासी, अमृत विचार :** महिला ने अपने बेटे और बहू से जान का खतरा बताते हुए मसवासी चौकी में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चौकी क्षेत्र के बिजारखाता गांव निवासी अनीस अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बीते दिनों वह घर पर नहीं थे। तब उनके बेटे यासीन की पत्नी नूरसबा का अपनी सास शहाना बी से विवाद हो गया था। बहू नूरसबा ने अपनी सास को बुरी तरह पीटा था इसके चलते शहाना बी बेहोश भी हो गईं थीं। घर लौटने पर अनीस अहमद ने अपने बेटे मोहम्मद यासीन और उसकी पत्नी नूरसबा को उनके गलत व्यवहार के चलते अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया था। आरोप है कि मोहम्मद यासीन और उसकी पत्नी नूरसबा जबरन घर में घुसकर रहने को आमादा हैं। अनीस अहमद ने बेटे मोहम्मद यासीन और उसकी पत्नी नूरसबा से स्वयं को और अपनी पत्नी की जान को खतरा जताया है। तहरीर में कहा है कि जायदाद के कारण बहू-बेटे उनकी हत्या भी कर सकते हैं।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली में घुसी बाइक, युवक की मौत

## ग्राम शिकारगाह के पास हादसा, मृतक के दो साथियों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

- रामलीला देकर रात 11 बजे अपने गांव जा रहे थे बाइक सवार तीनों युवक

संवाददाता, टांडा


आकाश (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** क्षेत्र के टांडा-लालपुर मार्ग पर ग्राम शिकारगाह के पास गुरुवार की रात तेज रफ्तार बुलेट बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली में घुस गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक बुलेट पर सवार होकर नगर से रामलीला देखकर रात 11 बजे अपने गांव जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि, दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक का शव घर पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया।


आकाश की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

### 10 माह पूर्व ही हुई थी आकाश की शादी

हादसे में जान गंवाने वाला आकाश 4 भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। वह नगर स्थित एक निजी चिकित्सक के क्लीनिक पर काम करता था। उसकी 10 माह पूर्व ही शादी हुई थी। उसकी पत्नी कविता गर्भवती है। शुक्रवार को देर शाम तक उसके घर लोगों का तांता लगा रहा।

क्षेत्र के ग्राम तार का मझरा निवासी आकाश, शिवम व राज गुरुवार की रात करीब 11 बजे नगर से रामलीला देखकर बुलेट पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। ग्राम शिकारगाह के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली में जा घुसी। हादसे में बुलेट चला रहे आकाश (25) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि शिवम (16) व राज (15) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची तीनों को सीएचसी ले गई। जहां चिकित्सकों ने आकाश को देखते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर मृतक व घायलों के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद आकाश का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।

### शाहबाद में पिकअप की टक्कर से टूटकर ई-रिक्शा पर गिरा बिजली का खंभा, चालक की मौत


निसार (फाइल फोटो)

**शाहबाद, अमृत विचार :** जयतौली मार्ग पर पिकअप अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई। इससे खंभा टूटकर पास खड़े ई-रिक्शा पर गिर गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। गुरुवार देर शाम जयतौली मार्ग पर पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े खंभे से टकरा गई। जिससे खंभा टूटकर सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा पर गिर गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक मोहल्ला हकीमान निवासी निसार (34) गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सार संक्षेप

### हामिद गेट के पास देर शाम किया लंका दहन का मंचन

**रामपुर, अमृत विचार :** बन्नू बिरादरी दशहरा कमेटी की ओर से गुरुवार की रात हामिद गेट के पास लंका दहन किया गया। कार्यक्रम में रंग-बिरंगी आतिशबाजी भी छोड़ी गई। मुख्य अतिथि सर्राफा व्यापारी सरदार तरनजीत सिंह ग्रोवर ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने बिरादरी के होनहार बच्चों को पुरस्कृत किया। लंका दहन कार्यक्रम में अशोक वाटिका, श्रीराम लक्ष्मण आदि की विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में ढोल एवं डीजे पर नृत्य कर लोगों ने लंका दहन कार्यक्रम का आनंद लिया। अंत में हनुमान ने अपनी पूंछ में लगी आग से रावण की सोने की लंका को जलाकर राख कर दिया। कार्यक्रम में जुगेश अरोड़ा, संजय नरूला, वेद प्रकाश आहूजा, राजीव भाटिया, कपिल कोहली, राजेश भाटिया, सभासद सुमित अरोड़ा, रिंकू भाटिया, रमेश नरूला, महेंद्र पाल सिंह, मन्नू सरदार,ओम प्रकाश भाटिया, जीतू नरुला, नवीन नरूला, विजय गरौटी, ललित, दिनेश अरोड़ा आदि शामिल रहे।

### बेसिक स्कूलों के बच्चों ने भी लहराया परचम


इलमा।


मुशर्रफा।

**रामपुर, अमृत विचार :** 73वीं जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन 9 और 10 अक्टूबर को महात्मा गांधी स्टेडियम में हुआ। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर ठेका बिलासपुर की इलमा व मुशर्रफा ने अंडर-14 बालिका वर्ग में प्रतिभाग किया था। इलमा ने 100 व 200 मीटर तथा डिस्कस में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए व्यक्तिगत चैंपियनशिप अपने नाम की। वहीं मुशर्रफा ने शॉट पुट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षक नितिन राजपूत ने बताया कि अब यह दोनों विजेता 17, 18 व 19 अक्टूबर को होने वाली मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे।


फीता काटकर रावण दहन कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक आकाश सक्सेना।

### बाल युवा क्लब ने किया रावण दहन

**रामपुर, अमृत विचार :** बाल युवा क्लब की ओर से रावण दहन किया गया। इससे पहले शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान आतिशबाजी भी छोड़ी गई। मुख्य अतिथि नगर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि समाज को एकजुट रहना चाहिए। मोहल्ला पुराना गंज में बाल युवा क्लब की ओर से 38वां रावण दहन समारोह हुआ। इससे पहले मुख्य अतिथि ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। समारोह में रावण दहन स्थल का उद्घाटन समाजसेवी पूरन लाल प्रजापति ने किया। समारोह में प्रकाश गुप्ता, रविंद्र कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, गौरव अग्रवाल, सुनीता चौरसिया, प्रीति गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन किया। झांकी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय झांकी को पुरस्कृत किया गया। मुंबई से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शोभायात्रा में महाकाल, राधा कृष्ण, बांके बिहारी का फूल बंगला, कान्हा जी, खाटू श्याम जी,अंजनी पुत्र हनुमान, गणेश और राम दरबार की झांकियां निकाली गईं। महाकाल की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। संचालन नवीन कुमार गुप्ता ने किया। जतिन सिधाना ने अपनी माता की स्मृति में पुरस्कार बांटे। समारोह के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता रहे। इसके अलावा अरुण गुप्ता, पंकज गुप्ता, बॉबी देवल, विवेक रुहेला, गौरव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, देवांग गुप्ता, देव गुप्ता, गोपाल गुप्ता उपस्थित रहे। क्लब के संरक्षक दीपक गोयल, अनिल वशिष्ठ, श्याम लाल एडवोकेट शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृत कपूर ने की। विशिष्ट अतिथि राजकुमार अग्रवाल रहे। पुरस्कार वितरण जतिन सिंह ने किया।

### जर्जर छात्रावास का सौंदर्यीकरण कराने को प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** रोशन बाग स्थित जर्जर छात्रावास का सौंदर्यकरण कराने को लेकर भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। शुक्रवार को भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर छात्रावास रोशन बाग का निर्माण 1980 में हुआ था। इसे बने लगभग 43 वर्ष पूरे हो चुके हैं। छात्रावास वर्तमान में पूर्ण रूप से जर्जर है। छात्रावास में लगी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा भी उपेक्षित है। वर्तमान समय में अनुसूचित जाति के गरीब बच्चों के सामने शहर में रहकर पढ़ने का संकट हो गया है। सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में पुराने हैंड पंप को रिबोर कर पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय, मूत्रालय का निर्माण कराया जाए। पार्क में टहलने आने वाले को परेशानी होती है। इसलिए शौचालय का निर्माण कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में राजीव सिंह, सुरेश कुमार, सत्यपाल सिंह बादल, राजा राम, डॉ. भारत सिंह, जगत सिंह, मदनलाल गौतम, हरिओम रवि, रोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# पीलाखार नदी में उतराता मिला बालक का शव

- ग्रामीणों ने भोट थाने में किया हंगामा हाईवे जाम करने का प्रयास
- साथी बच्चे के जानकारी देने पर हुआ घटना का खुलासा

संवाददाता, भोट


शमी (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** एक दिन पूर्व अपहरण कर नदी में डुबोए गए बालक का शव शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे पीलाखार नदी में उतराता मिलने पर कोहराम मच गया। परिजनों व ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आक्रोशित परिजन व ग्रामीण भोट थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। ग्रामीणों ने हाईवे जाम करने का प्रयास भी किया। लेकिन पुलिस के समझाने व रिपोर्ट दर्ज करने पर वह शांत हो गए। पुलिस ने देर रात आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर लिया है।


भोट थाने के बाहर हंगामा करते बालक के परिजन व ग्रामीण।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के ढक्का हाजीनगर गांव निवासी शानिब (10) पुत्र अफसर अली व शमी (10) पुत्र साबिर हसन गुरुवार की सुबह घर के बाहर खेल रहे थे। तभी नगलिया आकिल गांव निवासी सलमान दोनों बच्चों का अपहरण कर भोट कस्बा स्थित एक दुकान में ले गया था। इसके बाद उन्हें गेंद दिलाई। फिर आरोपी दोनों बच्चों को दरियागढ़ गांव किनारे पीलाखार नदी में ले गया। समी को नया नेकर पहनाकर नदी में डुबोने लगा। यह देख सानिब घबरा कर दौड़ते हुए दरियागढ़ गांव पहुंच गया। उधर समी को नदी में डुबोकर आरोपी युवक भी बाइक पर बैठकर भाग गया। बच्चे को रोता देख दरियागढ़ के ग्रामीणों ने उससे पूछा। तब उसने एक अंजान व्यक्ति द्वारा उसके साथी को नदी में डुबोने की जानकारी दी। सूचना पर अपराध निरीक्षक अजयवीर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए व सानिब से जानकारी की।

शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे बालक का शव नदी में उतराता मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपराध निरीक्षक अजयवीर सिंह ने बताया कि मृतक के पिता साबिर हसन की तहरीर पर सलमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चार्ट प्रतियोगिता में नाजिया और रिचा रहीं प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित चार्ट प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.जागृति मदान ढींगरा ने किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को इस अभियान के तहत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अपना योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। समन्वयक डॉ.अजीता रानी ने प्रतिभागियों को कार्यक्रमों की जानकारी दी। सह समन्वयक डॉ. मीनाक्षी गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से दुर्गा मां के नौ स्वरूपों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नाजिया और रिचा रहीं। दूसरे स्थान पर साहिबा मुसर्रत और वंशिका शर्मा तथा तीसरे स्थान पर दीक्षा अरोरा और सलोनी अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. निधि गुप्ता एवं सह संयोजक डॉ. नेहा नागपाल रहीं।



छात्रा द्वारा बनाई गई मां दुर्गा की पेंटिंग।

# शत्रु संपत्ति मामले में 17 अक्टूबर को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां के शत्रु संपत्ति मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। सपा नेता आजम खां पर किसानों की जमीन कब्जाने से लेकर मकानों पर बुलडोजर चलवाने तक के मुकदमे दर्ज हुए थे। इसमें शत्रु संपत्ति का मामला भी शामिल है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब 17 अक्टूबर की तारीख नियत की है।

### यतीमखाने के मामले में विवेचक की गवाही पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** यतीमखाने से जुड़े मामले में शुक्रवार को विवेचक कृष्ण अवतार की गवाही पूरी हो गई। अब इस मामले में 16 अक्टूबर को सुनवाई होगी। शहर कोतवाली में यतीमखाना बस्ती के लोगों ने 2019 में सपा नेता आजम खां पर बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, डकैती, मारपीट व चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कई सपा नेताओं को भी आरोपी बनाया गया था। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि विवेचक कृष्ण अवतार की गवाही पूरी हो गई है।

## वीडियो बनाने की जांच कर रही दो सदस्यीय टीम

**रामपुर, अमृत विचार :** 24 सितंबर को डूंगरपुर बिजलीघर के मोहल्ला कन्नी वाली गली शुतरखाना का एक वीडियो वायरल हुआ था।

इसमें तीन लोग गली में टहल कर इधर-उधर देखते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद एक व्यक्ति केबिल को केबिल बॉक्स में जोड़ता है। इसके बाद एक अन्य कर्मचारी उसका वीडियो बना रहा है। लोगों का कहना है कि वीडियो में दिखाई देने वाले निगम के कर्मचारी हैं। वीडियो का संज्ञान लेते हुए अधीक्षण अभियंता महफूज आलम ने जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले की जांच बिलासपुर के अधिशासी अभियंता, टेस्ट मीटर एक्सईएन को सौंपी है।

# व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश महामंत्री कपिल आर्य ने कहा कि जीएसटी विभाग के अधिकारी व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। कहा कि सचल दल के अधिकारी शहर व घनी आबादी में व्यापारी की गाड़ी की जांच नहीं कर सकते।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक स्टेशन रोड स्थित एक होटल में हुई। प्रदेश महामंत्री कपिल आर्य ने कहा कि शहर से बाहर राज्य कर भाग के असिस्टेंट कमिश्नर ही जांच कर सकते हैं। मगर सचल दल अधिकारी सहायक आयुक्त मनोज मिश्र व सिपाही सुभाष यादव ने नगर क्षेत्र में व्यापारी की मोबिल से भरी गाड़ी रोक कर जांच की। कागज पूर्ण होने तथा ई-बिल सही होने पर भी गाड़ी वाले से गलत व्यवहार किया। जिला अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि ऐसे व्यवहार को चीफ कमिश्नर जीएसटी और मुख्यमंत्री को भी बताया जाएगा। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष विपुल गुप्ता, कमल किशोर रस्तोगी, हरजीत सिंह, राकेश टंडन, राजीव आर्य, राशिद खां आदि उपस्थित रहे।



व्यापारियों को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री कपिल आर्य।

लापरवाही — 150 बेड तक पाइपलाइन के जरिए पहुंचाई जाती है ऑक्सीजन

# लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट फांक रहा धूल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में 55 लाख रुपये की लागत से बना लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट धूल फांक रहा है। प्लांट को 3 माह से रिफिल नहीं किया गया है। इसी वजह से संचालन की नौबत नहीं आ सकी है। इस प्लांट से 150 बेड तक पाइपलाइन के जरिए लिक्विड आक्सीजन पहुंचाई जाती है।

कोरोना कॉल में ऑक्सीजन को लेकर छाए संकट के बाद जिला अस्पताल में पीएम केयर फंड से दो ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए थे। इन प्लांटों से ऑक्सीजन की सीधी आपूर्ति होती है। इन प्लांटों में बनी ऑक्सीजन को स्टोर नहीं किया जा सकता। इसी कारण दो प्लांट होने के बाद भी जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर बाहर से मंगवाने पड़ते थे। इस पर हर माह 20-25 हजार रुपये का खर्च आता था। ऐसे में लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट के जरिए बड़ी आसानी और सुविधाजनक तरीके से लोगों को ऑक्सीजन पहुंचाई जा सकती है।


जिला अस्पताल में बंद पड़ा लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट।

> ऑक्सीजन प्लांट का लिक्विड खत्म हो गया है। इसके चलते अभी मरीजों को सिलेंडर के जरिए ऑक्सीजन पहुंचाई जा रही है। इसके बारे में शासन को लिखा जा चुका है।
>
> **- डॉ.एचके मित्रा,** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल

## खेत में घुसने पर घोड़े को किया घायल

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पट्टी फाजिलाबाद निवासी जसवीर ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया गया है खेत में घुसने पर घोड़े की टांगों पर धारदार हथियार से वार करके घायल कर दिया। वह तांगा चलाता है।

गुरुवार को उसके चाचा का देहांत हो गया था। जिसके कारण वह तीजे का सामान लेने गया था। उसका घोड़ा भूखा था। इसी कारण शुक्रवार को उसका घोड़ा गांव के ही व्यक्ति के खेत में चला गया। आरोप है कि इस दौरान खेत स्वामी ने अपने भाई के साथ मिलकर घोड़े की टांगों पर धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने घायल घोड़े की वीडियो के साथ थाने पहुंचकर आरोपी भाइयों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने फिलहाल कोई कारवाई नहीं की है।

# लाइसेंस निरस्त होने पर भड़के आढ़ती, किया हंगामा

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** कृषि अनाज मंडी में आढ़तियों ने बिना किसी सूचना के शुक्रवार सुबह से ही हड़ताल कर दी। एसडीएम के निर्देश पर मंडी सचिव ने अमन ट्रेडिंग कंपनी का लाइसेंस निरस्त कर दिया था। मंडी सचिव द्वारा मंडी परिसर में आढ़तियों द्वारा किसानों से दो प्रतिशत की अवैध कटौती न करने के जगह-जगह फ्लेक्स लगवाने का विरोध किया।

सूचना पर एसडीएम राजेश कुमार व नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी मंडी पहुंच गए। अधिकारियों ने आढ़तियों तथा किसानों से बात की, लेकिन आढ़तियों ने एक न सुनी। आढ़तियों ने तहसील प्रशासन से तत्काल मंडी सचिव का स्थानांतरण कराने की मांग की। पुरानी व्यवस्था के साथ धान खरीद कराने को कहा।


मंडी में हंगामा कर रहे आढ़तियों को समझाते पुलिस अधिकारी।


मंडी में धरने पर बैठे किसान।

किसानों ने मंडी सचिव के समर्थन में आढ़तियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एसडीएम राजेश कुमार से धान की खरीद न करने पर आढ़तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान किसान और आढ़ती अपनी अपनी मांगों को लेकर घंटों हंगामा करते रहे। हंगामे की सूचना पर सीओ आरएस परिहार मंडी पहुंच गए। समस्या का समाधान होने तक किसानों व आढ़तियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों एवं आढ़तियों के बीच चली वार्ता में अधिकारियों को आढ़तियों के सामने झुकना पड़ा। एसडीएम राजेश कुमार ने निरस्त लाइसेंस की बहाली पर सहमती जता दी। विवाद खत्म होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान अशोक बजरंगी, महेश गुप्ता, चरनजीत सिंह, रामपाल गुप्ता, शकील, मोहम्मद उमर, राजीव गुप्ता, राजवीर सागर, अशोक पांडेय, रामवीर, इंद्रपाल गंगवार, वीरदेव गंगवार, प्रदीप रुहेला, पूरनलाल, आरिफ, अन्नू गुप्ता, पप्पू गुप्ता आदि मौजूद रहे। किसानों ने मंडी सचिव की कार्रवाई को सही बताते हुए उनका समर्थन किया। मंडी सचिव का स्थानांतरण न करने की जिद पर अड़ गए। इस दौरान मुनेश पाल, कैलाश गंगवार, महेश गंगवार, शानू, जाहिद हुसैन, जय सिंह, देवा, ओमकार सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### शाकिर रजा उपाध्यक्ष और मंजू बने सचिव

रामपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को हम एकता मंच की नगर कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें शाकिर रजा खां, नवेद खां, नईम अहमद, उस्मान बब्लू को नगर उपाध्यक्ष, शाहनवाज मियां, मंजू खां और फहीम अहमद को नगर सचिव मनोनीत किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष नादिर खां बब्लू ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे। साथ ही फूल मालाओं से स्वागत किया।

### गोशाला के निर्माण में धांधली का लगाया आरोप

शाहबाद, अमृत विचार : हिम्मतपुर गांव में बन रही गोशाला के निर्माण में धांधली का आरोप लगा है। अधोमानक सामग्री से गोशाला निर्माण की शिकायत की गई है। भारतीय गोरक्षा वाहिनी ने इसकी शिकायत की है। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष पूनम देवी का कहना है कि शाहबाद क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर में गोशाला का निर्माण चल रहा है। इसमें अव्वल के स्थान पर पीला और कच्ची ईंट का इस्तेमाल हुआ है। इतना ही नहीं इसे छुपाने के लिए जल्दबाजी में प्लास्टर भी कर दिया गया। संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन मिलीभगत के चलते कोई ध्यान नहीं दिया। जिला अध्यक्ष ने अब उत्तर प्रदेश शासन के मंत्री धर्मपाल से शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# मां महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की

## भक्तों ने घर बुलाकर जिमाईं कन्याएं, दिए उपहार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: शुक्रवार को भक्तों ने मां महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की। जबकि बहुत से भक्तों ने दोपहर बाद मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करके हवन पूजन किया। इसके बाद कन्याओं और बरूआ बुलाकर प्रसाद ग्रहण कराया। इसके बाद उन्हें उपहार भी दिए।

तीन अक्टूबर से नवरात्र प्रारंभ हो गए थे। कुछ स्थानों पर 10 अक्टूबर को अष्ठमी पूजन करके कन्याएं जिमाई गईं थीं। बहुत से भक्तों ने शुक्रवार को मां महागौरी का पूजन किया। घरों में माता रानी की पूजा-अर्चना कर कन्याएं जिमाई। जबकि बहुत से भक्तों ने दोपहर बाद सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर दुर्गा सप्तशती का समापन किया। महामाई से परिवार और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद यज्ञ में पूर्ण आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। माता की आरती कर हलुआ, पूड़ी, चने के प्रसाद का भोग लगाया। भगवान गणेश समेत सभी देवी-देवताओं के साथ मां दुर्गा की आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। उसके बाद कन्याएं जिमाई गईं। दिन भर पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। महिलाओं ने शाम को छंद गाकर महामाई का गुणगान किया। जबकि बहुत से भक्त शनिवार को भी नवमी की पूजा-अर्चना करेंगे।



हवन में आहुति देते भक्त।

### मंदिर में हुआ हवन पूजन

शुक्रवार को सिद्धिदात्री देवी को प्रसन्न करने के लिए चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने भक्तों के साथ हवन किया। इस दौरान काफी भक्तों ने हवन में आहुति दीं। इसके बाद भक्तों ने सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की दुआ की। फिर मंदिर में कन्या पूजन किया। इस मौके पर भक्त सुधीर सरन कपूर, मीना कपूर, प्रदीप कपूर, अन्नू, मंजू, रश्मि, गोमती देवी, सुधा पांडेय, कृष्णा, सौरभ पांडेय आदि मौजूद रहे।



मंदिर में हवन के बाद आरती करते भक्त।

### कोसी मंदिर पर हवन और हुआ यज्ञ

शुक्रवार को कोसी मंदिर में नवरात्रों मां सिद्धिदात्री के दिन पूजन और हवन किया गया। पंडित विष्णु शर्मा ने विधि विधान हवन कराया। भक्तों ने यज्ञ में आहुति दी। और प्रार्थना की गई। महिलाओं ने इस मौके पर दुर्गा सत्संग सरस्वती कवच का पाठ भी किया। महिला शक्ति देवी की कृपा प्राप्त करने के लिए गणेश वंदना करते हुए दुर्गा चालीसा का पाठ भी किया गया। बाद में कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया। इस मौके पर मंदिर के मुख्य सेवक सुशील गुप्ता, शिखा गुप्ता, मृदुल गुप्ता, पलक गुप्ता, नयन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### कन्याओं का तिलक करके प्रसाद ग्रहण कराया

रामपुर, अमृत विचार : अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विशेष कन्या पूजन एवं उनके लिए प्रसाद ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कन्याओं का तिलक किया गया। शुक्रवार को 10 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के तहत कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बाल गृह शिशु सदन में किया गया। कन्या पूजन के अवसर पर उपस्थित कन्याओं को चंदन और अक्षत का टीका करके चुनरी व माल्यार्पण कर विधि विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय बाल गृह शिशु सदन के अधीक्षक रामेंद्र शेखर श्रीवास्तव, वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक चांद बी, केस वर्कर नाहिद अंजुम, चाइल्डलाइन, प्रभारी प्रोजेक्ट को ऑर्डिनेटर निजामुद्दीन, सुपरवाइजर महक आजमी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी में मिलक रहा अव्वल, 10 अवार्ड जीते

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में जिले के मिलक समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके अलावा मिलक तहसील को 10 और अवार्ड मिले हैं। जिले की अन्य तहसीलों में स्थित 5 पीएचसी को भी अवार्ड मिले हैं। यूपी में जिला ने भी स्वास्थ्य सेवाओं में पहला स्थान बना लिया है। इससे पहले मुख्यमंत्री पोर्टल व आईजीआरएस की शिकायतों के समाधान में भी जनपद पहला स्थान पा चुका है।

कुछ माह पहले राष्ट्रीय स्तर पर मिलक तहसील क्षेत्र के लोहा गांव में स्थित आरोग्य मंदिर प्रदेश में पहला तथा देश के टॉप टेन में शामिल हुआ था। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बासित अली ने बताया कि जिले में 15 स्वास्थ्य केंद्रों को सम्मानित किया गया है। इसमें मिलक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को पहला स्थान मिला। धमोरा पीएचसी ने जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में भी राष्ट्रीय स्तर पर तीन आयुष्मान मंदिरों का चयन किया गया है। इस उपलब्धि पर डॉ. बासित अली ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह को गुलदस्ता देकर बधाई दी।



सीएमओ को गुलदस्ता भेंट करते डॉ. बासित अली।

## महाष्टमी के अवकाश को समायोजित करने की मांग

रामपुर, अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने महाष्टमी के अवकाश को गंगा स्नान के अवकाश में समायोजित करने की मांग की है।

जिला अधिकारी जोगिन्दर सिंह को भेजे ज्ञापन में शिक्षक संघ का कहना है कि जनपद में महाष्टमी के अवसर पर 11 अक्टूबर को अवकाश घोषित था। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल ने इस अवकाश को गंगा स्नान के अगले दिन 16 नवंबर को अवकाश घोषित करने की मांग की है। संघ का कहना है कि गंगा स्नान का पर्व कई दिन तक मनाया जाता है। गंगा किनारे टेंट लगाकर 3-4 दिन तक रहते हैं। इस दौरान कई संस्कार आदि भी होते हैं। 16 नवंबर को वीरांगना ऊदा देवी शहीद दिवस भी है। ज्ञापन पर जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, छत्रपाल सिंह यादव, सुरेश कुमार सक्सेना, अब्दुल अलीम खान, जफर बेग, मनोज कुमार सागर, दिलशाद वारसी आदि के हस्ताक्षर हैं।

# डायरेक्टर के लिए 10 लोगों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : रुद्र-बिलास किसान सहकारी चीनी मिल में डायरेक्टर के पदों के लिए 10 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनके प्रतिद्वंदी द्वारा कोई नामांकन पत्र दाखिल न करने पर इनका निर्विरोध चुना जाना तय है।

शुक्रवार को चीनी मिल परिसर में डायरेक्ट पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हुई। ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख के साथ भोलानाथ, मनजीत सिंह, रुकम सिंह, सिमरनजीत सिंह, कमलजीत कौर, मोहन सिंह, दयाराम, सुरेंद्र पाल सिंह, रेशम सिंह, तजेंद्र सिंह आदि ने नामांकन पत्र दाखिल किए। निर्वाचन अधिकारी व खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 11 वार्डों के डायरेक्टर पदों के लिए 10 वार्डों से प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। यह नामांकन पत्र गांव अहरो, कुम्हरिया कलां, दिबदिबा, नवाबगंज, भटपुरा तारन, भैंसिया ज्वालापुर, महतोष, मानपुर ओझा, रम्पुरा बुजुर्ग, लालपुर के उम्मीदवारों ने दाखिल किए। इनकी घोषणा 17 अक्टूबर को की जाएगी। 18 अक्टूबर को चीनी मिल के उपसभापति पद के लिए चुनाव होगा।

### एसडीएम और सीओ ने निकाला पैदल मार्च

मसवासी, अमृत विचार : दशहरा के मद्देनजर शांति व्यवस्था व मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए उप जिलाधिकारी अमन देओल ने सीओ अतुल कुमार पांडे, कोतवाल संदीप त्यागी ने सर्राफा बाजार, सब्जी मंडी, कपड़ा बाजार सहित भूबरा, चाऊपुरा व घोसीपुरा में पैदल मार्च निकाला।



शाहबाद-बिलारी मार्ग पर पैदल मार्च करते अधिकारी।

# शांति व्यवस्था की अपील के साथ निकाला पैदल मार्च

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार: शुक्रवार की दोपहर प्रशासन ने शांति व्यवस्था की अपील के साथ पैदल मार्च निकाला। मोहम्मद साहब पर टिप्पणी प्रकरण को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

रामनवमी को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह, क्षेत्राधिकारी संगम कुमार व कोतवाल पंकज पंत ने नगर की सड़कों पर पैदल मार्च निकाला। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोई भी सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की सांप्रदायिक पोस्ट न करें। कोई आपत्तिजनक फोटो व्हाट्सप ग्रुप में शेयर न करें। किसी अफवाह पर ध्यान न दें। इस अवसर पर तहसीलदार शिवकुमार शर्मा व लेखपाल राजकुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र में बनी कोठियों की जांच कराएं

रामपुर, अमृत विचार : जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि सरकार द्वारा कई वर्ष पूर्व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्रियल स्टेट के नाम पर रोशन बाग में प्लॉट आवंटित कर उनमें उद्योग धंधे लगवाए गए थे। औद्योगिक क्षेत्र रोशन बाग कई एकड़ में है।

यहां दर्जनों इकाइयां स्थापित हैं। इनमें से कई इकाईयां बंद चल हैं। इन बंद इकाइयों में लोग आवास बनाकर रह रहे हैं। इससे शासन की मंशा तार-तार हो रही है। उन्होंने उद्योग विभाग व अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि रोशन बाग में कई लोगों ने नियम विरुद्ध औद्योगिक क्षेत्र के प्लाटों पर कब्जा कर रखा है। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को भेजे पत्र में मांग की है कि रोशन बाग स्थित औद्योगिक क्षेत्र में बनी कोठियों की जांच कराई जाए।

# जयकारों के बीच निकाली मां दुर्गा की शोभायात्रा

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : रामनवमी पर नगर में मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का पालिका अध्यक्ष व अन्य श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। शोभायात्रा में जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

शुक्रवार को शारदीय नवरात्र के समापन पर श्रद्धालु मोहल्ला डाम कॉलोनी स्थित श्री दुर्गा भवानी पंचायती मंदिर पर एकत्र हुए। इसके बाद मंदिर के महंत रविराज स्वरूप भटनागर ने सुबह 10 बजे विधि-विधान से शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में शामिल भक्तों ने पालकी में विराजमान माता की ज्योति के दर्शन किए। शोभायात्रा में शामिल महिलाएं भजन-कीर्तन करतीं चल रही थीं। पुरुष माता के जयकारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर पुरानी सब्जी मंडी रोड, तहसील रोड, सिनेमा रोड पहुंची। पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। शोभायात्रा पुरानी रामलीला रोड, मोहल्ला साहूकारा, कायस्थान, मां महाकाली देवी मंदिर, भट्टी टोला, पंजाबी कॉलोनी रोड, डाकखाना रोड, माठखेड़ा रोड, मुख्य चौराहा होती हुई मंदिर में सम्पन्न हुई। महंत ने बताया हवन व भंडारा और रात में जागरण होगा। उधर सुरक्षा के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, अपराध निरीक्षक नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। इस मौके मनोज भटनागर, राकेश मदान, रामानंद शर्मा, जोनी शर्मा, मुकेश भटनागर, विजय कश्यप, राजू अग्रवाल, सुशील, रोहित, बबीता भटनागर, अनिल शर्मा, शशीबाला, प्रेमलता, रीतु कुमारी, बब्बो सागर, खुशी, प्रियांशी, पूजा, नीतू, रेखा, पूनम, डोली, गीता, नेहा आदि मौजूद रहे।



माता की शोभायात्रा में शामिल भक्त।

## सार संक्षेप

### नवमीं पर कन्याएं जिमाकर भक्तों ने खोले उपवास

स्वार, अमृत विचार : नवमीं पर माता सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराकर उपवास खोला। उनके चरण स्पर्श कर मन्नतें मांगी। नवरात्र की नवमीं पर सुबह से ही घरों में श्रद्धालुओं ने माता भगवती के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। सुबह से ही लोग मंदिर पहुंचने शुरू हो गए। जगह-जगह वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन हुए। कन्या भोज का आयोजन किया गया। नौ कन्याओं और एक बरुआ का पूजन किया गया। सर्वप्रथम कन्याओं के पैर धोकर उनके मस्तक पर रोली चावल से तिलक लगाया। उन्हें चुनरी ओढ़ाने के साथ हलवा, पूरी, चना आदि खिलाकर चरण स्पर्श कर पुरस्कार भेंट किए। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।



ज्वालानगर में संपर्क अभियान में शामिल व्यापारी।

### मेडिकल कालेज खुलवाने को किया जनसंपर्क

रामपुर, अमृत विचार : उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी ने मुख्यमंत्री को ऑनलाइन अनुरोध पत्र भेजा। इसमें कहा है कि जिला अस्पताल में 100 बेड का मेडिकल कॉलेज बनना आवश्यक है। इसके लिए 16 अक्टूबर को पैदल मार्च निकाला जाएगा। इस संबंध में लगातार व्यापारियों से सम्पर्क किया जा रहा है। शुक्रवार को सिविल लाइन, अजीतपुर, ज्वाला नगर में जन सम्पर्क अभियान चलाया गया। इस मौके पर नितीश अग्रवाल, अरविन्द गुप्ता, अब्दुल वासिक, पप्पू खान, फहीम खान, बाबू खान, महफूज हुसैन, दिलशाद अहमद, शीबू खान, शाहजेब खान, फैसल अली, फैजान खां, इमरान खां आदि मौजूद रहे।

### गणेश धर्मशाला में होगा यज्ञ और प्रवचन

रामपुर, अमृत विचार : आर्य समाज के तत्वावधान में 150वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 26वां वेद महोत्सव 15, 16 एवं 17 अक्टूबर को शाहबाद रोड स्थित गणेश धर्मशाला में यज्ञ, भजनोपदेश एवं प्रवचन के रूप में मनाया जाएगा। आर्य समाज के प्रधान ओमवीर सिंह ने बताया कि आर्य जगत के वैदिक विद्वान तथा प्रकांड पंडित स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती जिला अलवर राजस्थान एवं वेद विदुषी संगीता आर्या भजनो पदेशिका सहारनपुर तथा जिले से वीर देव आर्य आ रहे हैं। कार्यक्रम प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होकर 11 बजे तक यज्ञ, भजन एवं वेद उपदेश के रूप में तथा सायंकालीन बेला अपराह्न 2 से 5 बजे तक महिला सम्मेलन के रूप में और रात्रि बेला 7:30 बजे से प्रारंभ होकर 10:30 बजे तक भजन उपदेश एवं व्याख्यान के रूप में आयोजित किया जाना है।

### तीन दिन में मानक पूरे करें भूखंड विक्रेता : एसडीएम

शाहबाद, अमृत विचार : शुक्रवार को उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने क्षेत्र के भूखंड विक्रेताओं की बैठक बुलाई। उन्होंने भूखंड विक्रेताओं को प्लाटिंग से पहले मानक पूरे करने की हिदायत दी। कहा कि 3 दिन में मानक पूरे कर लें। एसडीएम अनुराग सिंह ने कहा था कि अवैध प्लाटिंग किसी कीमत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध प्लाटिंग कर लोग राजस्व को हानि पहुंचा रहे हैं। रामपुर मार्ग पर कई स्थानों पर भूखंडों की बिक्री होती देख उन्होंने संबंधित लेखपालों से रिपोर्ट तलब की थी। प्लाटिंग के लिए मानक पूरे नहीं किए गए थे। कृषि भूमि से आवासीय में भी तब्दील नहीं कराया था। इस पर एसडीएम ने तीन स्थानों पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को को जेसीबी से खुर्द-बुर्द करा दिया था। उन्होंने बताया कि अभियान लगातार चलेगा।

### भाकियू नगर अध्यक्ष को किया बहाल

टांडा, अमृत विचार : भाकियू के मजहर अली उर्फ लाला को जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद नगर अध्यक्ष पद पर बहाल कर दिया गया है। गुरुवार की रात भाकियू के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर फूलमालाएं पहनाकर मुबारकबाद दी। इस अवसर पर भाकियू के जिला सचिव साबिर अली, रिजवान, इंतजार अली, हाजी बाबू, जावेद अली, मरगूब अहमद, निसार अहमद, लियाकत अली, आसिफ अली, मोहम्मद फारूक, अब्दुल सलाम और रफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

### समिति ने बच्चों को बांटा खाने का सामान

रामपुर, अमृत विचार : वीर खालसा सेवा समिति की ओर से जरूरतमंद बच्चों के साथ मिलकर खुशियां बांटी। उनको खाने-पीने की चीजें वितरित की गईं। बच्चों को उनकी जरूरत का अन्य सामान भी दिया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि बच्चों के चेहरे पर भी खुशियां लाना हमारा फर्ज और कर्तव्य है। समिति इस तरह के कार्य करती रहेगी। इस मौके पर समाजसेवी सरदार मनमीत सिंह, गुलशन अरोड़ा, सेवा सिंह, मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, कुलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।



बच्चों को सामान बांटते समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह।

### शिकायत पर प्रशासनिक अधिकारी पर लगाया धमकाने का आरोप

शाहबाद, अमृत विचार : गांव नादरगंज निवासी वेदप्रकाश सागर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने गुरुवार को रम्पुरा गांव में चल रहे अवैध खनन की शिकायत डीएम से की थी। डीएम ने अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए थे। आरोप है कि एक अधिकारी ने खनन बंद न कराते हुए उल्टा शिकायतकर्ता को ही अपने कार्यालय बुलाकर धमकाया। कहा कि रास्ते में कुछ भी हो सकता है। इसकी शिकायत वेदप्रकाश ने डीएम से की है। मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजा है। जिसमें जान को खतरा जताते हुए सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि वेदप्रकाश झूठी शिकायत कर लोगों को ब्लैकमेल करता है। दफ्तर में धमकाने वाली बात निराधार है।

### स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया विजय दशमी का त्योहार

बिलासपुर, अमृत विचार : नैनीताल हाईवे स्थित सर्व संस्कृति स्कूल में विजय दशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए रामलीला का मंचन किया। कार्यक्रम का आरंभ रामचरितमानस की चौपाई से किया गया। इसके बाद प्रभु श्रीराम के जीवन की विभिन्न झलकियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम के दौरान प्रभु श्रीराम की बाल्यावस्था, सीता स्वयंवर, वनवास, सीता हरण, जटायु वध, रावण वध, प्रभु की अयोध्या वापसी आदि लीलाओं का मंचन किया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने सुंदर नृत्य भी प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या डा. टीना सिंह लने रावण के पुतले का दहन किया। विद्यालय के अध्यक्ष विंग कमांडर एचके राय, प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ग्रोवर, विजय भूषण गर्ग, मोहित राय, अजीत जैन, शिलेश सागर आदि मौजूद रहे।

### वार्ड 24 में पानी की टोटियों में आ रहा दूषित पानी

रामपुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद प्रशासन की लापरवाही के चलते वार्ड 24 में टोटियों में दूषित पानी आ रहा है। इससे लोग बराबर बीमार हो रहे हैं। मोहल्लेवासियों का कहना है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई। पालिका कर्मचारी आए, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। मोहल्ला झंडा निवासी बाबू खां, सलीम खां, संजय, शिवम, पंकज और बाबू लाल कौशल का कहना है कि एक माह से घरों में गंदा व काला पानी आ रहा है। इस पानी को पीने और घरेलू कार्यों में प्रयोग करने से लोग बीमार हो रहे हैं। कई लोगों का प्राइवेट अस्पतालों में उपचार चल रहा है। सभासद शाजमा वसीम का कहना है कि पानी की शिकायत दूर कराने को अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा गया है। पाइप लाइन जर्जर होने से समस्या हो रही है। इसके लिए लेबर को लगाया गया है।

### किसान पर धारदार हथियार से हमला, तीन पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : मिलक थाना क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी नरेंद्र सिंह का कहना है कि 10 अक्टूबर को वह खेत पर काम कर रहा था। गांव के राजीव, सौरभ, भानुप्रताप ने नरेंद्र सिंह से खेत में पानी काटने को लेकर गाली-गलौज की। विरोध पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गए। बाद में पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## रामलीला — कोसी मार्ग पर रामलीला का हुआ मंचन, गूंजे प्रभु राम के जयकारे

# कुम्भकर्ण, मेघनाद और अहिरावण वध का हुआ मंचन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कोसी मार्ग पर मेघनाद-लक्ष्मण युद्ध हुआ। जबकि सिविल लाइंस में चल रही रामलीला में संजीवनी बूटी लाने का मंचन किया गया। दर्शक आधी रात तक रामलीला का आनंद लेते रहे।

शुक्रवार को कोसी मार्ग स्थित रामलीला मैदान पर मंचन का शुभारंभ दिलीप सक्सेना, केएम टंडन, तीरथ सिंह व अमृत कपूर ने किया। कमेटी की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। रामलीला मंडल मथुरा के कलाकारों ने कुम्भकर्ण, मेघनाद और अहिरावण वध का मंचन किया। राम और रावण के बीच युद्ध में लक्ष्मण ने मेघनाद का वध किया।

लक्ष्मण ने अपने बाण से मेघनाद का सिर धड़ से अलग कर दिया था। मेघनाथ द्वारा रामदल से भीषण युद्ध का मंचन किया गया। मेघनाथ की पत्नी सुलोचना रामजी के शिविर में पति का कटा हुआ शीश लेने पहुंची। अंत में मेघनाद के साथ वह भी सती हो गईं। इसके बाद हनुमान जी ने पंचमुखी अवतार लेकर श्रीराम और लक्ष्मण को अहिरावण से मुक्त कराया। श्रीराम को रोकने के लिए रावण ने अपने मायावी भाई अहिरावण को बुलाया। उसने श्रीराम और लक्ष्मण सहित पूरी वानर सेना को बेहोश कर दिया और श्रीराम-लक्ष्मण को पाताल लोक ले गया। हनुमान और अहिरावण का युद्ध हुआ। हनुमान ने उसका वध कर दिया।

इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, गौरव जैन, वेद प्रकाश वर्मा, निर्भय कुमार गर्ग, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, मनोज कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राजीव सरन गर्ग, नितिन कुमार सर्राफ, श्रीराम अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।



संजीवनी बूटी लेकर आते हनुमान।

### कुम्भकर्ण वध, सती सुलोचना आदि लीलाओं का किया मंचन

बिलासपुर, अमृत विचार : नगर में दो स्थानों पर चल रही रामलीला में कलाकारों ने लंका को प्रस्थान आदि लीलाओं का मंचन किया। सोमवार की बाजार स्थित श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में कलाकारों ने लंका को प्रस्थान, रामेश्वरम स्थापना, विभीषण शरणागत, समुद्र पर कोप, सेतु स्थापना, अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, सती सुलोचना आदि लीलाओं का मंचन किया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष रवि गोयल, महामंत्री दुष्यंत अग्रवाल, संरक्षक धन्नूमल बंसल, सतपाल जिंदल, जोगपाल सिंह, विनय शर्मा आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन रामलीला परिषद के तत्वावधान में कलाकारों ने अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, मेघनाद वध, सती सुलोचना आदि का मंचन किया। मंचन के दौरान कमेटी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। बाद में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, गिरिराज किशोर अग्रवाल, रामाधार अग्रवाल, ज्ञानेश कुमार, डा. दिनेश चंद्रा, कमल अग्रवाल, विशाल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



चंपा कुंवरि धर्मशाला में हुई बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा।

# सड़कों पर न रखें सामान : शैलेंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि बाजारों में अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण करने वालों के साथ व्यापार मंडल नहीं है। सार्वजनिक मार्ग पर दुकान का कोई भी सामान न लगाएं।

शुक्रवार को बाजार सफदर गंज स्थित चंपा कुंवरि धर्मशाला में हुई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकारी नाली पर कोई भी निर्माण न करें। उस पर काउंटर न रखें। सरकारी नाली पर फोल्डिंग स्लैब ही डाले। सड़कों पर अपने सामान को सीमा में ही टांगें। दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं। व्यापारी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर शाहिद शम्सी, अवतार सिंह, जगन्नाथ चावला, शाकेब शम्सी, प्रदीप खंडेलवाल, पुष्कर अग्रवाल, धीरज सिंघल, संजीव कपूर, हारिस शम्सी, मुराद खां, नईम अली, बिलाल शम्सी, राम गुप्ता, हरीश अरोड़ा, उजैर अहमद आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चौपाल पर आत्मनिर्भरता की दी गई जानकारी

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी में जाटव वाली बस्ती में शिव मंदिर के पास चौपाल पर मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि मढ़न चौकी प्रभारी उपेंद्र सिंह मलिक, महिला कांस्टेबल रेनूका सिंह, हेड कांस्टेबल मूल सिंह, कांस्टेबल कार्तिक चौहान ने बालिकाओं और महिलाओं को जानकारी दी। महिला कांस्टेबल ने बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षण और उनकी आत्मनिर्भरता के बारे में बताया। कहा कि वह किस तरह से अपनी सुरक्षा कर सकती हैं। महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इस दौरान तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### भवालपुर में 13 को होगा राष्ट्रीय जाट अधिवेशन

**संभल, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव भवालपुर बांसली में शुक्रवार को मानवाधिकार सुरक्षा संघ के कार्यकर्ताओं ने बैठक आयोजित की। कार्यक्रम संयोजक चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि 13 अक्टूबर को गांव में स्थित किसान उपकारक इंटर कालेज में राष्ट्रीय जाट अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में देश व प्रदेश से जाट समाज की बड़ी हस्तियां कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक कर समाज में पनप रही कुरीतियों को समाप्त करना है। जिससे संस्कारवान व विकसित जाट समाज की स्थापना की जा सके। इस दौरान वीरेंद्र सिंह, शूरवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, लवकुश, देवेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने पैदल मार्च कर दिया सुरक्षा का संदेश

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में त्योहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने पैदल मार्च किया। शुक्रवार शाम थाना प्रभारी असमोली योगेश कुमार के साथ गांव शहबाजपुर कला में पुलिस बल ने पैदल मार्च किया। पुलिस ने संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग की। लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस सुरक्षा में मुस्तैद है। लोग त्योहारों को शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं। अगर कोई समस्या है तो पुलिस को सूचना देने का काम किया जाए। इस दौरान एसआई कालेंद्र, संजय कुमार, रोहित मलिक आदि भी रहे।

### नवरात्र के अंतिम दिन महिलाओं ने मंदिरों और घरों में किए भजन-कीर्तन, सुख-शांति की कामना कर मां का लिया आशीर्वाद

# भक्तों ने की मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना, जिमाईं कन्याएं

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में नवमी पर भक्तों ने विधि विधान से मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। भक्तों ने अष्टमी और नवमी को लेकर घरों में कन्या और वरूओं को जिमाकर आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने भजन कीर्तन में माता रानी का गुणगान करते हुए नवरात्र व्रत का समापन किया।

जिले के देवी मंदिरों में शुक्रवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से मां सिद्धदात्री की पूजा अर्चना करके मनौती मांगी। घंटों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। संभल के चामुंडा मंदिर हल्लू सराय, चामुंडा मंदिर हयातनगर और चामुंडा मंदिर घुंघावली में पूजा अर्चना का सिलसिला घंटों तक चलता रहा। इस बीच भक्तों ने घरों में कन्या वरूओं को जिमाया। हलुआ, पूरी और सब्जी का प्रसाद ग्रहण कराया। जिसके बाद कन्या वरूओं को उपहार व रुपये देकर आशीर्वाद लेकर विदा किया। महिला भक्तों ने माता रानी के भजनों की प्रस्तुति दी। जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी नवरात्र के अंतिम दिन विधि विधान से पूजा अर्चना कर भक्तों ने कन्या वरूओं को जिमाया।


संभल में कन्या-वरुओं को जिमाते परिवार के सदस्य। ● अमृत विचार

### माता रानी की पूजा कर कन्या और वरुओं को प्रसाद ग्रहण कराया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नवरात्र के अंतिम दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्र में मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने कन्याओं को भोजन कराकर अपने उपवास खोले। सुबह से शाम तक देवी मंदिरों पर पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। शुक्रवार को नवरात्र के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह के समय घरों की साफ-सफाई के बाद पूजा-अर्चना की गई। साथ ही हवन किया गया। जिसमें आहुतियां देते हुए परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। सुबह से दोपहर तक महिला व पुरुषों भक्तों ने कन्या-वरुआ को अपने घरों पर भोजन कराया और उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त लिया। इसके बाद शाम के समय में देवी मंदिर में पहुंच पूजा-अर्चना की। नगर के रामबाग धाम स्थित मां सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, कैथल गेट स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर, जारई रोड स्थित प्राचीन देवी मंदिर, सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी व मौलागढ़ स्थित कंकाली देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। जिससे उन्हें कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। वहीं देर शाम मंदिरों में संपन्न हुई आरती में भाग लेकर भक्तों ने पुण्य लाभ कमाया।


चन्दौसी में कन्या व वरुओं को भोज कराती महिला।

### भक्तों ने कन्या पूजन कर भेंट किए उपहार

**बबराला, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी एवं नवमी पर श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन किया। सुबह से ही स्नान करने के बाद पूजा घर में सजाई चौकी की पूजा-अर्चना कर कन्या पूजन की तैयारी शुरू की। नैवेद्य आदि सामग्री तैयार कर कन्याओं को घरों में बुलाकर उनका पूजन किया। उसके बाद भोजन करा कर माता की सुहागी, चुनरी, नैवेद्य और उपचार भेंट किए। कन्या पूजन के बाद नौ दिन तक किए गए व्रत का समापन भी किया।

उधर, सीनियर केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दुर्गा अष्टमी पर माता की अराधना करते हुए भ्रूण हत्या का पुरजोर विरोध करने का संकल्प लिया गया। महामंत्री अनिल गुप्ता ने कहा कि नन्हीं कन्याएं माता का रूप होती हैं और आज के दिन सभी को शपथ लेनी चाहिए कि भ्रूण हत्या नहीं करेंगे और न ही किसी को करने देंगे।

# शोभायात्रा में झांकियां देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

### श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के पैर धोने की झांकी रही आकर्षण का केंद्र, जगह-जगह स्वागत

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति के तत्वावधान में मां भगवती की 49वीं भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इसमें 24 से अधिक झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। वहीं श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के पैर धोने और पंचवटी में सीता द्वारा रावण को भीक्षा देने की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। दिल्ली से आए कलाकारों का महारास, शिव अघोरी तांडव देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ी। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत हुआ। सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

नगर में आर्य समाज मार्ग पर स्थित निर्धारित स्थान से मां भगवती की शोभायात्रा शुरू हुई। सीओ अनुज कुमार चौधरी, समिति अध्यक्ष राजेश सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, महामंत्री विवेक गोयल, संयोजक कशिश एडवोकेट, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, नीरज रस्तोगी, कोषाध्यक्ष नवनीत कुमार, संरक्षक आशुतोष रस्तोगी, प्रवीण रस्तोगी ने विधिवत मां दुर्गा की प्रतिमा का पूजन किया। मंत्रोच्चारण और विधि विधान से पूजन के बाद समिति संरक्षक अनुज गर्ग, उमेश गर्ग, विवेकशील अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, कपिल सिंघल, चंद्रप्रकाश भारद्वाज, ओम प्रकाश गोयल, विपिन अग्रवाल, अमित वार्ष्णेय और रोहित गुप्ता ने मां दुर्गा के मुख्य सिंहासन पर ज्योत प्रज्जवलित की। अधिकारियों ने मुख्य सिंहासन पर मां दुर्गा की आरती की। शोभायात्रा प्रबंधक अतुल अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, मयंक गुप्ता, प्रभात रस्तोगी, आशुतोष कथुरिया, गोपाल शर्मा ने शोभायात्रा को विधिवत ढंग से शुरू कराया। शोभायात्रा के दौरान अनुज रस्तोगी, नवनीत कुमार, अभिनीत माथुर, अमित अग्रवाल, गौरव कुमार, प्रतीक गुप्ता, मोहित रस्तोगी, आशुतोष गुप्ता और अभिनव माथुर ने अखाड़े की व्यवस्थाएं संभाली।

सौरभ अग्रवाल बाबू, मनोज मित्तल, अंकित अग्रवाल, पलाश शर्मा, विजय चंद्रा, मोहित आर्य, शैलेंद्र अग्रवाल आदि सदस्यों ने कलाकारों के जलपान की व्यवस्था देखी। शोभायात्रा आर्य समाज मार्ग से बाजार गंज, सर्राफा बाजार, कोतवाली, टंडन तिराहा से होकर डाकखाना पर देर रात संपन्न हुई।


शोभायात्रा में मां काली की पूजा करते कलाकारों की झांकी। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में कला का प्रदर्शन करते कलाकार। ● अमृत विचार


श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति की शोभायात्रा में हनुमान जी की झांकी।

### विभिन्न झांकियों पर दर्शकों ने बरसाए फूल, कलाकारों ने ब्रज की होली खेली

**संभल, अमृत विचार :** शोभायात्रा में सबसे आगे स्वागतम और राजू बैंड, चूहे द्वारा गणेश की आरती, कदम्ब वृक्ष के नीचे श्रीकृष्ण की झांकी चली। जिसके बाद बदायूं का काली का अखाड़ा, एटा से आई हुई गरुड़ पर भगवान विष्णु की झांकी, बालाजी दरबार, वृंदावन का प्रेम मंदिर, वासुदेव कृष्ण, श्रीराम मंदिर में विराजमान रामलला, आदियोगी, संपूर्ण राम दरबार की झांकियां शामिल रहीं। स्थानीय कलाकारों और सदस्यों द्वारा श्रृंगार करके तैयार की गई भगवान श्रीकृष्ण द्वारा मित्र सुदामा के पैर धोते हुए, मां काली के विराट रूप, मां सीता द्वारा रावण को भीक्षा देते हुए, हनुमान द्वारा सीना चीरकर संपूर्ण राम दरबार दिखाते हुए झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। दिल्ली से आए भरत मयूर ग्रुप के कलाकारों ने महारास किया। ब्रज की होली खेली गई। कासगंज से आए कलाकारों ने नंदी पर सवार शंकर का नृत्य और शिव अघोरी तांडव का अखाड़ा खेला। मुरादाबाद के कलाकारों ने हनुमान का कार्यक्रम दिखाया। मेरठ, बदायूं और महादेव आर्ट ग्रुप द्वारा रक्तबीज वध, महामाई की होली के कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संभल के स्थानीय बैंड नूर बैंड व राजू बैंड द्वारा शोभायात्रा में माता की सुंदर-सुंदर भेंटो का गुणगान किया गया।

### मां भगवती के सिंहासन पर की गई आरती

**संभल, अमृत विचार :** शोभायात्रा मार्ग पर आर्य समाज रोड से सर्राफा बाजार और डाकखाना रोड पर श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति द्वारा स्वागत द्वार बनवाने के साथ ही लाइटिंग कराकर रोशनी की गई। झांकियों पर आधा दर्जन जगहों पर दर्शकों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। शोभायात्रा समापन पर समिति के महामंत्री विवेक गोयल और सदस्यों ने मां भगवती के भव्य सिंहासन पर आरती की। सिंहासन पर सत्य प्रकाश शर्मा, उमेश गर्ग, नवनीत कुमार, अभिनीत माथुर द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान समिति के सदस्य अर्पित सक्सेना, प्रतीक गुप्ता, हितेश मिश्रा, अंकित अग्रवाल, विकास वर्मा आदि रहे।

### नृत्य देखने को लेकर युवकों में चलीं कुर्सियां

**बहजोई, अमृत विचार:** नया बाजार में रामलीला कमेटी की ओर से कराई नृत्य प्रतियोगिता को देखने के लिए दर्शक दीर्घा में युवकों के बीच विवाद हो गया। इस बीच कुर्सियां चलीं। इससे हंगामा हो गया। रामलीला कमेटी के पदाधिकारी ने युवकों को शांत किया। हंगामा करने वाले युवक फरार हो गए।

रामलीला कमेटी नया बाजार के रंगमंच पर बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता चल रही थी। रामलीला मैदान पर बच्चों का नृत्य देखने को लेकर लोग कुर्सियों पर बैठे हुए थे। इसे लेकर रात्रि 11:00 बजे कुछ युवक कुर्सियों पर बैठने को लेकर हंगामा करने लगे। कुछ ही देर के बाद युवकों में कुर्सियां चलने लगीं। कुछ देर के लिए नृत्य प्रतियोगिता को भी रोकना पड़ा। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने युवकों को शांत किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बाद में युवक मौके से फरार हो गए।


बबराला में सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह का तिलक करते आयोजक।

## लंका दहन का मंचन देख दर्शकों ने लगाए श्रीराम के जयकारे

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** नगर में चल रही श्रीराम लीला में लंका दहन का मंचन हुआ। जिसे देखकर दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

श्रीराम लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम दीपक चौधरी और सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर श्री गणेश वंदना व श्रीराम आरती के साथ किया। मंचन में सीता माता की खोज में लंका पहुंच कर हनुमान ने अशोक वाटिका को उजाड़ डाला। मंचन का दर्शकों ने खूब आनंद लिया। इसके बाद हनुमान बने कलाकार ने लंका दहन का मंचन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, प्रशांत वार्ष्णेय, ठाकुर धर्मवीर चौहान, शुभम वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, शंभूदयाल गौतम, सचिन यादव, रामकिशोर, यादवेन्द्र कांत, निशांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# रामलीला में लक्ष्मण शक्ति और रावण वध का हुआ मंचन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के नवमी के दिन रामबाग धाम के रंगमंच पर कलाकारों ने लक्ष्मण शक्ति व रावण वध लीला का मंचन किया।

शुक्रवार को मंचन में दर्शाया कि हनुमान जी लंका दहन के बाद माता सीता से आश्रा लेकर वापस किष्किंधा नगरी लौट आते हैं। वहां श्रीराम को माता सीता की निशानी देते हैं। निशानी पहचानने के बाद सुग्रीव व सेना को लंका पर चढ़ाई का आदेश देते हैं। सभी समुंद्र तट पर पहुंचते हैं। जहां नल और नील वानर सेना की सहायता से समुंद्र पर पुल बनाकर लंका जाते हैं। अगले दृश्य में शांति दूत बनकर अंगद रावण की सभा में पहुंचते हैं। जहां रावण व अंगद का संवाद दिखाया गया।

मेघनाद व लक्ष्मण का युद्ध हुआ। इसमें लक्ष्मण को शक्ति लगती है, वह मूर्छित हो जाते हैं। जिन्हें हनुमान संजीवनी वूटी लाकर प्राण बचाते हैं। रामलीला में मेघनाद, कुंभकर्ण का वध दिखाया गया। अंत में प्रभु श्री राम रावण की नाभि में तीर से बार कर अमृत सुखा देते हैं। इससे रावण का वध हो जाता है। यह देखकर दर्शक जयश्री राम के जय-जयकार कर उठे।

रामलीला में हीरालाल हनुमान, प्रतीक राम, सीता शिवानी, नल अमित, नील कृष्णा, अंगद राज बिहारी, रावण गोविंद किशोर, गौरव मेघनाद, दीपक लक्ष्मण, रविगोपाल सुषेण व दिव्यांशु ने कालनेमि का किरदार निभाया। इस दौरान हिमांशूल वार्ष्णेय, रुद्रांश वार्ष्णेय, प्रधान गिरराज किशोर, नवीन चौधरी, कपिल राजा, धीरेन्द्र कुमार, संजीव वार्ष्णेय ने सहयोग किया। वहीं सीता आश्रम स्थित पं. हनुमान सिंह मंच पर रामलीला का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने लीला दिखा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



सीता आश्रम स्थित रामलीला मंच पर मंचन करते कलाकार।


मेला ग्राउंड रोड पर रावण के पुतलों के मुखोटे तैयार करते कारीगर।

### आज होगा रावण के पुतलों का दहन, तैयारी पूरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** दशहरा को लेकर रामबाग धाम व सीता रोड पर बड़े रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके अलावा गली-मोहल्लों में भी रावण के पुतले दहन होंगे। इसके लिए रावण के पुतले तैयार किए गए हैं। रामबाग धाम पर श्री वार्ष्णेय नवयुवक संघ व सीता रोड पर श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी की ओर से रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। दोनों ही स्थानों पर मेले लगेंगे। शुक्रवार को कलाकार पुतले को अंतिम रूप देने में लगे रहे। शहर की लायंस कॉलोनी, पुरानी पैठ, शक्ति नगर, मिलक, विकास नगर, शक्ति नगर, ब्रह्म बाजार में बच्चों व युवाओं की ओर से पुतले दहन किए जाएंगे। रावण के पुतले बाजार में भी 500 से लेकर 2500 हजार रुपये में उपलब्ध हैं। इन रावण के पुतलों को भी खरीदा जा रहा है। बड़ा महादेव पर रावण के पुतले की शोभायात्रा निकालने के बाद दहन किया जाएगा।


रामबाग धाम स्थल पर यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु।

## श्रद्धालुओं ने हवन में दी आहुति

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र पर नगर के प्रसिद्ध रामबाग धाम स्थित यज्ञ स्थल पर हवन में आहुतियां दी गईं। मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुति देकर देवी का आह्वान किया गया।

शुक्रवार को धाम के यज्ञ स्थल पर प्रथम नवरात्र से देवी आराधना के साथ हवन शुरू हुआ था। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन हवन में आहुतियां देकर देवी के 9 रूपों की आराधना की थी। अंतिम दिन वैदिक मंत्रों के बीच दंपत्तियों ने आहुति दी। सनातन धर्म व राष्ट्र कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर महेन्द्र पाल वार्ष्णेय, ऊषा रानी, राजन वार्ष्णेय,मुस्कान, अरूण सोनू , तृप्ति वार्ष्णेय, अरविंद शीरा, कुमकुम वाला, पीयूष गोयल, कीर्ति गोयल, गुलशन वार्ष्णेय, प्रीति गुप्ता, शुभम, प्रियंका वार्ष्णेय, पारस, प्रज्ञा वार्ष्णेय, विमल किशोर, डिप्टी शंकर,चौधरी धर्मेंद्र कुमार, विकल वार्ष्णेय, मोनी, विशाल फैन्सी, अतुल, कौशल किसोर वंदेमातदम आदि मौजूद रहे।

**कवायद** डीएम और सीडीओ ने जुनावई क्षेत्र में पूजा अर्चना कर कार्य का आरंभ किया

# महावा नदी पुनरोद्धार पर खर्च होंगे 2 .80 करोड़

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** विकास खंड जुनावई क्षेत्र के गांव लावर में डीएम और सीडीओ ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मनरेगा कार्डधारकों को सम्मानित किया। इसमें महावा नदी के पुनरोद्धार कार्य का आरंभ किया। अधिकारियों ने फावड़ा चलाकर नदी के कार्य की शुरूआत की।

शुक्रवार को गांव लावर में डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया और सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने विधि विधान से पूजा कर महावा नदी के पुर्नोद्धार कार्य का आरंभ किया। डीएम ने कहा कि हमारे देश में नदी को माता माना जाता है। हमें नदी का संरक्षण करना है। इसमें सभी को सहयोग करना है। यहां 2 करोड़ 80 लाख रुपये से कार्य किया जाएगा तथा मनरेगा जॉब कार्ड धारकों को रोजगार भी प्राप्त होगा।

हमारा यही लक्ष्य होगा कि महावा नदी को पुनः पुराने स्वरूप में लेकर आएं। डीएम ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना समेत कई योजनाओं की जानकारी दी। जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा राम आशीष ने कहा कि महावा नदी जनपद में राजस्व अभिलेखों के अनुसार, 55 किलोमीटर क्षेत्र से गुजरती है तथा इसके अंतर्गत 40 ग्राम पंचायतों, नगर पंचायत गवां का क्षेत्र आच्छादित है। यह नदी अमरोहा सीमा से विकास खंड रजपुरा के गांव सिरसा, नारियावली से जनपद में प्रवेश करती है। जुनावई के गांव मनुपुरा पर यह नदी गंगा में मिल जाती है। मनरेगा के अंतर्गत 88833 मानव दिवस सृजित होंगे।

2 करोड़ 80 लाख रुपये का कार्य किया जाएगा। 5 हजार मनरेगा जॉब कार्ड धारकों को रोजगार मिलेगा। नदी क्षेत्र में पौधरोपण भी होगा। इस दौरान एसडीएम गुन्नौर दीपक चौधरी, ब्लॉक प्रमुख जुनावई रवि यादव, बीडीओ जुनावई प्रमोद कुमार सिंह, बीडीओ गुन्नौर नरेश पाल सिंह, प्रधान लावर सुमन यादव आदि रहे।


महावा नदी की खोदाई का काम शुरु कराने से पहले हवन में शामिल डीएम, सीडीओ।


प्रमाण पत्र दिखाते विजेता छात्र-छात्राओं के साथ आयोजक।

## प्रतियोगिता में फिल्मी गीतों पर बच्चों ने मचाया धमाल

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** श्री रामलीला कमेटी की ओर से चल रही रामलीला के रंगमंच पर बूगी बूगी नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने फिल्मी गीतों पर धमाल मचाया। विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

नया बाजार स्थित रामलीला मैदान पर चल रही रामलीला रंगमंच पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता का आरंभ माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने भगवान श्री राम की पूजा अर्चना करके किया। इसके बाद प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग किया। फिल्मी गीतों पर प्रस्तुति देकर मौजूद श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। अंत में निर्णायक मंडल ने बच्चों की प्रस्तुति का अवलोकन किया और उन्हें विजेता घोषित किया। विजेता बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान अध्यक्ष अमित कुमार, अनुज कुमार, विवेक बादशाह, ओमकार आढती, सुधीर कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि रहे।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किं।
लोचनाभ्याम विहीनस्य, दर्पण :किं करिष्यति ॥

जिस व्यक्ति के पास स्वयं का विवेक नहीं है। शास्त्र उसका क्या करेगा? जैसे नेत्रहीन व्यक्ति के लिए दर्पण व्यर्थ है।

## संपादकीय

# रिजर्व बैंक का तटस्थ रुख

बीते दिनों भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की बैठक में किसी भी तरह का बदलाव करने से परहेज किया है। ऐसा दसवीं बार हुआ है जब मौद्रिक नीति समिति ने अपने रुख को तटस्थ रखा है और रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे भविष्य में दरों में कटौती के लिए जगह बनाई जा सकेगी और महंगाई पर काबू भी पाया जा सकेगा। रिजर्व बैंक ने आगामी दो वित्त वर्षों में महंगाई के चार फीसद से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। नई मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की पहले की अनुमानित दर को कम किया गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास मानते हैं कि उच्च ब्याज दरों के कारण विकास दर में कमी के संकेत नहीं हैं, इसलिए भी शीर्ष बैंक कोई जोखिम नहीं लेना चाहता है। गौरतलब है कि दुनिया में जिस तरह के हालात हैं और बहुत सारे देश मंदी की मार झेल रहे हैं,उसमें भारत की अर्थव्यवस्था ने अपने को संभाल रखा है। यहां मंदी के झटके उस तरह नहीं लगे, जैसे कई विकसित कहे जाने वाले देशों में भी देखने को मिले।

इस वक्त भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। ऐसे में रिजर्व बैंक ब्याज दरों में किसी भी तरह का परिवर्तन कर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता है। रिजर्व बैंक का मानना है कि अगर महंगाई को चार प्रतिशत से नीचे लाकर स्थिर करने में कामयाबी मिल जाती है तो विकास दर दहाई के आंकड़े को छू सकती है। रिजर्व बैंक के लिए खाने-पीने के सामान में महंगाई चिंता की बात बनी हुई है। हालांकि फरवरी के 8.6 फीसदी से घटकर यह अगस्त में 5.66 फीसदी हो गई है। केंद्रीय बैंक को उम्मीद है कि सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति में उछाल के बावजूद आने वाले महीनों में कीमतों में कमी आएगी, क्योंकि अच्छे मानसून के कारण देश में कृषि उत्पादों की स्थिति बेहतर होगी और खाद्यान्न भंडार भी भरा रहेगा। जहां तक महंगाई पर काबू पाने का सवाल है, आंकड़ों में जरूर इसे कुछ काबू में दिखाया जाता है, मगर धरातल पर यह लगातार आम आदमी की जेब पर बोझ डाल रही है। खाने-पीने की वस्तुओं के दाम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। इसी कारण बाजार गुलजार होने लगे हैं, व्यापारियों को अच्छी कमाई की उम्मीद होती है, मगर महंगाई की मार का असर बाजार पर दिखता है। फिर, थोक महंगाई और खुदरा महंगाई के बीच कोई तार्किक अंतर नजर नहीं आता। ऐसे में दरों को यथावत बनाए रखकर रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में रखने की अपनी कोशिशों में कितना कामयाब होगा, इसका दावा नहीं किया जा सकता।

# रामराज्य, राष्ट्रीयता, समाजवाद व राममनोहर लोहिया



दीपक मिश्र
समाजवादी चिंतक, लखनऊ

लोहिया की चिंताएं और उनकी बेचैनी एक सच्चे राष्ट्रप्रेमी समाज सुधारक समाजवादी की तड़प थी। लोहिया ने न केवल विसंगतियों, विडंबनाओं व विकृतियों समेत अपने दौर की दुराशाओं, दुर्दशाओं, दुराग्रहों को दर्पण दिखाया। अपितु समस्याओं का समाधान भी अपनी अलौकिक मेधा व अनुभवजन्य अध्ययनों से प्रस्तुत किया।

भारत के सार्वकालिक महान क्रांतिकारी समाजवादी चिंतक राममनोहर लोहिया की प्रासंगिकता आज उनके जीवन काल से अधिक प्रतीत होती है। लोहिया ने जो चेतावनियां दी थीं,कालांतर में कमोबेश सभी सही सिद्ध हुईं। लोहिया जितने बड़े समाजवादी चिंतक थे, उतने ही महान राष्ट्रवादी दार्शनिक थे, जिन्होंने राष्ट्रप्रेम और समाजवाद की पराकाष्ठा को पूरी प्रतिबद्धता के जिया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका उनके राष्ट्रप्रेम को रेखांकित करती है। उन्हें और लोकनायक जयप्रकाश नारायण को 1942 की क्रांति का नायक माना जाता है। महात्मा गांधी, पंडित नेहरु, मौलाना आजाद, सरदार पटेल आदि राष्ट्रीय नेताओं की गिरफ्तारी के लोहिया व लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन युवा समाजवादियों को एकजुट कर क्रांति की धार और गति को बढ़ाया।

आजाद दस्ता का गठन कर क्रांतिकारी गतिविधियों के सूत्रधार बने। ब्रिटानिया हुकूमत ने लोहिया को शत्रु नंबर एक घोषित किया और गिरफ्तारी के बाद असहनीय यातना दी। लोहिया ने तरुणाई का अधिकांश समय बंगाल में बिताया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस से उनके आत्मीय संबंध थे। एक भाषण में दिसंबर, 1928 में नेताजी ने कहा था कि राममनोहर लोहिया में इतिहास बनाने और इतिहास को गति देने की अलौकिक क्षमता है। लोहिया ने नेताजी के कथन को सतत जनसंघर्षों, सत्याग्रहों और लोक कल्याणकारी अभियानों के आधार पर सही साबित किया और पहले आजादी की लड़ाई फिर देश के नवनिर्माण के इतिहास के जाज्वल्यमान प्रेरणादायी अध्याय बने। लोहिया शोषण विहीन समता मूलक समाज और सशक्त राष्ट्र के स्वप्नद्रष्टा थे। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने सत्ता की बजाय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सिद्धांतनिष्ठ प्रतिपक्ष का रास्ता चुना।

लोहिया जर्मनी से उच्च शिक्षा ग्रहण कर भारत लौटे थे, उन्हें जितनी गहरी जानकारी पाश्चात्य राजनीतिक अवधारणाओं की थी, उतनी ही अच्छी पकड़ भारतीय मनीषा की भी थी। उन्होंने राम-कृष्ण-शिव पर पुस्तक लिखी। वे धर्म को दीर्घकालीन राजनीति व राजनीति को अल्पकालीन धर्म मानते थे। उन्होंने बताया कि धर्म और राजनीति का अविवेकी मिलन समाज के लिए



घातक होगा। लोहिया रामराज्य को समाजवादी शासन प्रणाली मानते थे। लोहिया के अनुसार रामराज्य और समाजवादी, दोनों का लक्ष्य हर तरह की विषमता, विभेद, विकार व विसंगतियों को मिटाना है। "बयरु न कर काहू सन कोई, रामप्रताप विषमता खोई" तुलसी की यह धारणा लोहिया की सप्तक्रांति में स्पष्टतः प्रतिबिंबित होती है। लोहिया ने रामायण में उल्लेखित "लोकापवाद" को "लोक-लाज" कहा और बताया कि लोकतंत्र में लोक-लाज, लोक-भाषा, लोक-भूषा को आत्मसात करना चाहिए। लोहिया ने राम से मर्यादा में रहने और सार्वजनिक जीवन में लोकापवाद व लोकलाज का लिहाज करने की सीख लेने की शिक्षा दी।

रामराज्य में निहित राष्ट्रीयता (जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी) की भावना और समाजवाद के आदर्शों से जनमानस को अवगत कराने के लिए लोहिया ने रामायण मेला की संकल्पना की और "सीताराम राज" की खुली वकालत की। लोहिया जातिवाद के पूर्णतया खिलाफ थे। लोहिया के समाजवाद एवं सामाजिक न्याय की अवधारणा में जड़गत जातिवादी जकड़न के लिए कोई जगह नहीं है। नवंबर 1951 में बुद्धप्रिय मौर्य से बातचीत करते हुए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने कहा था, "खाक पॉलिटिक्स करोगे। जब तुम राममनोहर लोहिया को नहीं जानते। एक ही नेता है जो ईमानदारी से जात-पात तोड़कर जातिहीन समाज की स्थापना करना चाहते हैं," लोहिया की मानें तो आदर्श समाजवादी किसी भी दशा में जातिवादी नहीं हो सकता। कुछ स्वार्थी लोग आज कल समाजवाद के नाम पर जातिवाद को बढ़ावा दे रहे हैं,ऐसे तत्वों को लोहिया "समाजवाद के आंतरिक शत्रु" की संज्ञा देते थे। राममनोहर राष्ट्र को समग्र रूप में देखते थे। उनके अनुसार राष्ट्रीयता की भावना उदारता और समावेशी होती है। आक्रामकता और कट्टरता जनित सांप्रदायिकता, भारतीय राष्ट्रवादी आदर्श के प्रतिकूल हैं। वे हिन्दुस्तान समाजवादी गणतांत्रिक संघ के सेनानी चन्द्रशेखर आजाद व भगत सिंह की भांति सांप्रदायिकता को देश के लिए सबसे बड़ा खतरा मानते थे। आजादी के समय जब सांप्रदायिकता खूनी "खेल" खेल रही थी, लोहिया "गण-सेना" बनाकर जान जोखिम डालकर राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सद्भाव को मजबूत कर रहे थे।

ढाका में लोहिया पर मुस्लिम लीग के कट्टरपंथियों ने जानलेवा हमला भी किया था। लोहिया ने भारतीय भाषाओं में राज-काज चलाने की खुली पैरवी की थी। वे न्यायालय, व्यापार और शासन की भाषा हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को बनाना चाहते थे। वे अंग्रेजी को ज्ञान-विज्ञान की भाषा के रूप में पढ़ने-लिखने व स्वीकार करने के कभी विरोधी नहीं रहे। उन्होंने स्वयं कई पुस्तकें अंग्रेजी में लिखी हैं और मैनकाइंड, सोशलिस्ट कांग्रेस जैसी अंग्रेजी में पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया है। वे भाषा को आधार बनाकर किए जा रहे आम जनता के शोषण व थोपी जा रही श्रेष्ठता के खिलाफ थे।

लोहिया की राजनीति को अमानुषिकता के विरुद्ध मनुष्यता की राजनीति कहना ज्यादा सही होगा। अल्बर्ट आइंस्टीन लोहिया की चौखंबा शासन प्रणाली और छोटे यंत्रों पर आधारित अर्थव्यवस्था की कल्पना को अद्भुत मानते थे। जब तत्कालीन सरकार ने प्रतिव्यक्ति आय के आधार पर विकास की बेहतर स्थिति में बताया, तब लोहिया ने प्रतिव्यक्ति आय की बजाय आय के न्यायपूर्वक वितरण और आर्थिक विषमता को विकास का मानदंड बनाने की सलाह दी। आज लोहिया के विचारों और नीतियों से भटकने की कीमत देश चुका रहा है। आर्थिक विषमता और सामाजिक विद्वेष घटने की बजाय बढ़ रही है। सांप्रदायिक व जातिगत तनाव के कारण हिंसा व हत्या की खबरें आज भी आम हैं। विकासगत क्षेत्रीय विषमता को एक आंकड़े से समझा जा सकता है। प्रतिव्यक्ति आय के दृष्टिकोण से सबसे अधिक धनी प्रांत सिक्किम (5,87,743 रुपये) और सबसे गरीब राज्य बिहार (60,337 रुपये) में मध्य 5 लाख 27 हजार 4 सौ 7 रुपये का अंतर है। यदि लोहिया प्रतिपादित छोटे यंत्रों पर आधारित अर्थनीति को बढ़ाया गया होता तो देश में समृद्धि का हिमालय गरीबी, बेरोजगारी व भुखमरी के महासागर के मध्य हमें मुंह न चिढ़ाता होता। अरबपतियों के मामले में हमारा देश अमेरिका व चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। अर्थव्यवस्था के आकार के लिहाज से हमारा देश पांचवें स्थान पर है, लेकिन औसत आमदनी में हम इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के अनुसार 136 देशों और समग्र विकास सूचकांक में भारत 133 देशों के बाद है।

लोहिया की चिंताएं और उनकी बेचैनी एक सच्चे राष्ट्रप्रेमी समाज सुधारक समाजवादी की तड़प थी। लोहिया ने न केवल विसंगतियों, विडंबनाओं व विकृतियों समेत अपने दौर की दुराशाओं, दुर्दशाओं, दुराग्रहों को दर्पण दिखाया। अपितु समस्याओं का समाधान भी अपनी अलौकिक मेधा व अनुभवजन्य अध्ययनों से प्रस्तुत किया। 23 मार्च 1910 को जन्मे लोहिया ने आखिरी सांस 12 अक्टूबर 1967 को मात्र 57 वर्ष की अवस्था में ली। केरल में 1954 में सोशलिस्ट सरकार थी, सरकार ने निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवा दी। सोशलिस्ट पार्टी के उस समय लोहिया महासचिव थे, लोहिया ने अपनी ही सरकार को गिरवा दिया। जब वे बीमार पड़े। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और समाजवादी नेता मधु लिमये ने उन्हें अमेरिका इलाज के लिए भेजने का निर्णय लिया तो राममनोहर लोहिया ने स्पष्ट मना कर दिया। लोहिया ने कहा कि मैं अमेरिका सत्याग्रह करने गया था, वहां भारतीय शौर्य व सोच का परचम लहराया, अब वहीं इलाज के लिए जाकर देश के अभाव और गरीबी का मजाक नहीं उड़वाऊंगा। लोहिया ने सांसें छोड़ दीं, पर सिद्धांत नहीं छोड़ा।

आज लोहिया सदृश नेता, विचारक, चिंतक, समाज का हितैषी और सरकार पर नैतिक अंकुश लगाने वाले व्यक्तित्व की आवश्यकता है। हम लोहिया नहीं हो सकते, पर वैसे तो हो ही सकते हैं जैसा लोहिया के वंशजों व अनुयायियों को होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# रामराज की कल्पना और रावण

रावण रणभूमि में मरा। पर हमारी मनोभूमि पर वह राम के समानांतर जिंदा क्यों है? यह सवाल हर संजीदा आदमी को परेशान करता है। क्या रावण राम को याद रखने का सबब है। पं विद्यानिवास जी अपने निबंध संग्रह "छितवन की छांव" में कहते हैं कि राम भारतीय मानकों को गढ़ने वाले क्रांति द्रष्टा थे। जबकि रावण दस कुप्रवृत्तियों का धारक प्रतिनिधि था। इसलिए वह पाप बनकर पुण्य का पीछा करता रहेगा।



स्नेह रंजन
वरिष्ठ पत्रकार, वाराणसी

योगवाशिष्ठय के दार्शनिक राम अयोध्या और लंका के बीच में किस तरह सांसारिक शौर्य का शालीन प्रतीक बनकर उभरे। क्या यही एक कारण पर्याप्त नहीं है कि हम उन्हें हर साल विजयदशमी पर याद करें और उनकी लीलाओं का मंचन करें। डॉक्टर लोहिया अपनी पुस्तक "राम कृष्ण और शिव" में लिखते हैं कि राम धरती के ऐसे प्रथम पुरुष थे, जिन्होंने परिवार, समाज और देश के लिए सार्थक मूल्य गढ़े, सामाजिक न्याय के ऐसे रूपक प्रस्तुत किए, जिसे युगांतर तक कभी मिटाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर का इस हद तक आदर किया, जिस हद तक रावण ने इनका निरादर किया था, लेकिन यह राम की लोक भूमिका थी। राजनीति में आज दलित सबसे बड़ा विषय है। राम ने भी इसका स्पर्श किया, लेकिन करुणा व मैत्री के लिए। यहां तक कि अपने राज्याभिषेक के शपथ ग्रहण में उन्होंने केवल निषाद राज को छोड़कर किसी को भी निमंत्रित नहीं किया। लक्ष्मण रेखा हो या राम के द्वारा रजक की बात को महत्व दिया जाना। आज रामलीला प्रतिवर्ष इसलिए भी होती है कि रिश्तों की चासनी बनी रहे।

राजनीति के मानक और मूल्य हमेशा जिंदा रहें। मरेंगे, परेंगे चुनाव जीत कर रहेंगे। यही करना है तो निश्चित रूप से विजयदशमी मनाना छोड़ देना चाहिए। अविश्वास का दौर ऐसा कि आदमी ने खुद पर भी भरोसा करना छोड़ दिया। विजयदशमी के दिन रावण जलाने के लिए जाने वालों से एक काल्पनिक अपेक्षा है कि रावण की ओर मुखातिब तीर आप कुछ वर्षों के लिए अपनी तरफ मोड़ लें। रावण का वजूद धीरे-धीरे मिटेगा और मिट जाएगा। रामराज की कल्पना का सब्जबाग महलों मंदिरों से पूरा नहीं होगा। उसके लिए रावण को मारना जरूरी है, जो राजनीति, समाज और परिवारों में घुसकर वायरस बनकर बैठा हुआ है।

# शालीनता से हारना भी नहीं आता

गुरुवार को हरियाणा चुनाव में मिली बुरी शिकस्त पर कांग्रेस की चुनावी समीक्षा हुई और नतीजा वही ढाक के तीन पात। जिस कारण चुनाव हारे इस समीक्षा बैठक की शुरुआत उसी के साथ हुई तब कोई सच्चाई के साथ किसी सार्थक नतीजे की उम्मीद कैसे कर सकता है। सुनने में आया है कि बैठक में निष्कर्ष निकाला गया की आपसी गुटबाज़ी के चलते और एकजुट होकर नहीं लड़ना हरियाणा में इस चुनावी पराजय का मुख्य कारण रहा।



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

सफलता असफलता की कोख से जन्म लेती है, लेकिन कोई सीखने को तैयार ही नहीं हो तो यही कहा जाएगा कि शालीनता से हारना भी नहीं आता सीखने की बात तो बहुत दूर की है।

कुमारी शैलजा हरियाणा में कांग्रेस का एक बहुत बड़ा दलित चेहरा है, जिन्हें कांग्रेस हाई कमांन की शह के बाद भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ग्रुप ने इस चुनाव में प्रारंभ से ही प्रताड़ित किया, उनके मांगने पर भी उन्हें टिकट नहीं दिया गया, उनके समर्थकों को टिकट नहीं दिया गया, चुनाव के दौरान उन्हें जाती सूचक शब्दों से संबोधित कर बेइज्जत किया गया, हुड्डा ने अपने समर्थकों को नब्बे में से बहत्तर सीट दिलवा दी जोकि बगैर हाई कमांन की सहमति के संभव ही नहीं था, क्योंकि राहुल गांधी और उनके सिपहसलारों ने हुड्डा को खुली छूट देकर चुनाव में पार्टी की फूट की नींव रख दी थी। चुनावी समीक्षा की शोक सभा में कुमारी शैलजा जैसी दिग्गज नेता की उपेक्षा कर उन्हें इस बैठक में भाग लेने का निमंत्रण न भेजकर इस छद्म समीक्षा का तर्कहीन उदाहरण ही पेश किया गया है। जब समीक्षा एकपक्षीय हो तो नतीजा निष्पक्ष कैसे निकलेगा?

कांग्रेस को भी लोकसभा में 543 में से 99 सीट लाकर विजयी शंख ध्वनि की बांसुरी बजाते-बजाते 99 के अंक से बहुत प्रेम हो गया लगता है। इनके सारे महासचिवों, प्रवक्ताओं की हार की प्रतिक्रियाओं को ध्यान से सुनें तो सभी कह रहे हैं जिन ईवीएम की बैटरी (99) प्रतिशत थी वहां भाजपा जीती और जहां 65 प्रतिशत थी वहीं सिर्फ कांग्रेस जीती। एक बालक को भी कितनी हास्यास्पद बात नजर आती होगी।

आजकल हम सभी मोबाइल का प्रयोग करते हैं और घर से निकलते हुए लगभग 99 प्रतिशत या शत प्रतिशत मोबाइल की बैटरी चार्ज करके निकलते हैं और शाम को घर वापस आते-आते तक बैटरी 65 प्रतिशत छोड़ो कई बार 10 प्रतिशत ही रह जाती है तब क्या हमारी मोबाइल पर बात नहीं होती, व्हाट्सएप नहीं आते, एसएमएस नहीं आते, मेल नहीं आते, इंस्टाग्राम, एक्स, फेसबुक काम नहीं करते? करते हैं तो यह कौन सा 99 प्रतिशत और 65 प्रतिशत का नया खेल जनता को समझाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है, उलजलूल दलीलें दी जा रहीं है, निर्वाचन आयोग को दोष दिया जा रहा है, भाजपा को दोष दिया जा रहा है। नहीं किया जा रहा तो सिर्फ़ ईमानदार आत्मावलोकन नहीं किया जा रहा। खैर इसकी उम्मीद भी नहीं थी और न ही होगी। मुझे तो इस हार का मुख्य कारण ही राजशाही परिवार का "गांधी" सरनेम ही नजर आता है, जिसे समर्थक चापलूसी के चलते मानने को तैयार नहीं हैं और देश इस पचपन वर्षीय राजशाही नौनिहाल पर विश्वास करने को तैयार नहीं है। देश तो छोड़ो अब इस हार के बाद बिना किसी वैचारिक प्रतिबद्धता के बने खंडित, विखंडित इंडी गठबंधन के मुख्य साथी भी राहुल और कांग्रेस को गरिया रहे हैं और यह सब कांग्रेसी भीगी बिल्ली की तरह दुम दबाकर अपनों के द्वारा ही अपना हाल बेहाल होता देखकर सकते में हैं। उन्हें लगने लगा है की सिर्फ़ मोदी को सत्ताच्युत करने के उद्देश्य से बने इस इंडी गठबंधन के स्वघोषित भविष्य के प्रधानमंत्री के हाथ उनका भविष्य असुरक्षित है। वरना उमर अब्दुल्ला क्यों कह रहे हैं कि हम कांग्रेस के बिना भी जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने को तैयार हैं। दिल्ली में आप पार्टी ने अगला विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है, उधर शिव सेना उद्धव गुट अपने अखबार सामना के द्वारा कांग्रेस को आंख दिखा रहा है।

हरियाणा की हार से अहंकार त्यागने का सबक दे रहा है, उद्धव को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने की बात कह रहा है, उत्तर प्रदेश जहां कांग्रेस होने वाले दस उपचुनाव में दस में से पांच सीटें मांग रही थी। समाजवादी पार्टी के अखिलेश ने दस में से छह सीटों पर कांग्रेस से बात किए बिना अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। अति आत्मविश्वास से भरी कांग्रेस पार्टी का इन्हीं के गठबंधन के साथियों ने क्या हाल कर दिया है। यही हाल होता है जब कोई गठबंधन बिना किसी वैचारिक सामंजस्य के नकारात्मक विचार की नींव पर बनाया जाता है। हरियाणा विधानसभा कांग्रेस को बहुत कुछ सीखा रहें हैं। सफलता असफलता की कोख से जन्म लेती है, लेकिन कोई सीखने को तैयार ही नहीं हो तो यही कहा जाएगा कि शालीनता से हारना भी नहीं आता सीखने की बात तो बहुत दूर की है।

## सोशल फोरम

# सांस्कृतिक जड़ों का सुख

दशहरे की आहट के साथ पूर्वी और उत्तर भारत के कुछ राज्यों में ग्रामीण मेलों की शुरुआत हो गई है। कभी ये मेले ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ और मनोरंजन के प्रमुख साधन हुआ करते थे। इनका जादू लोगों, खासकर स्त्रियों और बच्चों के सर चढ़कर बोलता था। आधुनिकता की तेज रफ्तार में इन मेलों की प्रासंगिकता अब पहले जैसी तो नहीं रही, मगर एक मामले में तो इनकी उपादेयता हमेशा बनी रहेगी। यदि कुछ देर के लिए आप मन से आभिजात्य की धूल झाड़कर अपनी जड़ों की ओर लौट चलना चाहते हैं तो ऐसे किसी मेले के चक्कर लगा आईए। वहां किसी दुकान पर मुढ़ी-पकौड़ी और गरमागरम जलेबियां खाईए। बीवी के लिए चोटी, रिबन, चूड़ियां, टिकुली-सिंदूर और बच्चों के लिए हवा, मिठाई और गुड़ के गट्टे खरीद लीजिए। कहीं बाईस्कोप दिखे तो दिल्ली के कुतुब मीनार और आगरे के ताजमहल की सैर पर निकल जाईए। किसी थिएटर में नौटंकी-सौटंकी, नाच-गाने देखिए। यदि दिल के मरीज नहीं हैं तो झूले में थोड़ा सा ऊपर-नीचे हो लीजिए। गांव की

गांव के ये मेले जीवन की समस्याओं और जटिलताओं से मुक्ति के आदिम और कारगर तरीके हैं। यह अपनी मिट्टी का असर है। अपनी सांस्कृतिक जड़ों में प्रवेश का सुख।

औरतों की धराऊ साड़ियों से उठती फिनाइल की चौतरफा गंध महसूस करिए। यह बिल्कुल मत सोचिए कि आपको यह सब करते देख कोई आप भद्र पुरुष या महिला को गंवार कह देगा। हम सब जन्म से गंवार ही हैं। भद्रता हमारा ओढ़ा हुआ चरित्र है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए इस आरोपित भद्रता से गाहे-बगाहे मुक्ति की दरकार होती है। मेले से भद्रता का ऐसा नैसर्गिक प्रतिकार कर जब आप घर लौटेंगे तो तमाम मानसिक, भावनात्मक थकावट सिरे से गायब हो चुकी होगी।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

गांव के ये मेले जीवन की समस्याओं और जटिलताओं से मुक्ति के आदिम और कारगर तरीके हैं। यह अपनी मिट्टी का असर है। अपनी सांस्कृतिक जड़ों में प्रवेश का सुख।

-फेसबुक वॉल से

# दक्षिण कोरिया की कथाकार हान कांग

कोरिया की सबसे मशहूर किताब की दुकान का नाम है "क्योबो" जो सेओल के चोंगनो क्षेत्र में स्थित है। इसके चेन स्टोर अन्य जगहों पर भी हैं। छोटे स्टेडियम जैसी दूर तक फैली इस दुकान में तेईस लाख किताबें हैं। हर दीवार पर किताबें सजी हैं, लेकिन एक दीवार दशकों से सूनी थी। उस पर टंगे बोर्ड पर लिखा था "नोबेल विजेता कोरियाई लेखक के लिए आरक्षित"। बीते दिनों उस बोर्ड का सूनापन दूर हो गया। कोरियाई साहित्य रसिकों का मनोरथ पूरा हुआ। दक्षिण कोरिया की कवयित्री और कथाकार हान कांग को नोबेल पुरस्कार मिला है। यह हान कांग (जन्म 27.11. 1970) ने शैशवकाल से ही अपना जीवन कोरियाई और विश्व साहित्य के गौरव ग्रंथ के साथ बिताया। उसके पिता हान संग-वन फणीश्वरनाथ रेणु की तरह कोरियाई साहित्य में आंचलिक उपन्यास के सफल प्रयोगकर्ताओं के रूप में जाने जाते हैं। उनकी एक कथा पर "आजे आजे परा आजे" (प्रज्ञा पारमिता हृदय सूत्र की एक पंक्ति का कोरियाई अनुवाद जिसका अर्थ है, चलें, मोहमुक्त हो आगे बढ़ें) नामक फिल्म भी बन चुकी है। हान कांग के बड़े भाई (दो साल बड़े) भी पिछले बीस वर्षों से बहुत परिश्रम से कहानी और उपन्यास लिखते आ रहे हैं और साहित्य के पथ पर अपनी बहन का मार्गदर्शन भी करते आ रहे हैं। हान कांग ने अपने एक साक्षात्कार में कहा कि बचपन में उनके लिए किताबें अर्ध-जीवित प्राणी थीं, जिनके साहचर्य में उन्हें सहजता का अनुभव होता था। किताबें उन्हें आश्वस्त करती थीं, "मैं तुम्हारे साथ हूं-मैं तुम्हारी रक्षा करूंगी।" मकान बदलकर नए इलाके में जाने पर पड़ोस के बच्चों से दोस्ती बाद में होती थी, पहले अपने पुराने दोस्त पुरानी किताबों की आलमारी से मिलती थी। पुरानी किताबों की संगति के कारण उन्हें लगता था कि मैं नई जगह तो आई हूं, लेकिन पुराने दोस्तों से जुदा नहीं हुई हूं।



पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

किशोरावस्था में हान कांग रूसी साहित्य, विशेषकर दोस्तोवस्की और पास्तरेनाक के उपन्यासों की दुनिया में डूबी रहती थी। 14 साल की उम्र में उन्होंने कोरियाई साहित्यकार लिम चल-वू की एक कहानी "साफ्यंग स्टेशन" पढ़ी, जिससे वह बहुत प्रभावित हुईं। इस कथा में बर्फीली रात में एक छोटे से कस्बाई रेलवे



स्टेशन के माध्यम से हासिए पर जी रहे गरीब-गुरबा के जीवन की थकान का सहानुभूतिपूर्ण वर्णन है। इसमें कोई नायक नहीं है, आखिरी ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे यात्री साथ बैठे हैं- एक खांसता है, दूसरा अपने बगलगीर मुसाफिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश करता है, एक यात्री घूरे की आग की आंच में लकड़ी रख रहा है, आंच के चारो ओर बैठे यात्री अपने शरीर को गरमा रहे हैं। वहां एक किसान भी है, जिसका मुख म्लान है-उसे इस बात का अफसोस है कि हिमानी और बेशुमार ठंडी रात में जब उसके बूढ़े बाप ने कहा, मुझे अस्पताल ले चलो, उसे इस अनुरोध पर मन ही मन गुस्सा क्यों आया। दो खोमचे वाले भी हैं और दो औरतें हैं-एक अधेर उम्र की मोटी औरत है और एक जवान लड़की है, जिसने मेकअप काफी कर रखा है। अपने साहित्य सिंचित पारिवारिक परिवेश और इस कथा की मोहिनी शक्ति के कारण हान कांग ने किशोरावस्था में लेखक बनने का फैसला किया। सेओल-स्थित यनसे विश्वविद्यालय में उन्होंने कोरियाई साहित्य का अध्ययन किया। बाद में यूरोप और अमेरिका में कुछ महीने बिताने के बाद उन्होंने समकालीन विश्व साहित्य की ऊर्जा और ऊष्मा को अच्छी तरह जाना और समझा। डब्लू जी सेबाल्ड की ऑस्टरलिट्ज़, द इमिग्रेंट्स, ए प्लेस इन द कंट्री आदि पुस्तकों को पढ़कर उन्हें महसूस हुआ कि लेखक ने सामूहिक स्मृति को आत्मसात करने के लिए अंतर्जगत में गहराई से प्रवेश किया है।

जॉर्ज लुइस बोर्जेस, प्राइमो लेवी, इटालो कैल्विनो, अरुंधति रॉय की रचनाओं को भी उन्होंने चाव से पढ़ा। आरंभ में हान कांग कविता लिखती थीं। उनके साहित्यिक जीवन का आरंभ तेईस साल की अवस्था मे हुआ जब "साहित्य और समाज" नामक पत्रिका में उनकी पांच कविताएं छपीं। 1995 में उनकी छोटी कहानियों की पहली किताब आई, "यसु शहर का प्यार"। नोबेल समिति ने उन्हें "गहन काव्यात्मक गद्य में इतिहास के जख्म को, सामूहिक स्मृति की पीड़ा को और मानव जीवन की अनिश्चितता और नश्वरता को पिरोने" के कौशल के लिए पुरस्कृत किया गया है।

# सांस्कृतिक चेतना और दशहरे का पर्व

पर्वतीय प्रदेश उत्तराखंड में भी दशहरे का पर्व तीनों अंचलों में अपनी-अपनी संस्कृति और ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार विशिष्ट अंदाज में मनाया जाता है। तीनों अंचलों में से कुमाऊं की रामलीला और कुमाऊं का दशहरा देश भर में ही नहीं वरन विश्व प्रसिद्ध है, जिसे देखने के लिए देश और विदेश दोनों से ही हजारो सैलानी भी आते हैं।

अल्मोड़ा में आयोजित होने वाला दशहरा पर्व भी कुल्लू के दशहरे की भांति विश्व प्रसिद्ध है। आपको देश भर में दशहरे के पर्व पर रावण के परिवार के अधिकतम तीन पुतले दिखाई देंगे, लेकिन यहां पर दशकों से रावण परिवार के लगभग डेढ़ दर्जन पुतला निर्माण की परंपरा है। पुतले निर्माण में स्थानीय और कुशल दोनों ही प्रकार के कलाकार अपनी समस्त ऊर्जा और कल्पना शक्ति और कलात्मक कौशल को झोंक देते हैं। अल्मोड़ा के दशहरे पर्व की खास बात यह है कि यहां महीने भर पहले ही पुतले निर्माण की तैयारी आरंभ हो जाती है। दशहरे के दिन जब सभी पुतलों की सामुहिक झांकी निकाली जाती है और ढोल बाजे नृत्य-संगीत के साथ बाजार में घुमाया जाता है, जिसमें उत्साह, उल्लास, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक सहभागिता प्रदर्शित होती है। अल्मोड़ा के पुतला निर्माण की कला में अख्तर भारती का योगदान उल्लेखनीय और अतुल्य है।



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

इन्होंने लखनऊ के आर्ट्स कॉलेज से कला की शिक्षा ग्रहण की। पुतला निर्माण में इन्हें महारत हासिल थी। 1975 तक यहां पर केवल रावण का पुतला बनाया जाता था और 1976 से मेघनाथ का पुतला भी बनाया जाने लगा। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में रामलीला के मंचन से लेकर विजयदशमी के पर्व तक के आयोजन में मुसलमान हुनरमंदों और कलाकारों का साज-सज्जा से लेकर आयोजन तक में योगदान रहता है। कुमाऊं की ही भांति गढ़वाल की रामलीला भी काफी लोकप्रिय है। दशहरे के पर्व पर देहरादून, कोटद्वार और श्रीनगर आदि विभिन्न स्थानों पर दशहरे के मेले के आयोजन के साथ पुतला दहन किया जाता है। गढ़वाल में महाष्टमी के दिन राजराजेश्वरी देवी की पूजा का भी विधान है, जिसमें टिहरी राजपरिवार द्वारा पारंपरिक शस्त्र पूजन किया जाता है और इस शस्त्र पूजन का आरंभ गढ़वाल में पवार वंश के द्वारा आरंभ किया गया। देश के कई स्थान ऐसे हैं, जहां रावण का पुतला दहन नहीं किया जाता। उत्तराखंड में भी जौनसार बाबर के जनजातीय क्षेत्र में रामलीला का मंचन तो किया जाता है, परंतु रावण का पुतला दहन नहीं किया जाता। इस क्षेत्र में विजयदशमी के पर्व को पांइता पर्व के रूप में मनाने की परंपरा है। इस पर्व में जौनसार बाबर के उत्पाल्टा और करौली गांव के मध्य गागली युद्ध होता है, जो अरबी के डंठलों से खेला जाता है। गागली युद्ध प्रतिशोध की भावना से नहीं वरन पश्चाताप की भावना से खेला जाता है।

उत्तराखंड में यद्यपि मैदानी भागों की तरह रामलीलाओं में बेतहाशा खर्च, चकाचौंध, भव्यता और अट्टालिकाओं को छूती पुतलों की ऊंचाई नहीं होती, लेकिन यहां रामलीला और दशहरे का सांस्कृतिक, भावनात्मक और कलात्मक पक्ष बेहद समृद्ध है।

## एक नजर

### पिता से गाली-गलौज करने पर बेटा गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में मकान में रहने को लेकर पिता से विवाद करने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शुक्रवार को उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया। हयातनगर के मुहल्ला ढहरिया होली चौक के पास निवासी अबूजर अपने पिता से मकान में रहने को लेकर गाली गलौज कर रहा था। पिता पुत्र में विवाद होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अबूजर को हिरासत में ले लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

### सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में त्योहारों को लेकर संभ्रांत नागरिकों की बैठक में प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह ने कहा कि दशहरा को शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। शनिवार को दशहरा के उपलक्ष्य में सीता रोड व रामबाग धाम पर रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। बड़ा महादेव पर रावण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। त्योहार पर निकलने वाली यात्रा भी शांति से निकाली जाए। नई परंपरा न डालें और शांतिभंग करने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभासद तरुण कुमार नीरज, अशोक कुमार, राजकुमार शर्मा आदि रहे।

# पेड़ से टकराई पिकअप, चालक की मौत

## दो लोग घायल, मुरादाबाद रोड पर गांव भुलावई के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


भुलावई गांव में पेड़ से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त पिकअप।

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद रोड स्थित गांव भुलावई के पास पिकअप सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक सोनभद्र जनपद का निवासी बताया जा रहा है। ये तीनों लोग विद्युत निगम में ठेकेदार के साथ कार्य करते हैं।

गुरुवार रात 2 बजे मुरादाबाद की ओर से आ रही पिकअप बनियाठेर थाना क्षेत्र के भुलावई के पास सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घाल हो गए। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने एंबुलेंस

- **विद्युत निगम में ठेकेदार के पास कार्य करते थे तीनों लोग**

की मदद से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने देखते ही राम सागर (35) पुत्र शिव वरन निवासी थाना ओबरा जनपद सोनभद्र को मृतक घोषित कर दिया। राम नरेश पुत्र मान सिंह निवासी थाना ओबरा जनपद सोनभद्र व रिंकू पुत्र हिमाचल निवासी गांव खटेटा थाना कुढ़फतेहगढ़ की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया कि ये तीनों लोग मुरादाबाद मार्ग पर बिछाई जा रही नई विद्युत लाइन पर ठेकेदार के साथ कार्य कर रहे थे। तीनों लाइन मैन बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मृतक व घायलों के परिजनों को दी गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक को झपकी आने पर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

### ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क पर पलटी

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में ओवरटेक करते समय ट्रक की टक्कर लगने से धान की बोरियों से लदी ओवरलोड़ ट्राली संभल हसनपुर मार्ग पर पलट गई। गनीमत रही की इस हादसे में चालक को चोट नहीं आई। मुजफ्फरनगर जिले के गांव चरथावल निवासी बिलाल शुक्रवार की रात हापुड़ जिले की तहसील गढ़मुक्तेश्वर से धान की बोरियों से लदी ओवरलोड़ ट्रैक्टर ट्राली लेकर संभल जिले की मंडी समिति बहजोई आने के लिए चला था। सुबह छह बजे के आसपास बिलाल ट्रैक्टर ट्राली लेकर जैसे ही नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी के पास पहुंचा। पीछे से ओवरटेक करते समय ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे बिलाल का ट्रैक्टर से नियंत्रण हट गया और अनियंत्रित होकर ट्राली संभल हसनपुर मार्ग के किनारे पलट गई। धान की बोरियां जमीन पर बिखर गईं।


सिंहपुरसानी के पास मार्ग पर पलटी पड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली।

### प्रसव में लापरवाही का आरोप, जिला अस्पताल में हंगामा

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नूरियो सराय निवासी अरुण कुमार ने 13 दिन पहले प्रसव के लिए अपनी गर्भवती पत्नी नेहा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां छोटे ऑपरेशन से नेहा ने बेटी को जन्म दिया था।

इसके बाद जिला अस्पताल से छुट्टी कराकर परिजन महिला को घर ले गए थे। तीन पहले हालत बिगड़ने पर अरुण कुमार ने पत्नी को उपचार के लिए फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार को अरुण ने अपने परिजनों के साथ डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में हंगामा किया। कहा कि डॉक्टर ने छोटे ऑपरेशन के नाम पर मल द्वार तक कट लगाकर टांगे लगाए हैं। अरुण का आरोप है कि प्रसव के दौरान जबरदस्ती करने की वजह से नेहा की बच्चेदानी भी फट गई थी। डॉक्टर ने बिना बताए ही बच्चेदानी में भी टांगे लगा दिए। इसकी वजह से महिला की हालत में सुधार नहीं हो रहा है।

## सार संक्षेप


व्यापार मंडल की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

### व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष बने सुधीर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की संगठनात्मक बैठक का आयोजन बंगला बाजार में किया गया। जिसमें वर्ष 2024-27 के लिए अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष का चुनाव गोविंद गर्ग की देखरेख में संपन्न कराया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष पद के लिए सुधीर अग्रवाल, नगर महामंत्री पद के लिए देवेंद्र कुमार मोनू, कोषाध्यक्ष पद के लिए नितिन अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सभी पदाधिकारियों ने हाथ उठाकर अनुमोदन किया। इसके उपरांत उक्त तीनों के नाम की घोषणा कर दी गई। व्यापारियों ने तालियां बजाकर प्रसन्नता जाहिर की। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर विनय सर्राफ, मनोज वार्ष्णेय, कपिल वार्ष्णेय, दिनेश अग्रवाल, जयराम अरोरा, श्रीगोपाल, रजनीश वार्ष्णेय, संजय बंसल, मेवाराम, अतुल अग्रवाल, हाजी इश्त्याग बेग, संजीव अग्रवाल, मोहित गुप्ता, राहुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


मोहल्ला मोती में सुंदरकांड का पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

### राधा-कृष्ण मंदिर में हुआ सुंदर कांड का पाठ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से मोती मोहल्ला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, अनुज शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, जेएन मिश्रा, राजीव शर्मा, बृजेंद्र शर्मा, आलोक दुबे, सुरेश चंद्र शर्मा, राकेश चौबे ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने दरबार में माता रानी के दुख-दर्द मिटाए जाते हैं, राजेश शंखधार ने पवन उड़ाकर ले गयो री, मेरी मां की चुनरिया आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान लक्ष्मी नारायण, सर्वेश गुप्ता, रमेश ग्रेवाल, गुलशन अरोरा, गंगाराम शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, पीएन शर्मा, कपिल शर्मा, प्रवीण मोहन तिवारी, राजकुमार सक्सेना, जयप्रकाश, पवन कुमार, जितेंद्र, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले में सगे भाई गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कबीर की सराय निवासी सगे भाई नितिन व राजा को अंकित के पीटकर घायल करने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार देर शाम किसी बात को लेकर अंकित का सगे भाई नितिन व राजा के विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया था कि राजा व नितिन ने मिलकर अंकित को मारपीट करते हुए घायल कर दिया था। तहरीर मिलने पर पुलिस ने जिला अस्पताल में अंकित का मेडिकल कराकर नितिन व राजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

# दुकान से नकदी चोरी कर लगाई आग

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन पुलिस चौकी से कुछ दूर नकदी चोरी करने के बाद रेडीमेड की दुकान में आग लगा दी गई। इसमें जलकर लाखों रुपये के रेडीमेड कपड़े व अन्य सामान नष्ट हो गया।

सरायतरीन के मोहल्ला नवादा निवासी शाकिर की मोहल्ला में ही पुलिस चौकी से चंद कदम दूर एमएस गारमेंटस के नाम से रेडीमेड कपड़े बेचने की दुकान है। गुरुवार रात शाकिर दुकान बंद करने के बाद घर चले गए थे। देर रात किसी समय संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में आग लग गई। तड़के साफ सफाई करने पहुंचे सफाई कर्मचारी ने दुकान से धुंआ निकलता देखकर आग लगने की सूचना शाकिर को दी। शाकिर ने ताला खोलकर जैसे ही



सरायतरीन में घटनास्थल पर मौजूद लोग।

- **दुकान मालिका का दावा- आग से छह लाख रुपये का हुआ नुकसान**

शटर उठाया तो दुकान से आग की लपटें बाहर निकलने लगीं। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस व अन्य लोगों ने पानी डालकर दुकान की आग पर काबू पाया। शाकिर का कहना है कि छत से उतर रही सीढ़ी के रास्ते से होकर अज्ञात व्यक्ति ने दुकान में आग लगाई है। आग में जलने से बचे काउंटर की दराज में रखी 5 हजार रुपये की नकदी निकालकर अज्ञात व्यक्ति अपने साथ ले गए हैं। दुकान की आग में जलकर रेडीमेड कपड़े व अन्य सामान सहित छह लाख रुपये का नुकसान हो गया है।

### आशा से अभद्रता पर 8 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बहजोई, अमृत विचार:** गांव की आशा कार्यकर्ता को रोककर कुछ लोगों ने गाली गलौज व छेड़खानी की। पुलिस ने आशा की तहरीर पर 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव बमनैटा में आशा कार्यकर्ता घरों में आभा आईडी का सर्वे कर रही थी। तभी गांव के ही कुछ लोगों ने आशा को रास्ता में रोक लिया। आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो आशा की साड़ी पकड़कर खींच ली। आशा ने छेड़खानी का भी आरोप लगाया है। इसके बाद वह गांव से बहजोई कोतवाली पहुंची। जहां उसने प्रभारी निरीक्षक को मामले की जानकारी दी। कोतवाल को बताया कि उसके साथ अभद्र व्यवहार व छेड़खानी की गई। उसके बच्चों को भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आशा की तहरीर पर गांव के ही रोहतास, देवराज, जानकी, सरिता, प्रवेश, शशि कपूर, भूरी और सपना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## दो महिलाओं सहित 8 लोग गिरफ्तार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नखासा थाना थाना क्षेत्र में अलग अलग जगह विवाद करने पर शुक्रवार को दो महिलाओं सहित पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया। जिसमें जकी अनवर व कमाल फहीम निवासी मुहल्ला दीपा सराय। मुहल्ला हिंदूपुरा खेड़ा निवासी मोहम्मद अजीम, गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी इमरान व भूरा और नाजिम की पत्नी फात्मा व इमरान की पत्नी मंतसा। वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला देहली दरवाजा निवासी वीरेश को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने सभी का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

### 10000 रुपये की नकदी लेकर चोर फरार

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बैटला निवासी नन्हे ने शुक्रवार को बताया कि बुधवार की देर रात चोर घर में घुस आए और कमरे में बैग में रखे दस हजार रुपये की नकदी निकाल लिए। आहत होने पर नन्हे की आंख खुल गई तो चोर नकदी लेकर भाग गए। चोरों को भागते देखकर नन्हे ने शोर मचा दिया। शोर को सुनकर मुहल्ला के लोग भी मौके पर आ गए। ग्रामीणों ने चोरों का पीछा किया।


कांग्रेस जिलाध्यक्ष को धरने से उठाते सीओ व एसडीएम।

## भूमि पर कब्जे के विरोध में धरना

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** चंदौसी मार्ग स्थित गांव मोहम्मदपुर टांडा में भूमि पर कब्जे के विरोध में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने लोगों के साथ एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना दिया। सूचना मिलने पर पहुंचे सीओ ने धरना दे रहे लोगों को उठा दिया।

शुक्रवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने लोगों के साथ एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना शुरू किया। उन्होंने कहा कि चंदौसी मार्ग पर गांव मोहम्मदपुर टांडा में स्थित भूमि पर एक व्यक्ति विधि विरुद्ध तरीके से कब्जा करके निर्माण कर रहा है। इस संबंध में डीएम को शिकायती पत्र दिया लेकिन निर्माण नहीं रुका। एसडीएम की अदालत में खाता विभाजन का वाद भी दायर कराकर स्थगन की मांग की। फिर से डीएम से शिकायत की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मंडलायुक्त को पत्र भेजकर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की। इस बीच सीओ अनुज कुमार चौधरी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने धरने पर बैठे लोगों को उठा दिया। एसडीएम विनय कुमार मिश्र भी मौके पर आ गए।

## अवैध वसूली करते मीडियाकर्मी को हिरासत में लिया, साथी फरार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल कोतवाली पुलिस ने अवैध वसूली व धमकाने के मामले में मीडियाकर्मी को हिरासत में लिया है। इस पर रंगदारी के मामले में फैसला न करने पर धमकाने व अवैध वसूली करने का आरोप है।

हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बैटला निवासी इब्राहीम का असमोली थाना क्षेत्र के गांव मदाला में मेडिकल स्टोर स्थित है। इब्राहीम का आरोप है कि रंगदारी के मामले में उसने मीडियाकर्मी नखासा थाना क्षेत्र के गांव कैशोपुर भंडी निवासी मैहराजुल हसन व गांव बैटला निवासी कपिल ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जेल से छूटते ही ये दोनों फैसला करने का दबाव बनाने लगे। गुन्नौर से खुद को पत्रकार बताने वाले इनके साथी गजेंद्र ने एक अक्टूबर को संभल में गुप्ता होटल के पास बुलाया और 40 हजार रुपये की मांग की। इब्राहीम का आरोप है कि योजना बनाकर कपिल ठाकुर व मैहराजुल हसन ने कोतवाली क्षेत्र में मुरादाबाद मार्ग पर स्थित बुलेट के शोरूम के पास शुक्रवार दो बजे बुलाया था। कपिल व मैहराजुल ने एक लाख रुपये की इब्राहीम से मांग की। उसने कपिल को 500 नोट के 10 हजार रुपये देते हुए वीडियो बना लिया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार कब्जे में लेकर कपिल ठाकुर को हिरासत में ले लिया। जबकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही मैहराजुल हसन भाग गया। पुलिस ने सख्ती की तो कपिल ठाकुर ने 10 हजार रुपये निकालकर दिए। एएसपी श्रीशचंद्र ने बताया कि हिरासत में लेकर कपिल के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उधर, कपिल ठाकुर व मैहराजुल का कहना है कि उन्हें फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।

**दंगल** शहीद भगत सिंह अखाड़ा कैथल की ओर से कराई गई प्रतियोगिता

# पहलवान विशाल ने राकेश को किया चित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** श्री रामबाग धाम पर दुर्गा नवमी पर नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शहीद भगत सिंह अखाड़ा कैथल की ओर से कुश्ती एवं दंगल प्रतियोगिता कराई गई। इसमें कई राज्यों के पहलवान शामिल हुए। पहली कुश्ती पहलवान विशाल शर्मा व राकेश मुजफ्फरनगर के बीच हुई। यह कुश्ती पहलवान विशाल शर्मा ने जीती। दूसरी कुश्ती पहलवान फैजान व पहलवान श्याम सिंह के बीच कराई गई। इसमें फैजान विजयी रहे। तीसरी कुशती पहलवान शिवम सैनी व हरियाणा के पहलवान रोहित के साथ हुई। इसमें पहलवान शिवम सैनी ने जीत दर्ज की। चौथी कुश्ती कैथल के पहलवान महेंद्र व काशीपुर के पहलवान सोहिल के बीच हुई। इसमें महेंद्र ने विजयी रहे। अंतिम कुश्ती कैथल के पहलवान घमंडी व पंजाब के पहलवान संग्राम सिंह के बीच हुई। इसमें पहलवान घमंडी विजयी रहे। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक प्रतिनिधि विनोद शर्मा, ग्राम प्रधान प्रेम यादव, निशांत शर्मा, श्रीपाल सिंह दिवाकर, राजेश शंकर राजू, कमल कुमार, बंटू गुप्ता, बनवारी लाल, शिवम ठाकुर, अंशुल गुप्ता, राहुल गुप्ता, गिरीश रतन, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।


कुश्ती प्रतियोगिता में दाव-पेच आजमाते पहलवान। ● अमृत विचार

### दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 5 लोग घायल

**बहजोई, अमृत विचार:** रास्ते से निकलने के विवाद में दो पक्षों के बीच लाठी डंडे चले। इसमें एक पक्ष से एक ग्रामीण घायल हुआ तो दूसरे पक्ष की महिला सहित 4 लोग घायल हो गए। घायलों का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया। 3 लोगों को चिकित्सक ने गंभीर हालत में रेफर किया है।

गांव पुरा निवासी हरज्ञान सिंह व महेंद्र में घर के आगे से निकलने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और गाली गलौज करते हुए अपने हाथों में लाठी डंडे लेकर आ गए। दोनों ही पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष से हरज्ञान सिंह तो दूसरे पक्ष से सुनीता प महेंद्र , राजवीर सिंह शेर सिंह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।


**कार्यालयः- सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद**

पत्रांक : 1643 / स्वी0अनु0/धा0ख0/ हैण्ड0/ ई-टेण्डर/2024-25 दिनांक : 10 अक्टूबर, 2024

**अल्पकालीन धान खरीद ई-टेण्डर नोटिस (हैण्डलिंग कार्य हेतु)**

कार्यालय आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ के पत्रांक 3098/ मु0वि0अ0/धा0ख0-नीति प्रस्ताव-I/2024-25 दिनांक-24.07.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं0-553/29-4-2024/1831/2020 दिनांक 24.07.2024 के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों तथा खाद्यायुक्त कार्यालय के पत्रांक-956/आ0वि0शा0 / हैण्ड0 परि0/ सिंगल स्टेज/आर0एफ0पी0 2023 दिनांक 29.02.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं0 380/29-6-2024/ई-6099/2641/2020 दिनांक-03.09.2021 द्वारा निर्गत प्राविधानों के अन्तर्गत दिये गये निर्देशों के अनुपालन में मुरादाबाद सम्भाग में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत खाद्य विभाग की विपणन शाखा के प्रस्तावित (जिलाधिकारी से अनुमोदन के अधीन) निम्न धान क्रय केन्द्र पर हैण्डलिंग कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन ई निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। उक्त शासनादेश में निर्धारित व्यवस्थान्तर्गत क्रय केन्द्रों का चयन जिलाधिकारी स्तर से किया जायेगा, यदि जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित क्रय केन्द्र का चयन नहीं किया जाता है अथवा चयन के उपरान्त निरस्त किया जाता है, तो क्रय केन्द्र हेतु डाली गयी समस्त हैण्डलिंग की निविदाएं निरस्त समझी जायेगी। हैण्डलिंग कार्य हेतु ई-निविदायें निम्न सूची अनुसार पृथक-पृथक केन्द्रवार प्राप्त की जायेंगी। केन्द्रवार क्रय केन्द्रों की सूची निम्नवत् है:-

| क्रम संख्या | जनपद का नाम | केन्द्र का नाम (खाद्य विभाग) |
|---|---|---|
| 1 | अमरोहा | 1. उपमण्डी स्थल नन्हेड़ा अल्यारपुर |

1. प्रति केन्द्र निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये-500+90=590/- (जी0एस0टी0 सहित)।
2. प्रति केन्द्र धरोहर धनराशि रुपये-30,000/- (मात्र तीस हजार रूपये)
3. सम्भागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के खाता सं0-34446938072 एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड-SBIN0000682 में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि की ''स्केन्ड कॉपी'' ऑनलाइन निविदा प्रपत्रों के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।
4. निविदा अपलोड किये जाने की दिनांक-12.10.2024 के प्रात: 10:00 बजे से दिनांक-18.10.2024 की प्रात: 10:00 बजे तक तथा टेक्निकल बिड खोले जाने की दिनांक-18.10.2024 अपरान्ह 12.00 बजे।
5. टेक्निकल बिड परीक्षणोपरान्त स्वीकार्य / अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की फाइनेंशियल बिड निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।
6. इच्छुक निविदादाता ऑनलाइन वेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं विभागीय वेबसाइट www.fcs.up.gov.in का अवलोकन करते रहें, चूंकि निविदा का विवरण एवं प्रपत्र, टेन्डर फार्म में नियम एंव शर्तें/निविदा की शर्तें, निर्धारित प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं निविदा सम्बन्धी अन्य सम्बन्धित जानकारी तथा निविदा की किसी भी शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की जानकारी उक्त ऑनलाइन वेबसाइट पर उपलब्ध होगें व निविदा सूचना के अनुसार निविदा सम्बन्धी जानकारी ऑनलाइन/ऑफलाइन अधोहस्तक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के पास सुरक्षित रहेगा।

(शैलेष कुमार)
आई0ए0एस0
सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक,
मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

## एक नजर

### निगम की बसों का पूरा नहीं हो रहा लक्ष्य

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि अमरोहा डिपो की बसों को हर रोज सवारियों का लक्ष्य दिया जाता है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को डिपो की बसों को 11 लाख 18 हजार रुपये का लक्ष्य दिया गया था। जबकि लक्ष्य से 2 लाख रुपये कम जमा किए गए। इसी प्रकार हर रोज रोडवेज की बसें यात्रियों के लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रही हैं। मार्गों पर टीआई द्वारा बसों की चेकिगं भी लगातार की जा रही है। इसके बाबजूद राजस्व का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा हैं। इस कारण हर माह परिवहन निगम को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा हैं।

### रिटेल स्टोर व सामान की डिलीवरी की जानकारी दी

**गजरौला, अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में खुदरा व्यापार प्रबंध के तहत रिटेल स्टोर एवं सामान की डिलीवरी विषय पर गेस्ट लेक्चर दिया गया। जिसमें कालेज की कक्षा नौ व दस की छात्राओं को खुदरा व्यापार से सम्बंधित जानकारी दी गई। इंडस एडयूटैन प्राइवेट लिमिटेड के स्टेट को आर्डिनेटर इमरान खान के निर्देशन में व्यवसायिक शिक्षा के अध्यापक विजयपाल सिंह एवं नगर के रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संयम ने स्टोर मैनजमेंट, स्टोर हैंडलिंग एवं स्वास्थ्य और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को कॉमर्स विषय में और अच्छी पकड़ बनाने के लिए टिप्स दिए एवं रिटेल विषय में ज्ञानवर्धक बनने के टिप्स भी दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या नीतू सिंह, विजय लक्ष्मी, सीमा रानी, माधुरी सिंह, सोनम, विकास आदि मौजूद रहे।

### महानवमी पर बांटे फल

**हसनपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को महानवमी पर राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ता संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा के साथ क्षेत्र के ग्राम डोमखेड़ा स्थित बाबा घनश्याम दास वृद्धाश्रम में पहुंचे। वहां उन्होंने फलों का वितरण किया। कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर फल बांटने से पुण्य मिलता है। इसी उद्देश्य से राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ता सहयोगियों के साथ वृद्धाश्रम आए और फलों का वितरण किया है। इस अवसर पर सुशील भगत, मोनू अग्रवाल, हरिराज सिंह, महिपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, खड़क सिंह, इंद्रेश कुमार एवं वृद्धाश्रम के संचालक मंडल के लोग उपस्थित रहे।

# पंचायत सेवक पर तेंदुए ने मारा झपट्टा

## युवक की शुक्रवार को होनी थी मंगनी, कुछ घंटे पहले ही तेंदुए ने किया हमला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** तेंदुए ने गुरुवार की देर शाम बाइक सवार पंचायत सेवक पर हमला कर दिया। इस दौरान पंचायत सेवक बाइक से नीचे गिर गया तो तेंदुआ सुधांशु की गर्दन पकड़कर उसे खींचकर ले जाने लगा। तभी उधर से गुजर रहे कार सवार ने लगातार हॉर्न बजाना शुरू कर दिया। कार का हार्न सुनकर तेंदुआ भाग निकला। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल पंचायत सेवक की शुक्रवार को मंगनी होनी थी।

घटना थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव नौगांवा तगा के पास की है। गांव नौगांवा तगा में भूकन सिंह दिवाकर का परिवार रहता है। भूकन सिंह धनौरा की निजी कालोनी में अपना मकान बनवा रहे हैं। उनका मंझला बेटा सुधांशु उर्फ गोलू पंचायत सेवक के पद पर तैनात है। वह अपने धनौरा के निर्माणाधीन मकान की देख रेख करने गया था। सुधांशु गुरुवार की शाम साढे.सात



नौगांवा तगा में लगा पिंजरा व साथ में वन विभाग की टीम।

- **कार का हार्न बजने पर युवक को छोड़कर भागा तेंदुआ**

बजे अपने घर वापस आ रहा था। वह गांव के लिए धनौरा-नौगांवा मार्ग पर कनक होटल के सामने से कच्चे रास्ते से बाइक से जा रहा था। तभी तेंदुए ने उस पर झपट्टा मार दिया, जिससे सुधांशु नीचे गिर गया। इसके बाद तेंदुए ने सुधांशु को खींचते हुए उसकी गर्दन और सिर नोचना शुरू कर दिया। तभी वहां से गुजर रहे कार सवार ने हॉर्न बजाना शुरू कर दिया तो तेंदुआ सुधांशु को छोड़कर भाग निकला। इस पर सुधांशु ने हिम्मत कर फोन से घर को सूचना दी। तेंदुए के हमले की जानकारी पर सुधांशु के भाई ने मकान की छत पर चढ़कर शोर मचा दिया और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर बाइकों से घटनास्थल की ओर चल दिए, लेकिन तब तक तेंदुआ भाग गया था। ग्रामीणों ने सुधांशु को एंबुलेंस से मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सुधांशु की शुक्रवार को मंगनी होनी थी। इस घटनाक्रम से मंगनी का कार्यक्रम भी स्थगित हो गया है। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत है।

### आसपास के गांवों में तेंदुए की दहशत

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** तेंदुआ कभी ग्राम यूसुफपुर में तो कभी ग्राम बांसखेड़ी तो कभी नौगांवा सादात तहसील परिसर में दिखाई देता है। ग्राम बांसखेड़ी और नौगांवा में पिंजरे लगाने के बाद भी तेंदुआ वन विभाग की टीम से दूर है। वन विभाग की टीम इस तेंदुए को नहीं पकड़ पा रही है। एक सप्ताह में नौगांवा तगा के दो युवकों पर यह तेंदुआ हमला कर चुका है। एक सप्ताह पहले नौगांवा तगा के असलम के भाई कासिम पुत्र इस्लामुद्दीन पर हमला कर चुका था। तब वन विभाग की टीम ने इसको बंदर बताया था। घटना के बाद शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने गांव में पिंजरा लगा दिया है।

## 21 बीघा जमीन दिखाकर 41 लाख रुपये हड़पे

**अमरोहा, अमृत विचार :** जमीन की खरीद-फरोख्त में कारोबारी से 41 लाख रुपये हड़प लिए और जमीन दूसरे लोगों को बेच दी। रुपये वापस मांगने पर कारोबारी को जान से मारने की धमकी दी गई। कोर्ट के आदेश पर दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

मामला जोया कस्बा का है। यहां पर मोहल्ला चौधरियान निवासी शोएब की मुलाकात बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा निवासी जब्बार, माजिद, आशा, शहनाज व शाहरुख से हुई थी। इन लोगों ने अपनी 21 बीघा जमीन 90 लाख रुपये में बेचने की बात कही थी। राजस्व अभिलेख में जमीन के मालिक के रूप में शहनाज और शाहरुख का नाम दर्ज है। इस दौरान उन्होंने बयाने में 41 लाख रुपये दे दिए। लेकिन बाद में आरोपियों ने जमीन दूसरे लोगों को बेच दी। शोएब ने बैनामा कराने की बात कही तो आनाकानी करने लगे। धोखाधड़ी का एहसास होने पर शोएब ने अपने रुपये मांगे तो आरोपियों ने लौटने से मना कर दिया। इतना ही नहीं दोबारा तगादा करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित शोएब ने कोर्ट की शरण ली थी। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार संक्षेप

### डॉ. शादाब सैफी ने छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की

**सैदनगली, अमृत विचार :** गांव राजपुर के दून ग्लोबल एकेडमी में जेबा सैफी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. शादाब सैफी ने शिविर लगाकर स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं चेकअप किया। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि मौसम बदल रहा है। इससे बुखार, टायफाइड, मलेरिया, खांसी जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। चिकित्सक ने शिक्षकों को बताया कि बच्चों के परिजनों से बात कर उन्हें स्वस्थ रखने के लिए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



बच्चो का चेकअप करते चिकित्सक।

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** टीचर्स कालोनी निवासी पूजा पुत्री राजेन्द्र शर्मा की शादी साल 2018 में मोहल्ले के निवासी अंशुमान पुत्र ओमप्रकाश शर्मा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ही ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया। दहेज पांच लाख रुपये और एक भूखंड की मांग की। इनकार करने पर पूजा को कमरे में बंद कर मारपीट की गई। इसके बाद ससुराल पक्ष ने मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पंचायत में समझौता होने पर 21 सितंबर को पीड़िता वापस ससुराल पहुंची तो 23 सितंबर को फिर से ससुराल पक्ष ने उसके साथ फिर से मारपीट की और घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपी पति अंशुमान समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### कांग्रेसी करेंगे कलेक्ट्रेट का घेराव : ओमकार

**हसनपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी ने गन्ना समिति के चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार एवं भाजपा पर आरोप लगाए हैं। पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि इसके विरोध में 15 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी एवं प्रदेश सरकार ने संविधान और लोकतंत्र को प्रदेश में समाप्त कर दिया है। विपक्ष के लोगों को पर्चे तक नहीं खरीदने दिए। प्रशासन पूरी तरह भाजपा के लोगों का समर्थन करता रहा। प्रशासन और पुलिस जानबूझ के उनका साथ देती रही। कांग्रेस पार्टी संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुप नहीं रहेगी। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए कांग्रेस पार्टी 15 अक्टूबर को कलक्ट्रेट का घेराव करेगी। उन्होंने लोगों से निवेदन किया कि जनहित की इस लड़ाई में और संविधान में लोकतंत्र की रक्षा के लिए काम करें।



मंदिर के बाहर लगी श्रद्धालुओं की कतार।

### वाराही माता मंदिर में जात लगाने को लगी कतार

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के वाराही माता के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। यहां शारदीय नवरात्र पर तीन दिन मेला लगता है। शुक्रवार को श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट स्थित वाराही माता के मंदिर में तीसरे दिन भी सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचते रहे। यहां शारदीय नवरात्रि की सतमी, अष्टमी एवं नवमी को विशेष रूप से श्रद्धालु पहुंचते हैं। शुक्रवार को भक्तों ने प्रसाद चढ़कर एवं जात लगाकर परिवार की सुख शांति का आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि वाराही माता का मेला शारदीय नवरात्र के तीन दिन लगता है। इस मौके पर लोकेश कुमार, ललित कुमार, आदेश कुमार, बबलू, संजय कुमार, कैलाश, मनीष सागर, रोहित आदि मौजूद रहे।

## 11 भाजपा कार्यकर्ता बने निर्विरोध निदेशक

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गन्ना विकास समिति के 11 पदों पर निर्विरोध निदेशक घोषित हो गये हैं। अब भाजपा के उपसभापति का भी चुन जाना लगभग तय हो गया है।

गन्ना विकास समति में 11 निदेशक के पद हैं। गुरुवार को निदेशक का चुनाव लड़ने वाले 11 प्रत्याशियों ने पर्चा खरीदा था। शुक्रवार को भाजपा समर्थित निदेशक पद के 11 प्रत्याशियों ने अपने पर्चों को दाखिल कर दिया था। आरओ सलिल भारद्वाज ने बताया कि गन्ना समिति में 11 निदेशकों के पद हैं और 11 ही प्रत्याशियों ने अपने पर्चों को दाखिल किया है। भाजपा ने पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामकिशोर सिंह चौहान को निदेशक बनाने के साथ-साथ उपसभापति के लिए भी घोषित किया है। मिल के पूर्व उपसभापति



नामांकन पत्र जमा करने के बाद विजयी चिह्न दिखाते भाजपा नेता।

लायक राम सिंह की पत्नी रामरती व भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह को निदेशक बनाया है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतेंद्र त्यागी को भी निदेशक बनाया है। इसके अलावा सोपान पेसल, देवकी नंदन, धर्म सिंह, राजू खड़गवंशी, अंजू, रविता रानी, आनंद कुमार को निदेशक बनाया गया है। सपा, बसपा, कांग्रेस ने नामांकन नहीं किया। भाजपा के 11 निदेशक निर्विरोध चुने जाने के कारण पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष रामकिशोर सिंह चौहान का उपसभापति चुना जाना तय है। नामांकन के दौरान शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो, पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, ब्लॉक प्रमुख पुत्र मुदित गुर्जर, बंटी चौहान, पिंटू गुर्जर, हेमराज सैनी, मुकेश गुप्ता, कालू उर्फ राकेश बंसल, अशोक नागर आदि मौजूद रहे।

## गन्ना समिति के निदेशक पद के नामांकन पत्रों की हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**चुनाव**
- **निदेशक पद के सभी पर्चे जांच में सही मिले**
- **11 निदेशकों को निर्विरोध चुना जाना तय**

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड कार्यालय में निदेशक के पदों के लिए किए नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच में सभी निदेशक पद के लिए भरे गए पर्चे सही पाए गए हैं। जिसमें 11 निदेशकों का निर्विरोध चुना जाना तय है।

शुक्रवार को सहकारी गन्ना समिति कार्यालय में निदेशक के पदों के लिए भरे गए पर्चों की जांच की गई। जांच में नामांकन कराने वाले प्रत्याशियों के पर्चे सही पाये गए। इसके बाद सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निदेशक घोषित कर दिया गया। गुरुवार को सहकारी गन्ना समिति कार्यालय में निदेशक पदों के लिए पर्चे भरे गए थे। नामांकन 11 प्रत्याशियों द्वारा कराया गया था। सहकारी गन्ना समिति के निदेशक पदों के लिए बुद्धि सिंह, रेखा रानी, चन्द्रवीर सिंह, योगेशवर, सतीश कुमार, कपिल कुमार, भंवर प्रकाश, कमल सिंह, रचना, बदन सिंह और नेमवत्ती ने नामाकंन कराया था। इन सभी के पर्चे सही पाये गए। जबकि विपक्षी पार्टियों के नेताओं का आरोप है कि भाजपा सरकार के इशारे पर अन्य पार्टियों के नेताओं को अधिकारियों ने पर्चे नहीं भरने दिए। इसको लेकर कुछ लोगों ने आंदोलन करने की चेतावनी प्रशासन को दी हैं।

## 22 दिन बाद भी विधायक के मामा की हत्या का खुलासा नहीं

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विधायक के मामा की हत्या का खुलासा पुलिस 22 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं कर पाई है। पुलिस के खुलासा करने के सारे सूत्र लगभग नाकाम हो चुके हैं। अब पुलिस अधिकारियों के पास केवल जल्द खुलासा करने का आश्वासन देने का ही सहारा है।

गांव घंसूरपुर निवासी सत्य प्रकाश पुत्र ऐदल सिंह की 19 सितंबर की रात को पशुशाला में बदमाशों ने गोली मार का हत्या कर दी थी। मृतक सत्य प्रकाश हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के सगे मामा थे। विधायक के मामा की हत्या की लखनऊ तक गूंज गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी विधायक से फोन पर मामले को संज्ञान में लिया था। मंडल स्तर के तमाम अधिकारियों ने मौका मुआयना किया था और पीड़ित परिवार को अधिकारियों ने जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया था। उस समय विधायक के मामा की हत्या का खुलासा करने के लिए अधिकारियों ने आठ टीमों का गठन किया था।

मुरादाबाद क्राइम ब्रांच को भी इसमें लगाया था। लेकिन 22 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस विधायक के मामा की हत्या का खुलासा करने में पूरी तरह से फेल हो चुकी है। इस हत्या का खुलासा करने में पुलिस का मुखबर तंत्र भी कुछ नहीं कर पाया। कोतवाली में रहे पुराने सिपाहियों को इस हत्या के खुलासे के लिए लगाया था, उनका नेटवर्क भी काम नहीं कर पाया। सूत्रों की बात पर विश्वास किया जाये तो पुलिस इस मामले में फूंक फूंककर कदम रख रही है।

## घायल बच्चे की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में सात दिन पहले काउंटर से गिरकर घायल हुए बच्चे की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

मल्लवाली डगरोली निवासी विनोद कुमार की हसनपुर रहरा मार्ग पर डीजे की दुकान है। सात दिन पहले उनका 11 महीने का बेटा प्रियांशु दुकान के काउंटर पर खेल रहा था। इस दौरान वह जमीन पर गिर गया और घायल हो गया। बच्चे को परिजनों ने हसनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजन मासूम को मुरादाबाद ले गए। यहां भी हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन बच्चे को दिल्ली ले गए। दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने बिना कार्रवाई के शव का शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया।

## उपकेंद्र पर शिकायत करने गए युवक को बंद कर पीटा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बिजली की शिकायत करने गए युवक को बिजली कर्मचारियों ने विद्युत उपकेंद्र में बन्द कर पीटा। युवक हाथ जोड़कर बिजली विभाग के कर्मचारी से माफी मांगता रहा। लेकिन बिजली कर्मचारियों का दिल नहीं पसीजा। वहीं, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बीझलपुर निवासी बंटी पुत्र टीकम गुरुवार रात गजरौला मार्ग पर विद्युत उपकेंद्र पर बिजली की शिकायत लेकर गया था। इस दौरान विद्युत उपकेंद्र पर तैनात बिजली कर्मचारियों ने युवक को बिजली घर में बंद कर मारपीट की। युवक हाथ जोड़कर बिजली कर्मचारियों से गुहार लगाता रहा। लेकिन बिजली कर्मचारियों का दिल नहीं पसीजा। इस दौरान उसके साथ जमकर मारपीट की गई। वहीं, मारपीट का लाइव वीडियो वहां मौजूद किसी ने बना लिया था। जो अब तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, पीड़ित बंटी ने बताया कि उसके गांव में तीन दिन से टू फेस आपूर्ति हो रही थी। जिसकी शिकायत लेकर वह अपने एक साथी के साथ बिजली घर पहुंचा था। इस दौरान उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई। पीड़ित ने बताया कि उसने बिजली कर्मचारियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है।

## डीआईजी ने गश्त कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के साथ अमरोहा नगर कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले महिला हेल्प डेस्क, आगुन्तक, रिसेप्शन कक्ष का निरीक्षण कर प्रतिदिन आने वाली महिला संबंधी शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी की। उन्होंने शहर के बाजार में पैदल गश्त कर लोगों से बातचीत की।

शुक्रवार को डीआईजी मुनिराज जी अमरोहा पहुंचे। यहां निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर लगाए सीसीटीवी कैमरों व महत्वपूर्ण मुख्य चौराहों के सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड को चेक किया। उन्होंने नगर कोतवाली का निरीक्षण



बाजार में पैदल गश्त करते डीआईजी मुनिराज जी, एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी।

कर थाना कार्यालय, परिसर, हवालात, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, थाने की राजकीय सम्पत्ति व अन्य अभिलेखों को चेक किया। अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर आदि का अवलोकन करते हुए दस्तावेजों के रख-रखाव को दुरस्त रखने को कहा और मालखाने में रखे शस्त्रों, दंगा नियंत्रण उपकरणों की साफ सफाई व रख रखाव का जायजा लिया। टॉप 10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान एसपी कुंवर अनुपम सिंह, एएसपी राजीव कुमार सिंह, सीओ अरुण कुमार व अन्य अधिकारी उनके साथ रहे।

**परंपरा** 35 फीट ऊंचे पुतले बना रहे अशोक रावत व उनके परिजन, कहा–महंगाई के कारण अब कम बन रहे पुतले

# चार पीढ़ियों से रावत परिवार बना रहा रावण का पुतला

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर निवासी रावत परिवार दादा, परदादा के समय से रावण का पुतला बना रहा है। रावत परिवार के बने हुए पुतले तहसील क्षेत्र के चार स्थानों पर दहन किये जाते हैं। महंगाई की मार के चलते पुतलों की लंबाई घटती चली जा रही है। इस समय पूरा रावत परिवार रावण के पुतले को अंतिम रूप देने में लगा हुआ है।

विजयदशमी उत्सव पर लंका के राजा रावण का पुतला बनाने का काम सालों से रावत परिवार द्वारा चला आ रहा है। मुहल्ला होली वाला निवासी अशोक रावत व उसके परिवार द्वारा रावण के पुतले को अंतिम रूप दिया जा रहा है, उनके द्वारा नगर के लिए 35 फीट ऊंचा रावण का पुतला बनाया जा रहा है। कारीगर अशोक



रावण के पुतले को अंतिम रूप देते अशोक रावत व परिजन।

रावत ने बताया कि रावण के पुतले का बनाने का कार्य सबसे पहले उनके दादा अमृत सिंह ने शुरू किया था। उसके बाद उनके पिता फूलचंद, फिर चाचा लक्ष्मण प्रसाद द्वारा और अब चौथी पीढ़ी अशोक रावत में उनका भाई राजू रावत रावण के पुतले बना रहा है। रावत परिवार द्वारा नगर की रामलीला के लिए 35 फीट एवं उझारी, सैद नगली, ढवारसी, आदमपुर रामलीला के लिए 31 फीट ऊंचा रावण का पुतला बना रहे हैं। अशोक रावत ने बताया कि वर्ष 2002 में नगर की रामलीला के लिए रावण, कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के तीन पुतले बनते थे। मगर महंगाई के चलते उसके बाद से एक ही पुतला बन रहा है। उन्होंने बताया कि नगर के रावण के पुतले में 35 बांस 15 फीट, 300 आवरी के कागज एवं 50 और कागज काम में आते हैं। एक पुतला बनाने में लगभग 25 से 26 हजार रुपये की लागत लगती है। उन्होंने कहा कि इस महंगाई के दौर में वह अपनी पूर्वजों की प्रथा को जारी रखे हुए हैं।

### मेले को लेकर पुलिस ने लिया तैयारियों का जायजा

**गजरौला, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के चार स्थानों पर लगने वाले दशहरे मेले के लिये आयोजकों ने तैयारियां पूरी कर लीं। वहीं रामलीला में दहन होने वाले रावण, मेघनाद, कुंभकर्ण आदि के पुतले भी तैयार हो चुके हैं। सभी स्थानों के मेले में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पुलिस ने दशहरा मेला स्थल का मुआयना भी कर लिया है। शहर के बस्ती में स्व. रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क में दशहरा मेला लगेगा तो वहीं रेलवे स्टेशन पर बुध बाजार में दशहरा मेला लगेगा। यहां के अलावा तिगरी व कांकाठेर में भी दशहरा मेला लगेगा। चारों स्थानों की रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने दशहरे मेले के लिए तैयारी कर ली तो वहीं पुलिस प्रशासन ने भी दशहरे मेले में शांति व सुरक्षा के लिए खाका तैयार कर लिया है। सीओ श्वेताभ भास्कर, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार, इंस्पेक्टर जितेन्द्र बालियान, एसएसआई ब्रजेश कुमार आदि ने दशहरे मेले की ड्यूटी के लिए निर्देश दिए। कस्बा प्रभारी सुकर्मपाल राणा ने भी टीम सहित सुरक्षा व्यवस्था हेतु खाका तैयार कर लिया है। बस्ती रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग ने बताया कि दशहरा मेला भव्य होगा। स्टेशन रामलीला समिति के अध्यक्ष सोनू कश्यप ने भी बेहतर दशहरा मेले के आयोजन की बात कही।

## मेले में लगेगा 25 फीट का रावण का पुतला

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर के दशहरा मेले में रावण के पुतले की ऊंचाई 25 फीट होगी जबकि 20-20 फीट के मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले लगाये जायेंगे।

इस बार तीनों पुतलों के बनाने की कीमत 1 लाख से ऊपर रही है। पुतलों को बनाने का काम मोहल्ला चकली निवासी कारीगरों ने किया है। कारीगरों ने बताया कि पुतले बनाने के लिए बांस, लकड़ी और कई प्रकार की सामग्री का प्रयोग किया गया है। इन सब पर दाम बढ़ चुके हैं। इसलिए रावण के पुतले 20 प्रतिशत महंगे हो गए हैं। मजदूरी भी बढ़ गई हैं। उन्होंने बताया कि पुतले बनाने का काम ऑर्डर पर किया जाता हैं। इसमें पटाखे आदि अलग से बांधे जाते हैं। दशहरे से 10 दिन पहले पुतले तैयार किए जाते हैं। पुतले का मुंह आकर्षक बनाने के लिए पूरा हिस्सा कागज से निर्मित किया जाता है। पुतला बनाने का ठेका रामलीला कमेटी के अध्यक्ष द्वारा मेले से 10 दिन पहले ही दे दिया जाता है।

## अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

- **ग्रामीणों ने गोशाला परिसर में शवों को दबाने का लगाया आरोप**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव स्थित अस्थायी गोशाला में गोवंश पशुओं की लगातार मौत होने और उन्हें गोशाला परिसर में दबाने से बदबू के चलते ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पर प्रदर्शन कर बदबू से निजात दिलाने की मांग की है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक के पास ही अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल अलीपुर खादर के नाम से बना है। यहां पर हुई दो गोवंशों की मौत के बाद उनके शवों को गोशाला के परिसर में दबवा दिया गया था। जिससे आसपास बदबू फैल रही है। इस पर आसपास के ग्रामीण एकत्र होकर शुक्रवार को गोशाला पहुंच गए। यहां उन्होंने प्रदर्शन कर बताया कि गोशाला में रोजाना पशुओं की मौत हो रही है। इसके बाद गोवंश पशुओं को गोशाला परिसर में ही दबा दिया जाता है। जिससे आसपास के लोगों को बदबू आने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग है कि मृत पशुओं के शवों को या तो गहराई में या कहीं अन्य जगह दबवाया जाए। जिससे गोशाला के आसपास के ग्रामीणों को बदबू का सामना न करना पड़े। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो वह इस मामले की जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में श्रीकृष्ण, श्रीराम, यादवती, प्रेमवती, सर्वेश, माया, राजो, पूजा, मूर्ति, ऊषारानी, माया देवी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर


कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराते श्रद्धालु।

### अष्टमी और नवमी पर कन्याओं को जिमाया

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** शुक्रवार को मां दुर्गा के आठवें रूप मां महागौरी और नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा कर कन्याओं को जिमाया गया। चुनरी एवं भेंट से कन्या पूजन कर देवी स्वरूपा कन्याओं को प्रसन्न किया। इस अवसर पर उषा रानी, प्रियांशु गोला, दीपक कुमार, सनी प्रजापति श्रेष्ठ गोला निष्ठा गोला उपस्थित रहे।

### पूजन के साथ नवरात्र का किया समापन

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को मंदिरों में मां की विशेष पूजा अर्चना की गई। वहीं श्रद्धालुओं ने घरों में कन्याओं का पूजन कर नवरात्र का समापन किया। कन्याओं को नकद रुपये और उपहार दिए गए। नवरात्र के समापन पर शुक्रवार को जगह-जगह कंजकें पूजी गईं। मंदिरों में दोपहर को भंडारे किए गए।

### झांकियों के साथ निकाली कलशयात्रा

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव पौरारा में गंगा घाट से प्राचीन देवी मंदिर से कलश रैली निकाली गई। कलशयात्रा में काजल, गुड़िया, नीलम, अर्चना, नेहा, रश्मि, छाया, पिंकी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कलश कन्याओं की अगुवाई में सिर पर कलश रख मंगल गीत गाते हुए यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश सैनी, ग्राम प्रधान इशरत अली, रोहित सैनी, जयवीर, उमेश आदि लोगों उपस्थित रहे।

# 80 फीट ऊंचाई से संजीवनी बूटी लाए हनुमान जी

## राम-लक्ष्मण का परिचय जानने को सुग्रीव ने हनुमान जी को भेजा, बाली वध पर दर्शकों ने लगाए जयकारे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी अमरोहा द्वारा आयोजित आदर्श रामलीला महोत्सव में शुक्रवार को लक्ष्मण मूर्छा, हनुमान जी द्वारा 80 फीट ऊंचाई से संजीवनी बूटा लाना, कुंभकर्ण को जगाना, रावण कुंभकर्ण के संवाद का मंचन हुआ। इसके बाद कुंभकर्ण वध, मेघनाद द्वारा निकुंभबला देवी की पूजा, लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, हनुमान मकरध्वज युद्ध, रावण द्वारा दिव्य शक्तियों का आह्वान करना, श्रीराम द्वारा दुर्गा पूजा जैसे दृश्यों ने दर्शकों का मनमोह लिया।

रामलीला में ये सभी प्रसंग दिल्ली और मेरठ के कलाकारों द्वारा मंचित किए गए। सुंदर और अद्भुत रामलीला का मंचन रामलीला ग्राउंड में आयोजित हुआ। सभी दर्शक भाव विभोर हो गए और सभी ने रामलीला मंचन की प्रशंसा की। आयोजन में मुख्य रूप से कमेटी के संरक्षक रमेश कालू, अजय अग्रवाल, करुणेश गोयल, विनोद गुप्ता कमेटी के अध्यक्ष विशाल गोयल, महामंत्री शार्दुल अग्रवाल, कुंवर विनीत अग्रवाल, संजीव सैनी, प्रेम रघुवंशी, अमित रस्तोगी, गजेंद्र पाल सिंह, दीपक बंसल, मनु कमल, मनुज गोयल, गौरव गोयल, दीपक सक्सेना, करण रघुवंशी, नितिन राजपूत, रमन रघुवंशी, संजीव गोयल, रवि कुशवाह, राहुल कुशवाह, अनुज शर्मा, राघव नौटियाल, निर्मित रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।


लक्ष्मण के मूर्छित होने पर विलाप करते राम।


हसनपुर में रामलीला का मंचन करते कलाकार।

### राम-सुग्रीव मित्रता एवं लंका दहन का मंचन

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट रामलीला मैदान में गुरुवार रात लीला का मंचन डॉ. नरेश कुमार द्वारा भगवान राम, माता जानकी की आरती कर किया गया। इसके बाद कलाकारों द्वारा जटायु वध, भगवान राम द्वारा जटायु का अंतिम संस्कार, मां शबरी, हनुमान मिलन, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, माता सीता की खोज, राजकुमार अक्षय का वध एवं लंका दहन की लीला का मंचन किया। लीला मंचन के दौरान दिखाया गया कि श्रीराम और लक्ष्मण सीता की खोज करते हुए जंगल में बढ़ते हैं। वहां सुग्रीव उन्हें देख लेते हैं और हनुमान को ब्राह्मण वेष धारण कर श्रीराम के पास भेजते हैं। इस पर श्रीराम हनुमान को पूरी घटना बताते हैं। इसके बाद हनुमान जी सुग्रीव की श्रीराम और लक्ष्मण से मित्रता कराते हैं। सुग्रीव अपने दुख का कारण श्रीराम को बताते हैं। तब वह योजनाबद्ध तरीके से सुग्रीव से बाली को ललकार कर युद्ध करने के लिए कहते हैं। इसके बाद श्रीराम बाली का वध कर देते हैं। इस मौके पर प्रबंधक राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, विनोद भोज, जयपाल सैनी, अर्जुन यादव, वेद प्रकाश यादव, दिनेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# मां भगवती की 28वीं शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्रीराधा माधव सेवक संघ के तहत शुक्रवार को मां भगवती की 28वीं शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। शुक्रवार शाम को मोहल्ला मायापुरी स्थित नव दुर्गे मंदिर परिसर से आरंभ हुई शोभायात्रा का आरंभ धनौरा पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार, व्यापार मंडल के प्रांतीय संगठन मंत्री सुबोध सिंघल व संजीव अग्रवाल ने किया। मां भगवती के रथ की सुन्दर झांकी सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। शोभयात्रा में हनुमान जी, गणेश जी, मां काली, भगवान शंकर, खाटूश्याम राधा कृष्ण के रास एवं राम दरबार झांकी शामिल रहीं।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रमोद सिंघल, नितिन बंसल, ईशान अग्रवाल, पुनीत सिंघल, राहुल गोयल, नितिन गोयल, अंशु गर्ग, राम गुप्ता, सुधीर गर्ग, हर्ष गर्ग, वैभव गोयल, प्रियांशु शर्मा, आकाश बंसल, विट्ठल गोयल, कपिल, रवि रहे।


झांकी में नृत्य करते कलाकार।


श्री राम मंदिर में हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।

# श्रीराम मंदिर में चंडी पाठ का समापन

संवाददाता गजरौला

- कन्या पूजन कर हवन-यज्ञ में आहुतियां दीं गईं

**अमृत विचार :** श्री राम मंदिर में नवरात्र के समापन पर नौ दिवसीय मां चंडी के पाठ का समापन कर कन्या पूजन, हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को मोहल्ला नाईपुरा में हाईवे किनारे स्थित श्री राम मंदिर में जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट एवं साइट हेड विनोद झा ने पत्नी रंजना झा एवं जुबिलेंट के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ नवरात्र के समापन पर आयोजित पूजा में भाग लिया और हवन-यज्ञ में आहुतियां दीं। पंडित मोहन मिश्रा ने पूजन संपन्न कराया। इस दौरान जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, वरिष्ठ प्रशासनिक प्रबंधक अशोक राय, अमित पांडेय, सुनील सिंह, आरए शर्मा, सुशीला शर्मा, सतेंद्र चौधरी, मनोज शर्मा, अनूप नौटियाल, गोविंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

# मां शेरावाली की शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** दुर्गा अष्टमी के मौके पर मां शेरावाली की शोभायात्रा निकाली। मां शेरावाली का भक्तों द्वारा खींचा जा रहा रथ लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा।

हिदू सांस्कृतिक संगठन की ओर से मां शेरावाली की शोभायात्रा का आरंभ पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व कमल अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से मां शेरावाली की आरती कर किया गया। शोभायात्रा का आरंभ मोहल्ला महादेव स्थित प्राचीन नव दुर्गा के मंदिर से हुआ, जो अहिसा स्तंभ चौराहा, कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, पुराना स्टेट बैंक चौराहा, छोटी मस्जिद, तिकोना स्कूल, सब्जी मंडी को होती हुई गढ़ी मंदिर धर्मशाला पर पहुंचकर समाप्त हो गई। शोभायात्रा में शामिल माता काली का अखाड़ा, बजरंग अखाड़ा, खाटू श्याम अखाड़ा, राधा कृष्ण, वैष्णो देवी, शंकर पार्वती, हनुमान जी, राम सीता, श्री खाटू श्याम बाबा, मां भगवती झांकियां शामिल रहीं। मां शेरावाली का भक्तों द्वारा खींचा जा रहा रथ आकर्षण का केन्द्र था। समापन पर आरती का प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, कमल अग्रवाल, दीपक गर्ग, समरपाल, ऋषिपाल सैनी, जितेंद्र सैनी, राजीव त्रिवेदी, शिवम कुमार, शिवकुमार शर्मा, रूपेश कुमार, गुलाब सिंह, सुमन, कल्पना, राजेंद्र सैनी रहे।


मां शेरावाली के स्वरूप में बालिका की आरती करते चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल।

# मां सिद्धिदात्री की पूजा कर लिया आशीर्वाद

**हसनपुर, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र की नवमी को देवी भगवती के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के लिए शुक्रवार की सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। मंदिरों में विधिवत हवन-पूजन के साथ ही घरों में भी कन्याओं को जिमाया गया।

नगर के शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर, श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, माई जी महाराज का मंदिर आदि मंदिरों में घंटे-घड़ियाल की गूंज के बीच माता की स्तुति की गई। मंदिरों में हुए हवन से वातावरण सुवासित रहा। मां चामुंडा मंदिर में भक्तों ने हवन में आहुति देकर मां से मंगल की कामना की और विधि विधान से पूजन कर व्रत का समापन किया। माता की आराधना के बाद भक्तों ने कन्या भोज कराया।

# डिडौली लीग में रुद्र 11 और फ्रेंड्स फॉरएवर ने जीते मैच

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** डिडौली प्रीमियर लीग का प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी भी की।

शुक्रवार को लीग का पहला मैच रुद्र 11 एवं रॉयल 11 के बीच खेला गया। टॉस रॉयल 11 के कप्तान ने जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। रुद्र टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में कुल 189 रन बनाए। जिसमें हर्षित अग्रवाल ने नौ गेंद में तीन छक्के दो चौक की मदद से कुल 29 रन बनाए व अनस ने 16 गेंद में चार चक्के तीन चौकों की सहायता से कुल 42 रन बनाए। सरोज 10 गेंद में 31 रन बनाए अमित ठाकुर ने दो छक्के तीन चौक की मदद से 31 रन बनाए। जवाब में रॉयल 11 ने कुल 8 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। जिसमें अकरम ने एक चौका पांच छक्के की मदद से 39 रन बनाए। मोहम्मद नाजिम ने तीन छक्के व एक चौक की सहायता से 35 रनों का योगदान दिया व हर्षित अग्रवाल ने 3 ओवर फेंककर तेज रन देकर एक विकेट लिया। शिवम कुमार ने तीन ओवर में 35 दिए। सरोज रुद्रा 11 की तरफ से दो ओवर में 60 रन दिए सबसे महंगी साबित हुए। मैच रुद्र 11 ने जीत लिया। दिन का दूसरा मैच फ्रेंड्स फॉरएवर व किंग 11 के बीच खेला गया। किंग 11 के कप्तान महमूद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल 163 रन बनाए। जिसमें आफताब ने 40 रन अरबाज ने 11 रन महमूद ने 50 रन मोहम्मद साहब ने 17 रन बनाए।

जवाब में फ्रेंड्स फॉरएवर की टीम ने छह विकेट के नुकसान पर 165 बनाकर विजेता रही। जिसमें यश गुप्ता ने 17 रन, फौजी ने 52 रन, विपिन ने 30 रन, रोहित गुप्ता ने 34 रन का योगदान दिया। किंग 11 की तरफ से असीम ने तीन ओवर में 30 रन दिए।


उद्घाटन के दौरान बल्लेबाजी करते प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह।

# मां के नवें स्वरूप सिद्धिदात्री का पूजन किया

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के नवें दिन मां के सिद्धिदात्री रूप का पूजन किया। इस दौरान भक्तों ने पूजन कर कन्याओं को जिमाया और अपना व्रत पूरा किया। इसी के साथ नौ दिनों से चले आ रहे शारदीय नवरात्र का समापन हो गया।

मोहल्ला मायापुरी स्थित मां दुर्गे मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था तो वहीं शहर के अतरपुरा स्थित मां चामुंडा देवी के मंदिर पर भी भक्तों की कतार लगी रहीं। मां सिद्धिदात्री का व्रत सभी सिद्धियों देने वाला होता है। पूजन के बाद भक्तों ने कन्याओं को जिमाकर अपने व्रत खोले। नवरात्रों पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों का वातावरण भक्तिमय रहा। नवमी पूजन के पश्चात नौ दिनों के व्रत सम्पन्न हो गए।


प्रसाद ग्रहण करती कन्याएं एवं बरुआ।

# स्वास्थ्य विभाग में नौकरी के नाम पर दस लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर किसान के बेटे से 10 लाख रुपये हड़प लिए। बाद में न तो नौकरी लगवाई और न ही रुपये वापस किए। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

डिडौली कोतवाली के गांव शेखपुरा माफी में राजवीर सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे रतिभान ने जीएमएम का कोर्स कर रखा है। संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मातीपुर धकतौड़ा निवासी अंकित उर्फ अशोक से उनकी दूर का रिश्तेदारी है। जिसके चलते उसका घर में आना-जाना था। अंकित ने खुद को जिला न्यायालय गोंडा में क्लर्क बता रखा था। आरोप के मुताबिक चार साल पहले अंकित अपनी मां माता शांति देवी के साथ घर आया। रतिभान की स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का दावा किया। राजवीर सिंह ने 6,26,000 रुपये बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। बाकी पैसा नकद दिया।

19 अगस्त को शांति देवी बेटे अंकित उर्फ अशोक व एक अज्ञात व्यक्ति को साथ लेकर घर में घुस आए। मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मृतक के परिजनों ने लेखपाल पर एक लाख मांगने का आरोप लगाया

**बिसौली, अमृत विचार :** आसफपुर निवासी जगत पाल पुत्र सुखलाल ने शिकायती पत्र में कहा है कि उनके पुत्र की बीते साल दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिसके लिए सड़क दुर्घटना बीमा तथा किसान दुर्घटना बीमा के लाभ को जिलाधिकारी के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर बिसौली तहसील से घटना की जांच कराने को पत्रावली भेजी गई थी। एसडीएम के निर्देश पर मामले की जांच कराने को हल्का लेखपाल को नामित किया है। आरोप है कि लेखपाल ने जांच रिपोर्ट लगाने के बदले एक लाख रुपये की मांग की है। पीड़ित ने एसडीएम से लेखपाल के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है।



## एक नजर

### देवस्थान पर शिव मंदिर का हुआ शिलान्यास

बबराला, अमृत विचार : पुराने देवस्थान पर शिव मंदिर का शिलान्यास किया गया। इस दौरान श्रद्धालु मौजूद रहे। नगर के वार्ड नंबर 12 में होलिका दहन स्थल से सटा पुराना देवस्थान है। यहां लोग नियमित रूप से पूजा करते हैं। दुर्गा अष्टमी के मौके पर स्थानीय निवासियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद मंदिर की नींव रखी। मुहल्ले के लोगों ने श्रीराम नाम संकीर्तन किया। इस दौरान चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, सतेंद्र गौतम, सोपाली राम, उमेश ठाकुर, सुरेन्द्र शर्मा और महीपाल यादव मौजूद रहे।

### विवाद नें कंडक्टर ने चालक का हाथ तोड़ा

बरेली, अमृत विचार : सवारी बैठाने को लेकर हुए विवाद में कंडक्टर ने चालक का हाथ तोड़ दिया। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बदायूं के थाना उझानी के गांव लउवा निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह रोडवेज में चालक हैं। 3 अक्टूबर को दिन में 11 बजे पुराने रोडवेज बस अड्डे पर सवारियों को बैठाने को लेकर दूसरी बस के कंडक्टर आर्येंद्र से विवाद हो गया। कंडक्टर ने उन्हें इतना मारा कि उनका हाथ टूट गया।

### ऑडियो वायरल करने पर महिला के खिलाफ रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : थाना प्रेमनगर क्षेत्र की एक महिला ने प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक ऑडियो बनाकर वायरल कर दी। दरोगा प्रमोद कुमार ने महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दरोगा के मुताबिक वह सिपाही त्रिवेंद्र कुमार के साथ गुरुवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पता चला कि एक नाबालिग के मोबाइल फोन से प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक ऑडियो वायरल की गई है। उन्होंने बानखाना इलाके में नाबालिग की तलाश की तो उसने बताया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक ऑडियो उसकी मां हिना ने वायरल की है।

### चोरी करने के दो और आरोपी गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव बनेई निवासी जहीर दिल्ली में जीन्स का कारोबार करते हैं। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि 26 जुलाई की रात चोरों ने उनके घर से 35 लाख के जेवर व नकदी चोरी कर ली थी। अब पुलिस ने गांव बनेई निवासी चुन्ना उर्फ सब्बन, अरमान उर्फ तऊआ को बंद मकान से गिरफ्तार कर लिया है।

# सड़क हादसों में 3 लोगों की जान गई, दो घायल

## मुजरिया व अलापुर क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं, शव पोस्टमार्टम को भेजे

संवाददाता, मुजरिया/म्याऊं

- हसुआ नगला का किशोर शिवम साइकिल से अठगोना जा रहा था
- वाहन की टक्कर लगने पर पेट में हैंडिल घुसने से गई जान

अमृत विचार : थाना मुजरिया और अलापुर क्षेत्र में सड़क हादसों में एक किशोर समेत तीन लोगों की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव हसुआ नगला निवासी शिवम (14) पुत्र सुभाष यादव शुक्रवार को साइकिल से पास के गांव अठगोना गए थे। जहां काम निपटाने के बाद वह वापस आ रहे थे। दोपहर लगभग चार बजे दोनों गांवों के बीच किसी वाहन ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। साइकिल का हैंडिल शिवम के पैर में घुस गया। सड़क पर खून बहने लगा। राहगीरों ने उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन शिवम को चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

दूसरा हादसा थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा म्याऊं के पास डहरपुर मार्ग पर हुआ। थाना उसावां के गांव सांडी निवासी बबलू पुत्र रोशन श्रीवास्तव अपना मकान बनवा रहे थे। वह शुक्रवार को निर्माण का सामान लेने राजमिस्त्री महिपाल पुत्र रामभरोसे के साथ कस्बा म्याऊं आ रहे थे।

वहीं थाना अलापुर क्षेत्र के गांव अल्लापुर निवासी सत्यभान पुत्र ईश्वरी दयाल दूसरी बाइक से कस्बा म्याऊं से अपने घर जा रहे थे। म्याऊं-डहरपुर मार्ग पर तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी गुजरी। जिससे दोनों बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गईं। हादसे में बबलू की मौके पर मौत हो गई जबकि महिपाल और सत्यभान गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। तीनों को म्याऊं के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने बबलू की मौत की पुष्टि कर दी। शेष दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया। अस्पताल ले जाते समय सत्यभान ने भी दम तोड़ दिया। घायल महिलपाल को भर्ती कराया गया है। कस्बा म्याऊं के चौकी प्रभारी राकेश सिंह चौहान ने बताया है कि हादसे में दो की मौत हुई थी। बोलेरो चालक की तलाश की जा रही है।

# अटल सभागार के बाहर विद्यार्थियों की सहायता के लिए रहेगी सेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**तैयारी**

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 22 वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में सोमवार को विद्यार्थियों की डिग्री और पदक संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए असेस्मेंट सेल मदद करेगी। कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा बैठक में सेल का गठन किया गया। इस दौरान तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पीबी सिंह ने बताया कि अटल सभागार के बाहर सेल में डिग्री, डीएसडब्ल्यू और परीक्षा संबंधित कर्मियों को तैनात किया जाएगा, जो विद्यार्थियों की समस्याओं का स्पॉट निस्तारण करेंगे। आयोजन समिति ने अटल सभागार के काम की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। रंगाई-पुताई का काम रविवार तक पूरा हो जाएगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का स्वागत इस वर्ष पर्यावरण थीम पर आधारित गीत से होगा। सांस्कृतिक क्लब प्रभारी डॉ. ज्योति पांडेय ने बताया कि विद्यार्थियों की ओर से गीत तैयार किया जा रहा है। इससे पहले राज्यपाल जल संरक्षण के तहत घड़े को पानी से भरने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत करती थीं। दीक्षांत समारोह में बरेली-मुरादाबाद मंडल की 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राज्यपाल किट देंगी। इसकी जिम्मेदारी डीएम संभल को सौंपी गई है। शासन के निर्देश के अनुसार दोनों मंडल की करीब 100 आंगनबाड़ी को किट उपलब्ध कराई जाएगी। 90 कार्यकत्रियों को स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र पर किट उपलब्ध कराई जाएगी।

दीक्षांत समारोह के लिए बरेली-मुरादाबाद मंडल के करीब 10 से 15 जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण दिया जाएगा। इसके लिए भी संबंधित कमेटी ने शुरुआत कर दी है। जनप्रतिनिधियों के रुकने के लिए गेस्ट हाउस में व्यवस्था की जा रही है

## सार संक्षेप

### जमीन के विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े, तीन घायल

डिलारी, अमृत विचार : गांव सलेम सराय में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में संघर्ष होने की घटना से सनसनी फैल गई। गांव निवासी जमशेद और हारुन में काफी दिनों से जमीन का विवाद चल रहा था। जिसको लेकर कई बार दोनों पक्ष आमने-सामने आ चुके थे। शुक्रवार की शाम को दोनों पक्ष भिड गए। जमकर लाठी डंडे चले ईट पथराव होने से गांव में भगदड़ मच गई। अफरा तफरी का माहौल बन गया घंटो तक खूनी संघर्ष होने से हिंसा रूप ले लिया। महिलाओं ने घरों के दरवाजे बंद कर छत पर चढ़कर जिसके हाथ में जो आया वहीं फेंक कर मार दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बड़ी मुश्किल से बीच बचाव किया। झगड़े में महिला समेत तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने गांव पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत किया दोनों पक्षों ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।



डांडिया खेलतीं हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप की सदस्य। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने जमकर खेला डांडिया

बिलारी, अमृत विचार : शुक्रवार को नवमी के दिन महिलाएं सज धज कर फार्म हाउस पहुंची। जहां पर महिलाओं ने डांडिया नृत्य किया, अनेकों डांडिया गीत चले, महा राष्ट्रीय थीम पर भी महिलाएं जमकर ठिरकी। डांडिया करते हुए डीजे के दोनों पर एकल नृत्य भी किया। इसके अलावा भांगड़ा डांस भी किया। कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं में तनु शर्मा, निधि शर्मा ,सारिका अग्रवाल, शालिनी चुग, चंचल सिंघल, उमा अग्रवाल, पल्लवी गुप्ता, कनिका गुप्ता, खुशबू गुप्ता, सरिका गुप्ता, प्रिया गुप्ता, रुचि गुप्ता, शिवानी गुप्ता, टीना गुप्ता, रिया गुप्ता, शेफाली गुप्ता आदि सहित भारी तादाद में महिलाओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। तनु शर्मा ने बताया कि हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम में महिलाएं सामाजिक सहयोग के कार्यक्रम भी करती रहती हैं। असहाय गरीबों की सहायता भी हरे रामा कृष्णा ग्रुप के तत्वाधान में की जाती रही हैं।

### बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट

कुंदरकी, अमृत विचार : ठेकेदार के द्वारा मजदूर पर चोरी का इल्जाम लगाते हुए उसको बंधक बनाकर मारने पीटने और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर ठेकेदार सहित दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुनील पुत्र राजेंद्र निवासी गागन थाना कटघर मुरादाबाद के अनुसार 9 अक्टूबर को ठेकेदार विजेंद्र पुत्र ना मालूम निवासी ग्राम इमृतपुर उधौं थाना मैनाठेर के द्वारा उसको काम करने के लिए बिस्कुट फैक्ट्री थाना कुंदरकी को बुलाया गया था बताया गया है कि जब वहां पहुंचा तो ठेकेदार विजेंद्र ने कहा कि और मजदूरों की जरूरत पड़ेगी और मजदूर लेकर आओ तब वह बड्डन और रोहित निवासी गागन थाना कटघर मुरादाबाद को लेकर ठेकेदार के पास पहुंचा शाम को ठेकेदार विजेंद्र आरोप लगाया कि तुम तीनों ने ट्रैक्टर की बैटरी चुरा ली है इसी बात पर गाली-गलौज करने लगा तब उसके साथी बड्डन और रोहित वहां से अपने घर चले गए जबकि आरोप लगाया गया है कि विजेंदर ने उसको पकड़ कर बुरी तरह से मारा पीटा और उसी के गांव के विपिन ने भी उसके साथ मारपीट की ओरदोनों ने उसकी बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया और जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया और उसको बंधक बना लिया बताया गया। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कंस वध की कथा का वर्णन सुन श्रद्धालु हुए मंत्र मुग्ध

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में कथा के अष्टम दिन वदंना शास्त्री ने कंस वध की कथा का वर्णन किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कंस के अत्याचार पृथ्वी पर दिन प्रतिदिन बढ़ते गए। तब लोगों ने भगवान से गुहार लगाई तब श्री कृष्ण अवतरित हुए कंस को यह पता था। कि उसकी मृत्यु श्री कृष्ण के हाथों ही होना निश्चित है। 11 वर्ष की अल्पायु में कंस ने अपने प्रमुख अक्रूर के द्वारा मल युद्ध के बहाने कृष्ण- बलराम को मथुरा बुलाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवाकर मरवाने का प्रयास किया। लेकिन वह सभी श्री कृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए। कथा में पंडित राजकुमार, सीताराम, अजीत कुमार, विरेन्द्र कुमार, अमरपाल सिंह, ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, राम सिंह, अमित कुमार, सुनील कुमार, उमंग कुमार, बादल कुमार, आकाश कुमार, प्रदीप कुमार आदि रहे।

### 10 लाख दो वर्ना वायरल कर दूंगी अश्लील फोटो

बरेली, अमृत विचार : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की महानगर इकाई के पदाधिकारी ने पार्टी की ही महिला सदस्य पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पदाधिकारी का कहना है कि महिला उससे अब तक 86 हजार रुपये की वसूली कर चुकी है। पुलिस से शिकायत करने पर उसे जान से मारने की भी धमकी दी है। पीलीभीत रोड पर आशियाना कॉलोनी में रहने वाले भाजपा नेता का कहना है कि वह 30 वर्षों से भाजपा में है। सात वर्ष से अल्पसंख्यक मोर्चा की महानगर कमेटी का मुख्य पदाधिकारी है। पार्टी में दो साल पहले शामिल हुई एजाजनगर गौंटिया की एक महिला उसे ब्लैकमेल कर रही है। आरोप है कि पार्टी और उसकी तरफ से आयोजित बैठकों में महिला ने उसके साथ फोटो और वीडियो बनवाए थे जिन्हें एडिट करके अश्लील बना दिया और अब उन्हें वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये मांग रही है।

### 7 को मनाया जाएगा सर सैयद दिवस

बदायूं, अमृत विचार : हर वर्ष की भांति इस बार भी 17 अक्टूबर को होने वाले सर सैयद दिवस समारोह के संबंध में हुम्मी के आवास पर ओल्ड बॉयज एसोसिएशन की एक बैठक की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया की इस बार भी समारोह आसिम सिद्दीकी डिग्री कॉलेज में ही मनाया जायेगा। मौजूद हुम्मी सर ने कहा कि शिक्षा की पुरजोर हिमायत करने वाले सर सैयद ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की बुनियाद रखी, जो आज देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में शुमार होता है।

# कैदी फरार होने के मामले में जेल वार्डर निलंबित, दो के खिलाफ बैठाई जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सेंट्रल जेल के कृषि फार्म से फरार कैदी हरपाल का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। जेलर नीरज कुमार ने थाना इज्जतनगर में कैदी हरपाल के साथ जेल वार्डर प्रथम अजय कुमार, कृषि फार्म के सुपरवाइजर अनिल कुमार और लिपिक धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक अविनाश गौतम जेल वार्डर को निलंबित कर दिया और सुपरवाइजर और लिपिक के खिलाफ जांच बैठाई है। जांच के बाद दोनों पर कार्रवाई की जाएगी।

जेलर नीरज कुमार के मुताबिक फतेहगंज पूर्वी के गांव खनी नवादा का रहने वाला हरपाल हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसे जिला जेल से सेंट्रल जेल में 2 जुलाई 2023 को शिफ्ट किया गया था। कैदी हरपाल को गुरुवार सुबह 8:35 बजे जेल से जेलवार्डर अजय कुमार-प्रथम की सुरक्षा ड्यूटी में कृषि फार्म में काम करने के लिए भेजा गया था। कृषि फार्म के सुपरवाइजर अनिल कुमार और फार्म लिपिक धर्मेन्द्र कुमार को कैदी हरपाल की निगरानी के लिए निर्देश दिये गये थे।

जेल वार्डर के साथ सुपरवाइजर और लिपिक सुरक्षा ड्यूटी में उपस्थित थे। शाम करीब 4 बजे हरपाल ट्रैक्टर से जुताई के दौरान फरार हो गया। थाना प्रभारी इज्जतनगर धनंजय पांडे ने बताया कि जेलर की शिकायत पर सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक के अविनाश गौतम ने बताया कि कैदी हरपाल की तलाश के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। जेल वार्डर को निलंबित करते हुए दो अन्य के खिलाफ जांच बैठाई गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोनों पर कार्रवाई की जाएगी।

# शोभायात्रा में झांकियों ने मन मोहा

संवाददाता, बबराला



बबराला में माता काली की आरती करते सपा नेता अमित यादव ● अमृत विचार

अमृत विचार : श्रीराम नवमी पर मां काली की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक झाकियां और काली अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहा।

शुक्रवार शाम सात बजे पुराने रामलीला मैदान में विधिवत पूजा अर्चना के बाद शुरू हुई मां काली की शोभायात्रा में खाटू श्याम, राधा-कृष्ण, श्रीराम दरबार, शिव-पार्वती, महाकाली, शेरावाली सहित कई झाकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। काली अखाड़े में युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। बैंड पर धार्मिक धुन बजाते हुए श्रद्धालुओं ने मां काली का गुणगान किया।

उत्साहित युवक भगवा झंडा लेकर शोभायात्रा की अगवानी कर रहे थे। शोभायात्रा बांकेबिहारी मंदिर, महाराजा अग्रसेन मार्ग, रेलवे रोड मुख्य बाजार, इंदिरा चौक, टीचर्स कॉलोनी, सर्राफा बाजार से होती हुई देर रात रामलीला मैदान परिसर में जाकर संपन्न हुई।

जगह-जगह नगरवासियों ने फूलों की वर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इस दौरान अमित यादव, नवल किशोर, सुधीर शर्मा, राजाराम, बंटी शर्मा, पप्पू अग्रवाल, बॉबी गुप्ता, संदीप गिरी, राजीव यादव, रितेश गोयल, अंकित वर्मा, शशिकांत वार्ष्णेय, नीरज गर्ग, नितिन वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# कुंडा विधायक राजा भैया की पत्नी भावनी की भूमि सरकार में निहित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- जिला प्रशासन ने की कार्रवाई बेतालघाट ब्लॉक के सिल्टोना गांव में थी भूमि

अमृत विचार : जिला प्रशासन ने कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भावनी सिंह की बेतालघाट ब्लॉक के सिल्टोना गांव में .555 हेक्टेयर भूमि को सरकार में निहित कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, यह भूमि कृषि प्रयोजन के लिए ली गई थी, लेकिन पिछले दो वर्षों से उस पर कृषि नहीं हो रही थी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाहरी लोगों की भूमि की जांच करने के निर्देश दिए थे। इसमें स्पष्ट था कि भूमि जिस प्रयोजन के लिए ली गई है, उसी में प्रयोग की जाएगी। यदि प्रयोजन के विपरीत मिलती है तो उसको सरकार में निहीत किया जाएगा। सीएम के निर्देशों के बाद नैनीताल जिले में इस तरह की बड़ी कार्रवाई हुई। जिला प्रशासन ने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के कुंडा विधानसभा सीट के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भावनी सिंह की भूमि को सरकार में निहित कर बाहरी लोगों की जमीनों की जांच शुरू कर दी है।

अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक 17 अगस्त 2006 को विधायक राजा भैया की पत्नी भावनी सिंह निवासी 5 भदरी हाउस शाहनवाज रोड लखनऊ ने सिल्टोना गांव में .555 हेक्टेयर भूमि क्रय की और जिसकी रजिस्ट्री हुई थी। दाखिल खारिज में यह भूमि सात खसरों में दर्ज है। यह भूमि विशेष श्रेणी 1 (ग) में दर्ज थी। इस भूमि को कृषि प्रयोजन के लिए लिया गया था, लेकिन पिछले दो वर्षों से कृषि नहीं हो रही थी। इस पर जिला प्रशासन ने भूमि को राज्य सरकार में निहीत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इसका मामला कलेक्टर कोर्ट में चला था। इसके विरोध में भावनी सिंह ने 27 जुलाई 2012 को राजस्व बोर्ड में अपील की थी। बाद में इसकी रिमांड बैक करते हुए कलेक्टर कोर्ट में भेज दिया था। 25 जून 2024 को कलेक्टर कोर्ट उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि अधिनियम 1950 उत्तराखंड की धारा 167 के अंतर्गत 0.555 हेक्टेयर भूमि को सरकार में निहीत करने के आदेश दिए गए थे। एसडीएम बिपिन पंत ने बताया कि भावनी सिंह पत्नी रघुराज प्रताप सिंह निवासी 5 भदरी हाउस शाहनवाज रोड लखनऊ के नाम पर सिल्टोना गांव में 0.555 हेक्टेयर भूमि थी, जिस प्रयोजन के लिए ली गई थी, वह प्रयोग नहीं हो रहा था।

# नरसिंहानंद के खिलाफ कार्रवाई की मांग, ज्ञापन

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : पैगंबर मोहम्मद साहब पर यति नरसिंहानन्द के द्वारा दिए गए बयान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिसको लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में आक्रोश है। शुक्रवार को थाना कुंदरकी प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह को नगर कुंदरकी में जुम्मे की नमाज के बाद मुगलों वाली मस्जिद के पास मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा यति नरसिंहानंद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया।

इसमें कहा गया है कि जिला गाजियाबाद की डासना स्थित देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए एक कार्यक्रम में भाषण दिया गया था। कहा गया है कि जिस कारण देश व दुनिया के ज्यादातर लोगों में इसको लेकर बड़ा रोष है। खासकर मुस्लिम समाज के लोग अपने पैगंबरे इस्लाम के बारे में महंत के द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से काफी आहत हैं। कहा गया है कि महंत यति नरसिंहानंद के द्वारा पहले भी देश व प्रदेश का माहौल खराब करने के लिए इस तरह के बयान दिए गए हैं। आए दिन अपनी जहरीले बातों से समाज में जहर घोलता चला आया है। प्रार्थना पत्र में थाना प्रभारी निरीक्षक से महंत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस दौरान रियाज अहमद, बब्बन अली, नफीस अहमद, शाकिर अहमद, शफीक अहमद, मोहम्मद असलम, तौफीक अहमद, जमीर अहमद ,अखलाक अहमद, मुख्तार आलम, मोहम्मद यूनुस, अफजाल अहमद, शब्बन खान आदि रहे।

# नवादा कहलाएगी भगत सिंह, मंडी चौकी केशव

बदायूं, अमृत विचार : सिविल लाइन कोतवाली की दो पुलिस चौकी नवादा और मंडी का नाम परिवर्तन किया गया है। नवादा चौकी को अब शहीद भगत सिंह चौकी और मंडी को अब केशव चौकी के नाम से जाना जाएगा। शुक्रवार शाम सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव की मौजूदगी में चौकियों के नामकरण संबंधी कार्यक्रम हुआ।

सदर विधायक को भी अवगत कराया था। एसएसपी ने कुछ दिन पहले डीएम निधि श्रीवास्तव और जनप्रतिनिधि और आमजन से बात करने के बाद शहर की नवादा और मंडी चौकी का नाम बदलने का निर्णय लिया था।

**परेशानी** अचानक आए मलबे से साढ़े चार घंटा प्रभावित रहा यातायात

# मलबे से अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे बंद

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब के पास गिरा मलबा देखते लोग।

- सड़क के दोनों ओर वाहनों का लगी रही लंबी कतारें
- प्रशासन ने जेसीबी से मार्ग दुरुस्त कर यातायात को सुचारू किया

अमृत विचार: क्वारब के पास शुक्रवार अपराह्न अचानक मलबा आने से अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। मलबा आने सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलते ही प्रशासन ने जेसीबी से मलबा हटाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सुचारू कर दिया।

दरअसल, क्वारब के पास लंबे समय से पहाड़ों के दरकने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार अपराह्न ढाई बजे अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब पुल से ठीक पहले पहाड़ी का एक हिस्सा भरभराकर सड़क पर गिर गया। इससे हाईवे बंद हो गया। अल्मोड़ा से हल्द्वानी जाने वाले यात्री रास्ते में फंसे रहे। सूचना पर पहुंची आपदा प्रबंधन की टीम ने मौके पर जेसीबी लगाकर सड़क पर गिरे मलबे हटाने में जुट गई। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद सड़क पर गिरे मलबे को हटाया गया। इसके बाद राजमार्ग में दोनों ओर से यातायात सुचारू हो सका। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के पास शुक्रवार दोपहर मलबा आ गया था। सूचना मिलते ही मौके पर जेसीबी भेज दी गई थी। करीब ढाई घंटे बाद सड़क से मलबा हटाकर यातायात सुचारू किया गया।

# बिल्डर सहित चार लोगों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट

रुद्रपुर, अमृत विचार: सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स ठगी प्रकरण का मामला एक बार फिर सामने आने लगा है। इसके चलते जहां पुलिस ने दर्ज आठ प्राथमिकी पर बिल्डर सहित चार के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है।

13 अप्रैल 2023 को लालकुआं निवासी मोहम्मद शहजाद, शहजाद खान, रिश्तेदार फिरदौस खान, डॉ. फरहीन खान, शहजाद खान ने बताया था कि उनके द्वारा वर्ष 2012 में सामिया लेक सिटी में प्लॉट खरीदा था। भुगतान किए जाने के बाद जब प्लॉट की रजिस्ट्री एवं कब्जा मांगा तो सामिया बिल्डर के मालिक जमील ए खान व निदेशक सगीर अहमद खान टालमटोल करने लगे। सामिया के मालिक जमीए-ए खान, निदेशक सगीर अहमद, तस्लीम और अमन गुर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। साथ ही मामले को देखते हुए तत्कालीन एसएसपी ने एसआईटी का गठन कर दिया तो एसआईटी के सामने 28 से अधिक लोगों ने ठगी करने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिए थे। पुलिस ने 10 शिकायती पत्रों पर मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# दहेज उत्पीड़न को लेकर विवाद

बाजपुर। कस्बा इंचार्ज एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी ने बताया कि घोसीपुरा स्वार निवासी एक युवती की शादी करीब 6 वर्ष पूर्व हुई थी। बीते दिनों महिला ने पति समेत ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र व मेरी बहू सुनीता रानी ने अपने पति सतपाल पुत्र सददूराम को गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी पुश्तैनी व चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

-रामप्यारी पत्नी सददूराम
सुनीता पत्नी सतपाल कुमार
निवासी गांव नबीगंज पीपली सलारपुर
तहसील स्वार जिला रामपुर

:सूचना:
एक किता (मूल) बेनामा योगराज सिंह व लक्ष्मण सिंह ने श्रीमती सोनी देवी पत्नी विजय कुमार के हक में दिनांक 19.06.2018 वही1 जिल्द 11288 पृष्ठ 355/374 कम संख्या 13452 पर रजि. हुआ था , जिसका रकबा 84 वर्ग मी. तथा मौजा कस्बा स्योहारा है दूसरा बैनामा (मूल)जोकि श्रीमती सोनी देवी पत्नी विजय कुमार ने आशीष जैन पुत्र विजय चन्द के हक में दिनांक 16.4.2019 वही 1जिल्द 11862 पृष्ठ 43/56कम 7433 पर रजिस्टर्ड हुआ था जिसका रकबा 84 वर्ग मीटर मौजा स्योहारा कस्बा जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। उक्त के संदर्भ में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर सम्पर्क स्थापित करें बाद उसके संबंध में कोई विचार नहीं किया जाएगा।
प्रदीप कुमार गुप्ता, एडवोकेट
चेम्बर न0. सी-3, सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट के पीछे मुरादाबाद फोन- 9837781229

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
- डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्रः- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (9210550404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पताः- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
- डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्रः- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (9210550404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पताः- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# यूपीसीडा ने शुरू की 43 भूखंडों की मेगा ई-नीलामी

## 11 शहरों में पाएं औद्योगिक भूखंड, बरेली, मुरादाबाद, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, उन्नाव में अवसर की भरमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश में औद्योगिक व व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत सरकार ने एक नई पहल की है। यूपीसीडा ने 43 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों की मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इससे बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद, व ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के विभिन्न व्यवसायिक भूखंड पाने का मार्ग प्रशस्त होगा। इन व्यवसायिक भूखंडों का वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप हॉस्पिटल समेत विभिन्न प्रकार की व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए इस्तेमाल हो सकेगा।

इतना ही नहीं, यूपीसीडा द्वारा अमेठी, अमरोहा, बांदा व हमीरपुर में मेगा ई-नीलामी के जरिए औद्योगिक भूखंडों के आवंटन भी किए जाएंगे।

मेगा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। मेगा ई-नीलामी में सम्मिलित सभी भूखंड का रिजर्व प्राइस तय है और इसी आधार पर आवेदनकर्ता इन भूखंडों को प्राप्त करने के लिए करोड़ों की बोली लगा सकेंगे।

कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं, सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 25 अक्टूबर को मेगा ई-नीलामी का आयोजन प्रस्तावित है जिसके जरिए भूखंड आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।




- वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप व हॉस्पिटल खुलेंगे

### इन स्थानों पर भूखंडों का हो सकेगा इस्तेमाल

**बरेली** : 16800 मीटर स्क्वेयर क्षेत्र के प्लॉट का वेयरहाउस डेवलप करने के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इस प्लॉट की रिजर्व प्राइस 4.51 करोड़ है। वहीं, औद्योगिक भूखंड के तौर पर 18929.12 स्क्वेयर मीटर का प्लॉट निर्धारित है जिसका रिजर्व प्राइस 9.71 करोड़ है।

**जालौन** : उरई में होटल निर्माण के लिए 6600 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र के भूखंड का होटल निर्माण में इस्तेमाल हो सकेगा। इस भूखंड की रिजर्व प्राइस 3.19 करोड़ रखी गई है।

**बाराबंकी** : ग्रुप हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत यहां दो भूखंडों की नीलामी होगी। पहला भूखंड जीएच1 इंडस्ट्रीयल एरिया कुर्सी रोड पर स्थित है। यह 2730.33 वर्ग मीटर का प्लॉट है जिसकी रिजर्व प्राइस 2.28 करोड़ निर्धारित है। वहीं, दूसरा प्लॉट जीएच2 इंडस्ट्रियल एरिया, कुर्सी रोड स्थित है। यह भी 2730.33 वर्ग मीटर का प्लॉट है जिसकी रिजर्व प्राइस 2.28 करोड़ निर्धारित है।

**मुरादाबाद** : स्पेशल इकॉनमिक जोन (एसईजेड) में 6802.42 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट की नीलामी पेट्रोल पंप की स्थापना के लिए 7.44 करोड़ की रिजर्व प्राइस पर हो सकेगी।

**अमेठी, बांदा, अमरोहा, हमीरपुर व मैनपुरी** : अमेठी के कौहर इंडस्ट्रियल एरिया में इंडस्ट्रियल यूज के लिए 5 प्लॉट्स की नीलामी होगी जिनकी क्षेत्रफल 406.27 से लेकर 419.81 मीटर होगा और इनकी रिजर्व प्राइस 15.23 लाख से लेकर 15.74 लाख रखी गई है। इसी प्रकार, बांदा-हमीरपुर, मैनपुरी व अमरोहा में भी विभिन्न श्रेणी के इंडस्ट्रियल प्लॉट्स भी नीलामी के लिए उपलब्ध हैं।

**उन्नाव** : यहां व्यवसायिक और औद्योगिक दोनों ही प्रकार के कुल 10 प्लॉट्स नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। इसमें से सबसे ज्यादा प्लॉट्स ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव में स्थित हैं। इनका इस्तेमाल स्कूल, शॉपिंग सेंटर, बीपीओ, क्लब, वुमेंस होस्टल, बैंक्वेट हॉल, मल्टीपर्पज हॉल, कम्यूनिटी सेंटर, पेट्रोल व सीएनजी स्टेशन तथा हॉस्पिटल के लिए हो सकेगा। इसका क्षेत्रफल 2504.82 मीटर से 19769.48 मीटर के बीच स्थित है और रिजर्व प्राइस 11.38 से 44.91 करोड़ के बीच निर्धारित है।

## सोनभद्र में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत

**सोनभद्र, एजेंसी**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र में बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत और तीन अन्य के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोनभद्र में बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगतों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि के साथ ही घायल लोगों के उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में बहुआर गाँव के बल्होर टोले की महिलायें बुधवार शाम अपने घर से दूर खेत में काम कर रही थीं, तभी वे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इनमें से दो महिलाओं की पहचान 48 वर्षीया फुलवा और 40 वर्षीया महाराजी के रूप में हुई, जिन्हें अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया।

**अमृत विचार यूपीकॉन अवार्ड 2024**

## चिकित्सा जगत की हस्तियां 14 को सम्मानित होंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार**: लोकप्रिय दैनिक समाचार-पत्र अमृत विचार 14 अक्टूबर (सोमवार), को अपराह्न 4:30 बजे होटल सागर-सोना, गोमती नगर में राजधानी के चिकित्सा जगत की हस्तियों को 'यूपीकॉन अवार्ड 2024' से सम्मानित करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे।

दैनिक अमृत विचार समाचार पत्र ने लखनऊ में 35 साल की यात्रा में सामाजिक सरोकारों से जुड़े तमाम कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। लखनऊ के साथ बरेली, मुरादाबाद, कानपुर, हल्द्वानी और अयोध्या संस्करण के जरिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के 45 जिलों में लाखों पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। सोमवार को होने जा रहे विशेष आयोजन में राजधानी लखनऊ के लगभग 35 प्रतिष्ठित चिकित्सकों और चिकित्सा जगत की हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।




- होटल सागर-सोना में होगा कार्यक्रम, ब्रजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि

## विद्यालयों में पढ़ाई जाएगी ब्रज भोजपुरी, बुंदेली, और अवधी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्थानीय भाषाओं के करीब 80 हजार शब्दों से तैयार की जा रहीं चार किताबें

**अमृत विचार**: कोस-कोस पर बदले पानी, तीन कोस पर बानी यह लोक कहावत चर्चित रही है। क्षेत्रफल और आबादी के लिहाज से बड़े राज्य में अलग-अलग क्षेत्रों में बोलियों की विविधता है। इसे लेकर राज्य शिक्षा संस्थान ने स्थानीय बोली, भाषा का शब्दकोष तैयार किया है। इसमें करीब 80 हजार शब्द बताएं गए हैं। इस शब्दकोष को स्कूलों में बच्चों को पढ़ाया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में बिहार से सटे जिलों में भोजपुरी और लखनऊ के आसपास अवधी बोली जाती है। मथुरा के आसपास ब्रज भाषा बोलचाल में आम है। पश्चिम यूपी के जिलों में ब्रज के साथ हरियाणवी का पुट रहता है। मध्यप्रदेश से सटे जिलों में बुंदेली भाषा का राज कायम है। इन बोलियों, भाषाओं के 80 हजार शब्दों का शब्दकोष बनाया गया है। इसी शब्दकोश के आधार पर चार पुस्तकें बनाई जा रही हैं। हालांकि इन पुस्तकों को पिछले सत्र में ही लागू किया जाना था, लेकिन कुछ कारणों से लागू नहीं हो पाई थीं।

## जन योजना अभियान से बनेगी विकास की योजना

**लखनऊ, अमृत विचार** : जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत की वर्ष 2025-26 के विकास कार्यों की योजना जन योजना अभियान चलाकर बनाई जाएगी। लोगों के सुझाव लिए जाएंगे और प्रस्ताव में उनकी जरूरतों को शामिल करके कार्य कराए जाएंगे। जिलों पर 31 जनवरी तक ग्राम पंचायत विकास योजना, 28 फरवरी तक क्षेत्र पंचायत विकास योजना व 31 मार्च तक जिला पंचायत विकास योजना सचिवों द्वारा तैयार की जाएगी। अभियान के दौरान लोगों के सुझाव व उनकी जरूरतों को प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा।

## नारी को सम्मान देने वाला समाज समर्थ और शक्तिमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी ने लोगों को दी महानवमी व विजयादशमी की बधाई

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को महापर्व शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है। जिस समाज में नारी की पूजा होती है तथा सम्मान दिया जाता है वह समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिमान होता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि में विधि विधान से कन्या पूजन किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नवमी तिथि पर सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान हो रहा है। वह सौभाग्यशाली हैं कि गोरक्षपीठ की पवित्र परंपरा के अनुसार उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

## उप्र. देता है देश को सबसे ज्यादा आईएएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दूसरे नंबर पर बिहार, तीसरे पर मध्य प्रदेश और चौथे पर महाराष्ट्र का नाम शामिल

**अमृत विचार**: आमतौर पर लोगों समझना है कि बिहार के लोग सबसे ज्यादा सिविल सर्विस परीक्षा पास करते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। देश को सबसे अधिक आईएएस देने वाले राज्यों की सूची में योगी के उत्तर प्रदेश का नाम नंबर वन पर है। फरवरी 2024 में उत्तर प्रदेश ने अब तक कुल 652 आईएएस अधिकारी दिए हैं, जिसमें से 548 कार्यरत है।

दरअसल, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा हर साल सिविल सर्विस परीक्षा का आयोजन किया जाता है। यह परीक्षा लगभग एक साल चलती है। पहले प्री परीक्षा होती है, फिर मेंस और अंत में इंटरव्यू। सीएसई मेंस और इंटरव्यू के आधार पर सफल घोषित किया जाता है। यूपीएससी की यह परीक्षा देश की ही नहीं दुनिया की कठिनतम परीक्षाओं में से एक है। इसके बावजूद देश के लाखों नौजवान हर साल यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में बैठते हैं।

चूंकि यूपीएससी द्वारा यह वैकेंसी हजार का आंकड़ा पास कर पाती है, इसलिए लाखों में से कुछ भाग्यशाली उम्मीदवारों के ही आईएएस और आईपीएस बनने का सपना पूरा हो पाता है। उप्र. में इस प्रशासनिक सेवा की तरफ लोगों का रुझान इस कदर है कि लोग बच्चों को कलेक्टर बनने का आशीर्वाद देते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि एक तो यहां लोगों में इस नौकरी को लेकर प्राथमिकता मजबूत है और दूसरा उप्र. के कई जिलों जैसे प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ आदि में कई प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान भी हैं, जो यूपीएससी की तैयारी के लिए जाने जाते हैं। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के बाद आईएएस और आईपीएस देने की सूची में दूसरा स्थान बिहार राज्य का है। इसके बाद तीसरे नंबर पर मध्य प्रदेश और चौथे नंबर में महाराष्ट्र का नाम शामिल है। इसके अलावा सूची में राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के साथ नॉर्थ ईस्ट के राज्य शामिल हैं।

## रिटायर्ड इंजीनियर पर आय से अधिक संपत्ति की रिपोर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार** : राजकीय निर्माण निगम के रिटायर्ड इंजीनियर सैय्यद शमीम अहमद के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की रिपोर्ट विजिलेंस कानपुर सेक्टर ने दर्ज की है। यह कार्रवाई विजिलेंस ने शासन के आदेश पर किया है। शासन ने जांच कराई, जिसमें आय से अधिक संपत्ति की पुष्टि हुई। इस प्रकरण की अनुपूरक जांच में सामने आया था कि लखनऊ के मुफ्तीगंज निवासी शमीम अहमद ने अपनी तैनाती के दौरान वेतन से 18 लाख 87 हजार 637 रुपये पाए। जबकि इनके द्वारा 25 लाख 43 हजार 622 रुपये व्यय किए गए।

## क्षेत्रीय दलों से भी गठबंधन नहीं करेगी बसपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- हरियाणा चुनाव परिणाम आने के बाद समीक्षा बैठक में लिया निर्णय

**अमृत विचार** : हरियाणा विधान सभा चुनाव में गठबंधन के बाद भी करारी शिकस्त मिलने के बाद बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अब उनकी पार्टी किसी भी राज्य में क्षेत्रीय दलों से भी गठबंधन नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि गठबंधन के तहत बसपा के वोट दूसरे दल को मिल जाते हैं लेकिन उन दलों द्वारा अपने वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं होते हैं। जिसकी वजह से अपेक्षित चुनाव परिणाम नहीं मिलने से पार्टी कार्यकर्ताओं को निराशा एवं उसके फलस्वरूप आंदोलन को संभावित हानि से बचाना जरूरी है, इसलिए अब उनकी पार्टी क्षेत्रीय पार्टियों से भी गठबंधन नहीं करेगी।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम व इससे पहले पंजाब चुनाव के कडुवे अनुभव को लेकर समीक्षा बैठक में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि जाट समाज के जातिवादी लोगों ने बसपा को वोट नहीं दिया जिससे बसपा उम्मीदवार कुछ सीटों पर थोड़े वोटों के अन्तर से हार गए, जबकि बसपा के सभी वोट दूसरे दल को मिले थे। गठबंधन में दूसरी पार्टी का वोट ट्रांसफर न होने से बसपा मूवमेंट को नुकसान होता है।

## प्रयागराज में 25 से 27 तक होगा कुंभ कॉन्क्लेव

**लखनऊ** : महाकुंभ 2025 के आयोजन को देश-विदेश में पहुंचाने के लिए कुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। तीसरा कुंभ कॉनक्लेव 25-27 अक्टूबर तक प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित किया जा रहा है। एमएनएनआईटी के इनोवेशन व इनक्यूबेशन हब और इंडिया थिंक काउंसिल की ओर से यह आयोजन होगा। इसमें पर्यटन विभाग की भी सहभागिता होगी। इंडिया थिंक काउंसिल के निदेशक डॉक्टर सौरभ ने बताया कि तीन दिवसीय कुंभ कॉन्क्लेव में 10 से अधिक तकनीकी सत्र होंगे।

## पॉक्सो : आयु निर्धारण को तर्कसंगत रिपोर्ट तैयार करें डॉक्टर: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार**: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो मामलों में मेडिकल रिपोर्ट में पीड़िता की उम्र दर्शाने के संबंध में चिकित्सा अधिकारियों द्वारा बरती जाने वाली लापरवाही पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश और महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश यह सुनिश्चित करें कि पॉक्सो अधिनियम के तहत पीड़ितों/मेडिकल रिपोर्ट द्वारा आयु निर्धारित करने वाले चिकित्सा विशेषज्ञों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए और उक्त मेडिकल रिपोर्ट कारण बताने के बाद तैयार की जाए।

कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस तरह की यांत्रिक रिपोर्टें पॉक्सो अधिनियम की धारा 27 के प्रावधानों के साथ आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 का भी उल्लंघन करती हैं, जो यौन उत्पीड़न की नाबालिग पीड़ितों की चिकित्सा जांच से संबंधित है। चिकित्सा रिपोर्ट में आयु निर्धारण के पीछे के तर्क को पूरी तरह से दर्ज करना आवश्यक है। कोर्ट ने आगे कहा कि पीड़ित की आयु निर्धारित करने के लिए अपनाए गए चिकित्सीय मापदंडों या वैज्ञानिक मानदंडों का कारण और विवरण वैध चिकित्सा रिपोर्ट की अनिवार्य शर्तें हैं। पीड़िता की उम्र के संबंध में विरोधाभासों को उजागर करते हुए न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने धर्मेंद्र की जमानत याचिका स्वीकार कर उसे जमानत दे दी। मामले के अनुसार याची के विरुद्ध आईपीसी और पॉक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन कोतवाली देहात एटा में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपी ने दावा किया कि उनका रिश्ता सहमति से बना था और अलग होने से पहले वे करीब पांच महीने तक शादीशुदा भी रहे थे। पीड़िता ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा कि उसकी उम्र 15 साल है, जबकि आरोपी ने तर्क दिया कि उम्र में अंतर जानबूझकर उसे पॉक्सो अधिनियम के तहत फंसाने के लिए किया गया है। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि स्कूल रिकॉर्ड में पीड़िता की उम्र 15 वर्ष दिखाई गई है जबकि मेडिकल रिपोर्ट में उसकी आयु मात्र 13 वर्ष बताई गई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि इस मामले में उम्र का कॉलम बस भर दिया गया है। अंत में कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के प्राधिकारियों को पॉक्सो अधिनियम के तहत पीड़ितों की आयु निर्धारण करने वाले चिकित्सा विशेषज्ञ को उचित प्रशिक्षण देने की बात कही जिससे वह इतनी महत्वपूर्ण रिपोर्ट को केवल औपचारिक और यंत्रवत ढंग से तैयार ना करें।



- चिकित्सा अधिकारियों की लापरवाही पर कोर्ट ने जताई चिंता

### वर्ग पहेली-219

**बाएं से दाएं**

1. 1. हरा-भरा 2. हृष्ट-पुष्ट 3. उत्फुल्ल, प्रफुल्ल, आनंदमय।
5. 1. अत्यंत भाग्यवान 2. पुण्यात्मा 3. सुविख्यात।
6. पानी रखने का छोटा घड़ा, छोटा गगरा, मटका।
7. विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अध्यापक के रूप में प्रशिक्षित होने की परीक्षा तथा उपाधि; (बैचलर ऑव एजुकेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह बड़ा कलछा जिससे शीरा निकाला जाता है, बड़ी डोई 2. ताड़ी चुआने की हांड़ी, लबनी।
2. 1. रमज़ान के महीने में मुसलमानों के द्वारा रखा जाने वाला प्रतिदिन का उपवास 2. रमज़ान का एक दिन।
3. नमस्कार, सलाम।
4. 1. जागते रहने की अवस्था या भाव, नींद न आना, जागना 2. किसी उत्सव
5. मगरिब या पश्चिम का, पाश्चात्य, पश्चिमी।



### वर्ग पहेली -218 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घा | 2 ति | नी | | | 3 टो |
| | रं | | 4 भू | | ड़ी |
| 5 अं | गा | रि | त | | |
| | | | वा | | 6 धो |
| 7 ह | ठ | वा | दी | | खे |
| | | | | | बा |
| | 8 धाँ | ध | ले | बा | ज़ |

### सुडोकू -132

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | | 6 | | | | | |
| 4 | | 8 | | 2 | | | | 5 |
| 7 | | 3 | 4 | | 1 | | | |
| 1 | | | | 8 | | | 6 | 9 |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| 6 | 2 | | | 1 | | | | 7 |
| | | | 7 | | 3 | 9 | | 8 |
| 9 | | | | 4 | | 6 | | 3 |
| | | | | | 5 | | 1 | 2 |

### सुडोकू - 131 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 9 | 4 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 | 7 | 2 | 5 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 अक्टूबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 10.58 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** : आज ससुराल पक्ष के साथ तनाव कम हो सकता है। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। भाई-बहनों की उपलब्धियों पर गौरव की अनुभूति होगी। मन का तनाव दूर होगा। व्यर्थ के कार्यों से स्वयं को दूर रखें। व्यापार में बेहतरीन धन लाभ प्राप्त होगा।

**वृष** : आज आप लोगों की सहायता करने को तत्पर रहेंगे। खेल और कलाक्षेत्र से जुड़े करियर में उत्तम सफलता मिल सकती है। आप रचनात्मक विचारों के कारण प्रशंसा का पात्र बनेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है।

**मिथुन** : आज धैर्य और संयम के कारण आपको सफलता मिलेगी। बिजनेस को लेकर बड़ी डील हो सकती है। विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। यदि कोई आपके विचारों से सहमत नहीं है तो उस पर विचार थोपने से बचें।

**कर्क** : आज विरोधियों के ऊपर वर्चस्व स्थापित कर पाएंगे। सत्कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। दूसरों के मामलों में आपको हस्तक्षेप न करें। नई तकनीक के अध्ययन के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा।

**सिंह** : आज मन में थोड़ी अशांति हो सकती है। यदि मंहगी वस्तुओं को खरीद रहे हैं तो पहले उसकी थोड़ी जांच-परख कर लें। रिश्तेदारों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। अपने व्यवहार में अभिमान न आने दें।

**कन्या** : आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक समस्याओं का समाधान करें। किसी दोस्त से अपने मन की बात कर सकते हैं। राजनैतिक गतिविधियों में आपका मन लगेगा।

**तुला** : आज इसके कारण आत्मविश्वास में कमी आएगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। आपको मौके पर लोगों की मदद नहीं मिल पाएगी। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है।

**वृश्चिक** : आज करियर को लेकर शुभ समाचार मिलने की संभावना है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अधूरे कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। दोपहर के बाद कुछ महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। जॉब में उच्च पद मिल सकता है। कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है।

**धनु** : आज तनाव के कारणों को पहचानें और उससे बचें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। जमीन और संपत्ति के मामलों को लेकर परेशानी होगी। अपनी प्रतिभा का उचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। वरिष्ठ व्यक्तियों की अवहेलना न करें।

**मकर** : आज कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। समय अनुसार आपके सभी काम बनते जाएंगे। बच्चों के साथ आपका समय अच्छे से बीतेगा। सहकर्मी आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। गुस्से में आकर कड़वे वचन बोलने से बचें।

**कुंभ** : आज दूसरों की सहायता करने से आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होगी। मन में बेचैनी का भाव रहेगा। पूर्व में बनी हुई योजनाओं पर ही काम करेंगे। नए काम की शुरुआत में अति शीघ्रता उचित नहीं है। बड़ों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन** : आज बेरोजगार लोगों की नौकरी की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। अपने आचरण को संयमित रखें। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 13 अक्टूबर 04.27 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### आज की फिल्में

B4U Movies:
कोहराम – सुबह : 09.00
थैंक गॉड – शाम : 06.00

&pictures:
गंगूबाई काठियावाड़ी – सुबह : 10.52
स्पाइडर – रात : 08.00

Sony Pix:
वंडर वूमैन 1983 – दोपहर : 12.00
पेसिफिक रिम – रात : 09.07

Zee Cinema:
हीरो – सुबह : 09.00
जोड़ी नं. 1 – दोपहर : 03.00

Zee Action:
डी ब्लॉक – सुबह : 11.30
जान – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.52 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी - खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होतीं।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

## एक नजर

### जीवन बीमा कंपनियों का प्रीमियम 14% बढ़ा

**नई दिल्ली।** जीवन बीमा कंपनियों ने सितंबर में नई पॉलिसी जारी कर कुल 35,020 करोड़ का प्रीमियम संग्रह किया जो सालाना आधार पर 14% की वृद्धि है। उद्योग निकाय जीवन बीमा परिषद की तरफ से जारी मासिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक साल पहले इसी महीने में जीवन बीमा कंपनियों का नई पॉलिसी से प्रीमियम संग्रह 30,716 करोड़ रहा था। साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में नई पॉलिसी का प्रीमियम संग्रह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1,58,377 करोड़ से 19% बढ़कर 1,89,214 करोड़ हो गया। व्यक्तिगत उपभोक्ताओं की तरफ से बीमा सुरक्षा की मांग मजबूत रहने से पिछले महीने नई पॉलिसियों में सालाना आधार पर 45.49% की वृद्धि हुई। 32,17,880 नई पॉलिसियां जारी हुईं, जबकि एक साल पहले 22,11,680 पॉलिसियां जारी हुई थीं।

## मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-955 फ्लैग-1060 डीएमओ-810 बोल्ड-1130
**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1060 बोल्ड- 1110 डीएमओ- 880

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 78,350 |
| चांदी आभूषण | 92,700 |

# दिव्यांगों के लिए भुगतान प्रणाली आसान बनाएं बैंक : आरबीआई

## केंद्रीय बैंक ने कहा- लोग तेजी से अपना रहे डिजिटल भुगतान प्रणाली

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों से कहा कि वे भुगतान प्रणालियों तक दिव्यांगों की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा करें। केंद्रीय बैंक ने परिपत्र में कहा कि दिव्यांगों सहित सभी वर्ग तेजी से डिजिटल भुगतान प्रणाली को अपना रहे हैं। प्रभावी पहुंच को बढ़ावा देने, भुगतान प्रणाली प्रतिभागियों (पीएसपी अर्थात बैंक तथा अधिकृत गैर-बैंक भुगतान प्रणाली प्रदाता) को सलाह दी जाती है कि वे दिव्यांग लोगों की पहुंच के संदर्भ में अपनी भुगतान प्रणालियों/उपकरणों की समीक्षा करें।

आरबीआई ने कहा कि समीक्षा के आधार पर बैंक और गैर-बैंक भुगतान



- बैंक और गैर-बैंक भुगतान तथा पॉइंट-ऑफ-सेल मशीनों में कर सकते हैं बदलाव

प्रणाली प्रदाता तथा पॉइंट-ऑफ-सेल मशीन जैसे उपकरणों में आवश्यक बदलाव कर सकते हैं, जिससे दिव्यांगों इसका आसानी से इस्तेमाल कर पाएंगे। केंद्रीय बैंक ने उनसे फरवरी में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सुगम्यता मानकों पर गौर करने को कहा है। इसके लिए समाधानों का चयन करते समय यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि संशोधन या संवर्द्धन से प्रणालियों के सुरक्षा पहलुओं से समझौता न हो। पीएसपी को एक महीने के भीतर भारतीय रिजर्व बैंक को अपनी उन प्रणाली/उपकरणों का ब्यौरा प्रस्तुत करने को कहा गया है जिनमें बदलाव की आवश्यकता है।

### लघु वित्त बैंकों की लाभप्रदता में कमी का अनुमान

**नई दिल्ली।** परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) के आधार पर मापी जाने वाली लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) की लाभप्रदता चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 0.4 प्रतिशत घटकर करीब 1.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी मुख्य वजह शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में कमी तथा ऋण लागत में वृद्धि है। एसएफबी की लाभप्रदता वित्त वर्ष 2023-24 में 2.1% रही थी।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड : निवेश का स्मार्ट तरीका

इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प हैं, जो शेयर बाजार में निवेश का सरल और प्रभावी तरीका हैं। ये फंड विविध कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं, जिससे उच्च रिटर्न की संभावना होती है। पेशेवर फंड मैनेजर्स द्वारा प्रबंधित, ये फंड बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटने में मदद करते हैं। हालांकि, इनमें कुछ जोखिम भी होते हैं, जैसे बाजार की वोलैटिलिटी। सही रणनीति और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ, इक्विटी म्यूचुअल फंड आपको अपनी पूंजी में वृद्धि और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता कर सकते हैं। निवेश की दुनिया में कदम रखने के लिए यह एक प्रभावशाली विकल्प है! आइए इस पर जरा ध्यान दिया जाए...



### जोखिम पर रखें नजर

- **बाजार :** शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से आपके निवेश की कीमत में कमी आ सकती है। यदि बाजार में गिरावट आई तो आपके फंड का मूल्य भी गिर सकता है।
- **उच्च वोलैटिलिटी :** इक्विटी फंड अक्सर अधिक वोलैटाइल होते हैं। यह बाजार परिवर्तन के कारण होता है, जिससे निवेश की कीमतें तेजी से बढ़ या घट सकती हैं।
- **लंबी अवधि की अनिश्चितता :** जबकि लंबे समय में इक्विटी में रिटर्न उच्च हो सकते हैं, फिर भी यह सुनिश्चित नहीं है कि आपकी पूंजी की सुरक्षा होगी।
- **प्रबंधन :** फंड मैनेजर का चयन और उनके निर्णय भी आपके निवेश के प्रदर्शन पर प्रभाव डाल सकते हैं। यदि फंड मैनेजर गलत निर्णय लेते हैं, तो यह फंड के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है।
- **महंगाई का जोखिम :** यदि रिटर्न महंगाई की दर से कम होते हैं, तो आपकी वास्तविक खरीद शक्ति कम हो सकती है।

### विशेषताएं

- **उच्च रिटर्न की संभावना :** इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने से आपको बाजार के उतार-चढ़ाव के अनुसार उच्च रिटर्न प्राप्त हो सकते हैं।
- **विविधता :** इक्विटी म्यूचुअल फंड विभिन्न कंपनियों में निवेश करते हैं, जिससे जोखिम फैलता है। यदि एक कंपनी का प्रदर्शन खराब होता है, तो अन्य कंपनियों के अच्छे प्रदर्शन से उसे संतुलित किया जा सकता है।
- **लंबी अवधि का निवेश :** ये फंड अक्सर लंबी अवधि के लिए सबसे बेहतर माने जाते हैं, क्योंकि शेयर बाजार में दीर्घकालिक रुझान सकारात्मक होते हैं।
- **पेशेवर प्रबंधन :** फंड मैनेजर्स बाजार के रुझानों और कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हैं, जिससे आपको निवेश करने में मदद मिलती है।
- **लिक्विडिटी :** आप आवश्यकतानुसार अपने निवेश को आसानी से भुना सकते हैं, जिससे आपको अपने पैसे की जरूरत पड़ने पर त्वरित पहुंच मिलती है।
- **टैक्स लाभ :** कुछ इक्विटी म्यूचुअल फंड, जैसे ईएलएसएस, में निवेश करने पर आप टैक्स बचत कर सकते हैं।
- **सुविधा :** म्यूचुअल फंड में निवेश करना आसान है, और आपको खुद से शेयर चुनने की आवश्यकता नहीं होती।

### देश का औद्योगिक उत्पादन 0.1% घटा

**नई दिल्ली।** दो साल बाद अगस्त में देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई है। खनन और बिजली क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब होने के साथ विनिर्माण क्षेत्र के स्थिर रहने से अगस्त में औद्योगिक उत्पादन में 0.1% की गिरावट आई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को ये आंकड़े जारी किए। अगस्त, 2023 में औद्योगिक उत्पादन 10.9% बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित वृद्धि को जुलाई के लिए संशोधित कर 4.7% कर दिया है। पहले इसके 4.8% रहने का अनुमान लगाया गया था।

## सोना 1,150 तो चांदी 1,500 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से शुक्रवार को सोने का भाव 1,150 रुपये बढ़कर 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इस तरह सोने का भाव अपने उच्चतम स्तर के करीब है। गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 1,500 रुपये के उछाल के साथ 93,000 रुपये प्रति किलो हो गयी। चांदी की कीमतों में दूसरे दिन भी तेजी रही।

तीन दिन की गिरावट के बाद 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,150 रुपये उछलकर 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले बंद भाव में सोने की कीमत 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। व्यापारियों



- विक्रेताओं की लिवाली से दोनों धातु की कीमतों में आया उछाल

ने कहा कि स्थानीय मांग में तेजी के साथ सकारात्मक वैश्विक रुख से सोने की कीमतों में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का अनुबंध 613 रुपये बढ़कर 75,910 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष - जिंस और मुद्रा जतीन त्रिवेदी ने कहा कि मौजूदा रुझान की वजह अमेरिकी आंकड़े हैं, जो ब्याज दरों में कटौती जारी रखने का समर्थन करते हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 701.18 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 12.58 अरब डॉलर चढ़कर 704.88 अरब डॉलर पहुंचा था। रिजर्व बैंक के अनुसार समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.51 अरब डॉलर घटकर 612.64 अरब डॉलर रह गईं। मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## चालू वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 18% बढ़कर 11.25 लाख करोड़ पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 5.98 लाख करोड़ का व्यक्तिगत आयकर और 4.94 लाख करोड़ का कॉरपोरेट कर संग्रह
- प्रतिभूति लेनदेन कर 30,630 करोड़ रहा जबकि अन्य करों से 2,150 करोड़ प्राप्त हुए

चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 10 अक्टूबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.3% बढ़कर 11.25 लाख करोड़ रुपये रहा है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के अनुसार, इसमें 5.98 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर संग्रह और 4.94 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर संग्रह शामिल है।

प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 30,630 करोड़ रुपये रहा, जबकि अन्य करों (समानीकरण शुल्क व उपहार कर) से 2,150 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। आयकर विभाग ने एक साल पहले 9.51 लाख करोड़ का प्रत्यक्ष कर संग्रह जुटाया था। एक अप्रैल से 10 अक्टूबर के बीच 2.31 लाख करोड़ का रिफंड जारी हुआ, जो 46% की वृद्धि है। सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.3% बढ़कर 13.57 लाख करोड़ रुपये हो गया। संग्रह में 7.13 लाख करोड़ का पीआईटी (व्यक्तिगत आयकर) और 6.11 लाख करोड़ का कॉरपोरेट कर शामिल है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 22.07 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### असम की जेल से पांच कैदी फरार, तलाश जारी

**मोरीगांव।** असम की मोरीगांव जिला जेल से शुक्रवार तड़के पांच विचाराधीन कैदी फरार हो गए। मोरीगांव के जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने बताया कि कैदियों के जेल से भागने की घटना रात एक और दो बजे के बीच हुई। पांचों कैदी पॉक्सो के आरोपी हैं। उन्हें मोरीगांव और सोनितपुर जिलों से गिरफ्तार किया गया था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कैदियों ने लोहे की सलाखें तोड़ दी और फिर चादर, कंबल तथा लुंगी को रस्सी के रूप में इस्तेमाल करके वे जेल की 20 फुट ऊंची दीवार से नीचे उतर गए। फरार कैदियों को गिरफ्तार करने के लिए तलाश अभियान चल रहा है। शर्मा ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गये हैं।

### व्यक्ति की हत्या और शव फेंकने में दंपती गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 24 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर उसके शव को प्लास्टिक की थैली में भरकर गांव में फेंकने के आरोप में दंपती को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि जिला ग्रामीण पुलिस ने चार अक्टूबर को हुई हत्या में आरोपी मोहम्मद सिराज अंसारी और उसकी पत्नी रजिया को गिरफ्तार किया गया। मृतक आरोपी का सौतेला भाई था।

### हैदराबाद में दुर्गा प्रतिमा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त

**हैदराबाद।** हैदराबाद के नामपल्ली में शुक्रवार को उपद्रवियों ने पंडाल में दुर्गा प्रतिमा को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि उपद्रवियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त ए चंद्रशेखर के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों ने तड़के मूर्ति के एक हाथ को क्षतिग्रस्त कर दिया। मूर्ति को उसके मूल स्वरूप में पुन: स्थापित कर दिया गया है और देवी की पूजा-अर्चना जारी है। हमने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

### माओवादियों को हथियार पहुंचाने में उप्र से दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एनआईए ने छत्तीसगढ़ में माओवादियों को हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने के सिलसिले में शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया। प्रयागराज के सुधीर त्रिपाठी और सूरज निषाद के साथ ही इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या छह हो गई। एनआईए ने बताया कि जनवरी 2023 में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था और उस दौरान हथियार और गोला-बारूद जब्त हुए थे। बयान के मुताबिक, सुधीर और सूरज छत्तीसगढ़ के बस्तर में माओवादियों को उत्तर प्रदेश से हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने में कथित तौर पर शामिल पाए गए।

# बारी-बारी से नेता प्रतिपक्ष बनाने पर हो रहा विचार

## भाजपा का दावा- विपक्ष के घटक दलों को लगता है राहुल गांधी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने शुक्रवार को दावा किया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दल इस बात पर विचार कर रहे हैं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी बारी-बारी से सभी को मिले। पार्टी ने कहा कि अगर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया को लगता है कि राहुल गांधी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे हैं तो उन्हें इस तरह के निर्णय के साथ आगे बढ़ना चाहिए। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों में कई नेता हैं जो विपक्ष के नेता की

- सांसद बांसुरी स्वराज बोलीं - विपक्ष के कई नेता सक्षम, लेकिन उनका ये आंतरिक मामला



जिम्मेदारी संभालने में सक्षम हैं लेकिन फैसला उन्हें लेना है क्योंकि यह उनका आंतरिक मामला है। स्वराज ने कहा कि हां बिल्कुल। मैंने भी यह सुना है कि विपक्ष के नेता के पद को बारी-बारी से करने की बात चल रही है। लेकिन मैं विनम्रता से कहूंगी कि यह विपक्ष का आंतरिक मामला है। भाजपा के इस दावे पर विपक्षी दलों की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्वराज ने अपनी बात जारी रखते हुए आगे कहा कि विपक्ष के दलों में ऐसे कई नेता हैं जो नेता प्रतिपक्ष का कार्यभार संभालने के लिए काफी सक्षम हैं। अगर इंडिया गठबंधन को लगता है कि राहुल पूरी कर्तव्यनिष्ठा से अपना पद नहीं संभाल पा रहे हैं तो यह निर्णय उन्हें लेना है।

### सबसे बड़ी विपक्षी दल के नेता को ही दी जाती है मान्यता, जिसने 10% सीट चुनाव में जीते हो

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को सदन में नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दी जाती है, जिसने सदन की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीट चुनावों में जीती हो। राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया है और कांग्रेस सदन में बड़ी विपक्षी पार्टी है। बारी-बारी से (गठबंधन घटक दलों में से) विपक्ष का नेता बनाए जाने पर लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचारी ने कहा कि सदन में सबसे बड़े विपक्षी दल के एक सांसद को ही विपक्ष के नेता के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा विपक्षी दल जिस व्यक्ति को विपक्ष का नेता नियुक्त करना चाहता है, वही उसके द्वारा चुना जाता है। आचारी ने कहा कि इसमें न तो सरकार और न ही लोकसभा अध्यक्ष की कोई भूमिका है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष केवल उसी व्यक्ति को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देते हैं जिसका नाम सबसे बड़े विपक्षी दल द्वारा आगे बढ़ाया जाता है।

### लड़कियों को मिले अवसर, नारे से बदलाव नहीं आएगा : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि लड़कियों को नेतृत्व करने का अवसर मिलना चाहिए और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। केवल नारे लगा देने से वास्तविक बदलाव नहीं आ सकता। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक्स पर कहा कि सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास के लिए लैंगिक समानता आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को बदलाव की अग्रिम पंक्ति में रखकर निर्णय में शामिल करके उन्हें नेतृत्व का समान अवसर मिल सके।



## कर्नाटक सरकार ने हुबली दंगा केस लिया वापस

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने हुबली में 16 अप्रैल 2022 को पुलिसकर्मियों पर पत्थरों से हमला करने वाली भीड़ के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने का फैसला किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह उन 43 मुकदमों में से एक है, जिन्हें राज्य मंत्रिमंडल ने गुरुवार को बैठक में वापस लेने का फैसला किया।

अंजुमन-ए-इस्लाम ने गृह मंत्री जी. परमेश्वर को एक अर्जी दी थी, जिसके बाद मुकदमा वापस लेने का फैसला किया गया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि दुर्भाग्य से कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। उन्होंने यूएपीए मामले के तहत दर्ज मुकदमे

- तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है कांग्रेस : केंद्रीय मंत्री जोशी
- भाजपा झूठे मुद्दों पर प्रदर्शन करती है, सच्चे पर नहीं : सिद्धारमैया





लेकिन फिर भी उन्होंने इसे वापस ले लिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार के पास कुछ मुकदमों को वापस लेने का अधिकार है। सिद्धारमैया ने भाजपा द्वारा विरोध प्रदर्शन करने की योजना पर मैसुरु में कहा कि भाजपा हमेशा झूठे मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन करती है, सच्चे मुद्दों पर नहीं।

## कांग्रेस ने मादक पदार्थ के कारोबार पर मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उपमुख्यमंत्री देवरा के करीबी के मादक पदार्थों के व्यापार में शामिल होने का लगाया आरोप

कांग्रेस ने भोपाल के बाहरी इलाके में स्थित फैक्टरी से भारी मात्रा में मादक पदार्थों के बरामद होने के कुछ दिन बाद शुक्रवार को आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवरा का करीबी सहयोगी राज्य में मादक पदार्थों के व्यापार में शामिल है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर भी सवाल उठाया।

कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के प्रमुख जितेंद्र पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर साल दो करोड़ नौकरियां न देकर हर साल दो करोड़ नशे के आदी पैदा किए। कांग्रेस के इन आरोपों पर भाजपा या देवरा की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पटवारी ने कांग्रेस मुख्यालय में कहा कि भोपाल में जिस गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है उसके तार कई राज्यों से जुड़े थे और मोदी सरकार इसके लिए जवाबदेह है। मोदी सरकार ने संसद में रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें जिक्र किया गया था कि देश में 40 करोड़ लोगों ने मादक पदार्थों का सेवन किया। उन्होंने दावा किया कि देश में नशे के आदी लोगों की संख्या हर साल 2.10 करोड़ की दर से बढ़ रही है। पटवारी ने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री का करीबी इसकारोबार में शामिल है। उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया।

### आरएसएस ने दी केरल विस में अपमानजनक टिप्पणी पर चेतावनी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में आरएसएस ने विधानसभा में सत्तारूढ़ और विपक्षी सदस्यों द्वारा संगठन के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। दक्षिणपंथी संगठन ने कहा कि यह निंदनीय है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग सदन में और बाहर यह निराधार आरोप लगा रहे हैं कि इस साल त्रिशूर पूरम में व्यवधान पैदा करने के पीछे संघ का हाथ था। त्रिशूर पूरम त्रिशूर में होने वाला वार्षिक हिंदू मंदिर उत्सव है। यह हर साल पूरम के दिन वडक्कुनाथन मंदिर में आयोजित किया जाता है।

## चिकित्सकों की मांगे मानना सरकार का दायित्व

**आरजी कर मामला**

- आईएमए ने की डाक्टरों से विरोध प्रदर्शन का तरीका बदलने की अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईएमए ने शुक्रवार को कहा कि कोलकाता में जूनियर चिकित्सकों की भूख हड़ताल से पैदा हुई स्थिति को संभालने के लिए उनकी मांगों को मानना पश्चिम बंगाल सरकार का दायित्व है। आईएमए ने डाक्टरों से विरोध प्रदर्शन का तरीका बदलने की अपील की।

आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने समेत कई मांग कर रहे चिकित्सकों के साथ एकजुटता दिखाते हुए भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने कहा कि वे अपने बलिदान और दृढ़ संकल्प के दम पर न्याय के इस आंदोलन को इस स्तर तक ले आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भूख हड़ताल शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रही, जबकि गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराए चिकित्सक की हालत गंभीर है। सभी राज्य और शाखा अध्यक्षों, सचिवों और पदाधिकारियों को भेजे संदेश में आईएमए ने कहा कि देश की चिकित्सा बिरादरी उनके के साथ है।

### आईएमए ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखा पत्र

**कोलकाता।** आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए आईएमए ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा और उनसे हस्तक्षेप की मांग की। पत्र में आईएमए अध्यक्ष आरवी अशोकन ने कहा कि बंगाल सरकार उनकी मांगों को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है। एक सप्ताह से चिकित्सक आमरण अनशन पर हैं। आईएमए उनकी जायज मांगों का समर्थन करता है।

### नौ मेडिकल छात्रों की गिरफ्तारी की प्रोफेसरों ने की आलोचना

दुर्गा पूजा के पंडाल के पास प्रदर्शन कर रहे नौ छात्रों की गिरफ्तारी की प्रोफेसरों के दो संगठनों ने शुक्रवार को आलोचना की। यादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ और अखिल बंगाल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने गिरफ्तार विद्यार्थियों और चिकित्सकों को समर्थन देने की अपील की। इन नौ विद्यार्थियों को दक्षिण कोलकाता में त्रिधारा सम्मिलनी के दुर्गा पूजा पंडाल के पास नारे लगाने के लिए गिरफ्तार किया गया।

### कोर्ट ने बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों और गैर शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) से जवाब दाखिल करने को कहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने एक अक्टूबर को नोटिस जारी किया और 17 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने साथ निर्देश दिया कि सीबीआई मामलों की विशेष अदालत को अधिसूचित किया गया है, दैनिक आधार पर जमानत पर सुनवाई करे और 10 दिनों में फैसला कर अनुपालन रिपोर्ट भेजेगी।

- शिक्षकों और गैर शिक्षकों की भर्ती में अनियमितता के आरोप में हुई है गिरफ्तार

## मप्र : थाने में रखा विसरा चूहों के चट करने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**इंदौर, एजेंसी**

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर के थाने में रखा विसरा और 28 अन्य नमूनों को चूहों द्वारा नष्ट करने पर नाराजगी जताई है। न्यायालय ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि वह राज्य के सभी थानों के मालखानों में रखे सामान की सुध लें ताकि आइंदा ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए यह निर्देश दिया। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि मामले में शहर के विजय नगर थाने में प्लास्टिक की बोतल में रखा विसरा बारिश में चूहों द्वारा बर्बाद कर दिया गया है, नतीजतन वह नष्ट हो गए और इसकी हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट हासिल नहीं हो सकी है। न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने आदेश में कहा कि इस घटना से पता चलता है कि थानों में रखे सामनों की कितनी दयनीय स्थिति है।




- कोर्ट ने कहा- पुलिस महानिदेशक सभी थानों के मालखानों में रखे सामान की लें सुध

### वांगचुक की भूख हड़ताल जारी, हुई जांच

**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों की भूख हड़ताल दिल्ली के लद्दाख भवन में शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रही। रविवार दोपहर से भूख हड़ताल पर बैठे जलवायु कार्यकर्ताओं की नियमित चिकित्सा जांच की गई। वांगचुक ने हाल में कहा था कि जो लोग दिल्ली के लद्दाख भवन में जारी उनकी भूख हड़ताल का समर्थन करना चाहते हैं, वे 13 अक्टूबर को उपवास रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिलने आए लोगों ने पूछा कि किस तरह समर्थन दे सकते हैं।

## विवादों में घिरा बंगला औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री आतिशी को आवंटित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दो दिन पहले बंगले को खाली करने के लिए आतिशी को किया था मजबूर

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को सिविल लाइंस स्थित 6, फ्लैगस्टाफ रोड बंगला शुक्रवार को औपचारिक रूप से आवंटित हो गया। दो दिन पहले आतिशी को इसी बंगले को खाली करने के लिए मजबूर किया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि बंगला सौंपने और सामान की सूची बनाने की प्रक्रिया के बाद सिविल लाइंस स्थित बंगला औपचारिक रूप से आतिशी को आवंटित हो गया है। लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव पत्र में कहा गया है कि चूंकि, सीबीआई और अन्य एजेंसियां विभिन्न उल्लंघनों को लेकर इस बंगले की जांच कर रही हैं, इसलिए आवंटी को जांच में पूर्ण सहयोग देने की सलाह दी जाती है। अरविंद केजरीवाल के बंगला खाली करने के बाद से यह आप, भाजपा और उपराज्यपाल कार्यालय के बीच विवाद का केंद्र बना हुआ था।



# एचआईएल भारतीय हॉकी के स्वर्णिम युग को पुनर्जीवित करेगी: सरदार सिंह

बेंगलुरु, एजेंसी

अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सरदार सिंह का मानना है कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के फिर से शुरू होने से भारतीय हॉकी को अपने स्वर्णिम दिनों में लौटने में मदद मिलेगी। एचआईएल की नीलामी के लिए 1,000 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

पुरुषों की नीलामी 13 और 14 अक्टूबर को, जबकि महिलाओं की नीलामी 15 अक्टूबर को होगी। यह लीग सात साल बाद वापसी करने जा रही है। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार सरदार ने कहा एचआईएल इस बार बड़ी और बेहतर होगी। इस बार महिला लीग का भी आयोजन किया जा रहा है। इस तरह से यह लीग भारतीय हॉकी के स्वर्णिम युग को पुनर्जीवित करने के लिए तैयार है। इस लीग में खेलने और शीर्ष स्तर की हॉकी का अनुभव लेने के लिए भारत के कई खिलाड़ी कतार में होंगे।



● लीग से युवा खिलाड़ियों को चोटी के खिलाड़ियों की मानसिकता को समझने का मिलेगा मौका

इससे भारतीय टीम के संभावित खिलाड़ियों का बड़ा और मजबूत समूह तैयार करने में भी मदद मिलेगी। सरदार हॉकी इंडिया लीग में खेले थे तथा उन्हें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। उन्होंने कहा एचआईएल एक अविस्मरणीय अनुभव था। हमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का लंबे समय तक मौका मिला था। इससे युवा खिलाड़ियों को चोटी के खिलाड़ियों की मानसिकता को समझने का मौका मिला।

# आईओसी ने आईओए के लिए ओलंपिक सॉलिडेरिटी फंड रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीटी उषा और सहदेव के बीच फिर से शुरू हुई शब्दों की जंग



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में चल रही अंदरूनी कलह ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को एथलीट विकास कार्यक्रमों के लिए ओलंपिक सॉलिडेरिटी फंड भारतीय संस्था का हिस्सा रोकने के लिए बाध्य कर दिया है जिससे इसकी अध्यक्ष पीटी उषा और कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के बीच फिर से शब्दों की जंग शुरू हो गई है।

आईओसी ने आठ अक्टूबर को अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया और शुक्रवार को एक पत्र में आईओए को इसकी जानकारी दी। एनओसी रिलेशंस और ओलंपिक सॉलिडेरिटी निदेशक जेम्स मैकलियोड ने उषा और कार्यकारी परिषद के सदस्यों को भेजे गए पत्र में कहा गया है आईओए के सामने स्पष्ट रूप से आंतरिक विवाद और प्रशासनिक मुद्दे चल रहे हैं, जिसमें कार्यकारी परिषद के भीतर उठाए गए कई पारस्परिक आरोप शामिल हैं। उन्होंने इसमें लिखा यह स्थिति बहुत अनिश्चितता पैदा करती है और इसे स्पष्ट करने की जरूरत है और इसलिए अगली सूचना तक आईओसी और ओलंपिक सॉलिडेरिटी ओलंपिक छात्रवृत्ति से लाभान्वित होने वाले खिलाड़ियों को सीधे भुगतान के अलावा आईओए को कोई भुगतान नहीं करेगा।

इसमें कहा गया है, इस चूक से भारतीय खिलाड़ियों को जरूरी वित्तीय सहायता प्रदान करने की आईओए की क्षमता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा जिससे आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उनकी तैयारी और प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। आईओए के एक अधिकारी के अनुसार राष्ट्रीय शीर्ष खेल संस्था को पिछले चार वर्षों में ओलंपिक सॉलिडेरिटी से सालाना 8.50 करोड़ रुपये मिले हैं। अधिकारी ने कहा आने वाले दो वर्षों के लिए हमें पहले आईओसी को वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी और फिर देखना होगा कि हमें फंड मिलता है या नहीं।

### वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट दाखिल करने में विफल रहने का लगा आरोप

ओलंपिक सॉलिडेरिटी सभी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को ओलंपिक खेलों के प्रसारण अधिकारों का एक हिस्सा प्रदान करती है जिसका उपयोग एथलीट विकास कार्यक्रमों के लिए किया जाता है। आईओए ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आईओसी के फैसले का दोष सहदेव यादव पर मढ़ा और उन पर अंतर्राष्ट्रीय संस्था को जरूरी वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट दाखिल करने में विफल रहने का आरोप लगाया। आईओए आईओसी द्वारा बार-बार याद दिलाने के बावजूद आईओए कोषाध्यक्ष द्वारा आवश्यक वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट दाखिल करने में विफल रहने के कारण होने वाले गंभीर वित्तीय नतीजों से बहुत चिंतित है। इस लापरवाही के कारण आईओए को पिछले कुछ वर्षों से महत्वपूर्ण ओलंपिक सॉलिडेरिटी अनुदान से वंचित होना पड़ रहा है जिससे भारतीय एथलीटों को समर्थन देने के आईओए के प्रयासों को बड़ा झटका लगेगा।

## खेल डायरी

### पीसीबी की चयन समिति में रिटायर्ड अंपायर अलीम दार

**लाहौर।** हाल ही में रिटायर हुए अंपायर अलीम दार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के हाथों मुल्तान में पहले टेस्ट में टीम की शर्मनाक हार के बाद गठित नयी राष्ट्रीय चयन समिति में शामिल किया है। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को एक पारी और 47 रन से हराया। इससे पहले पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश के हाथों दो टेस्ट मैचों की शृंखला हार गई थी। पीसीबी ने पूर्व टेस्ट क्रिकेटर अकीब जावेद, अजहर अली, टेस्ट अंपायर अलीम दार और विश्लेषक हसन चीमा को समिति में शामिल किया है। दार पीसीबी से ऐसा पद पाने वाले पहले अंपायर हैं। पूर्व टेस्ट बल्लेबाज असद शफीक समिति में पहले ही से हैं जो मुहम्मद युसूफ के इस्तीफे के बाद शामिल किये थे। पीसीबी ने कहा कि सभी सदस्यों को मतदान का अधिकार होगा लेकिन यह नहीं बताया कि मुख्य कोचों गैरी कर्स्टन और जैसन गिलेस्पी को भी क्या समिति में मत देने का अधिकार होगा।

### अदिति ब्यूक ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर

**शंघाई।** भारत की प्रतिभावान गोल्फ खिलाड़ी अदिति अशोक यहां ब्यूक ओपन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में इवन-पार 72 के स्कोर से संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं। तीन बार की ओलंपियन अदिति को एलपीजीए में अपनी पहली जीत की तलाश हैं। उन्होंने दूसरे दौर में दो बर्डी के साथ दो बोगी भी कर दी। शुरुआती दौर में उन्होंने एक अंडर का कार्ड खेलकर दो बोगी और तीन बर्डी लगाई थीं।

### फ्रेंच ओपन गोल्फ में शुभंकर की धीमी शुरूआत

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और फेडेक्स ओपन डे फ्रांस के पहले दौर में एक ओवर 72 स्कोर करके वह संयुक्त 77वें स्थान पर हैं। शर्मा ने चार बर्डी लगाये लेकिन पांच बोगी किए। अब कट में प्रवेश के लिए उन्हें अगले दौर में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के जो डीन के साथ थोरब्योर्न ओलेसन और जेस्पर स्वेनसन ने एकल बढ़त बना ली है जिन्होंने छह अंडर 65 स्कोर किया।

### चोटिल बवुमा बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बवुमा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बांग्लादेश में 21 अक्टूबर को होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गये है। अब तेम्बा की जगह पहले टेस्ट मैच में एडन मारक्रम दक्षिण अफ्रीका की अगुआई करेंगे। दक्षिण अफ्रीकी खेल परिसंघ (सीएसए) ने कहा बवुमा टीम के साथ मंगलवार को ढाका जाएंगे और वह 29 अक्टूबर को चटगांव में शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए चिकित्सा दल की देखरेख में अपनी रिकवरी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि ब्रेविस को बवुमा की जगह टीम में बुलाया गया है। उन्होंने अभी तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। उन्होंने अब तक केवल दो टी-20 मैच खेले हैं। इसके अलावा उन्होंने 12 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उल्लेखनीय है कि छह अक्टूबर को बवुमा को कोहनी की चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय से बाहर होना पड़ा था। वह चार अक्टूबर को दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान में नहीं उतरे थे। उनकी जगह रासी वैन डेर डुसेन ने इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की अगुआई की थी।

### निजी कोच चाहिए, ताकत बढ़ाने की जरूरत है: निकहत

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने पदक रहित ओलंपिक अभियान पर बात करते हुए स्वीकार किया कि वो दिन उनका नहीं था लेकिन उन्होंने कहा कि वह एक निजी कोच की मदद से और मजबूत होकर वापसी करेंगी। उन्होंने कहा कि वह निजी कोच खोजने की कोशिश कर रही हैं। निकहत पेरिस ओलंपिक में मजबूत पदक दावेदार थीं लेकिन शीर्ष वरीय और मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन चीन की वू यू से हारने के बाद 50 किग्रा से बाहर हो गईं। निकहत ने कहा कोई भी व्यक्ति परफेक्ट नहीं होता, यह मेरा दिन नहीं था। मुझे वरीयता नहीं मिली थी और मुझे शुरुआती दौर में बहुत अच्छी मुक्केबाज का सामना करना पड़ा। सबसे दुखद बात यह थी कि जिन मुक्केबाजों को मैंने पहले ही हरा दिया था, उन्होंने पदक जीते, यह दिल तोड़ने वाला था, लेकिन हमें वास्तविकता को स्वीकार करना होगा और आगे बढ़ते रहना होगा। मैं कुछ भी योजना नहीं बनाना चाहती और प्रवाह के साथ चलना चाहती हूं। मेरे पास कोई निजी कोच नहीं था। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ने कहा कि वह एक निजी कोच की तलाश कर रही हैं।

# क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

## सलामी बल्लेबाजों पर रहेगी निगाह, टी-20 शृंखला में बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से आगे है टीम इंडिया

हैदराबाद, एजेंसी

पहले दो मैच में आसान जीत दर्ज करके शृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरगी जिसमें उसके सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।

भारत ने अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देकर इस टी-20 शृंखला में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया जिन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर की रणनीति पर पूरी तरह से अमल करके जीत का जज्बा दिखाया। बांग्लादेश के खिलाफ ही कुछ दिन पहले कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने जिस तरह से परिणाम हासिल करने के लिए आक्रामक क्रिकेट खेली उससे टीम के नए दृष्टिकोण का पता चलता है। भारत ने दो टेस्ट मैच की शृंखला 2-0 से जीती थी और अब वह टी-20 शृंखला में भी 3-0 से जीत दर्ज करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन कुछ अच्छे विकल्प तैयार करने पर भी ध्यान दे रहा है। फिर चाहे वह तेज गेंदबाज मयंक यादव हों या स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, गंभीर उनके प्रदर्शन पर करीबी नजर रखे हुए हैं और इन खिलाड़ियों ने भी अभी तक अपने मुख्य कोच को निराश नहीं किया है।

मयंक आईपीएल 2024 के बाद चोटिल होने के कारण अधिकतर मैचों में नहीं खेल पाए थे लेकिन इस शृंखला में उन्होंने 150 किलोमीटर की रफ्तार से गेंदबाजी करके अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया है। चक्रवर्ती ने ग्वालियर में पहले मैच में तीन विकेट लेकर तीन साल के बाद राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी की है। टीम प्रबंधन ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के प्रदर्शन पर भी करीबी नजर रखेगा जिन्होंने दिल्ली में दूसरे टी-20 मैच में 34 गेंद पर 74 रन की धमाकेदार पारी खेलने के अलावा दो विकेट भी लिए। इन सकारात्मक पहलुओं के बीच संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी का प्रदर्शन टीम के लिए चिंता का विषय होगा। सैमसन को पारी शुरू करने का मौका दिया गया लेकिन केरल का यह विकेटकीपर बल्लेबाज अभी तक इसका फायदा नहीं उठा पाया है। उन्होंने पहले मैच में 29 और दूसरे मैच में 10 रन बनाए। सैमसन को अगर यहां मौका मिलता है तो उन्हें उसे हर हाल में भुनाना होगा क्योंकि टीम प्रबंधन टीम में शामिल दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को भी मौका दे सकता है। टीम प्रबंधन को दूसरे सलामी बल्लेबाज अभिषेक से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी जो अभी तक पहले दो मैच में 15 और 16 रन ही बना पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम प्रबंधन लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और ऑलराउंडर हर्षित राणा को भी मौका देने पर विचार कर सकता है।



अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी करते सूर्यकुमार यादव।

**मैच : शाम 7:00 बजे**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव, तिलक वर्मा।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन एमोन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, लिटन दास, जाकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरिफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

# भारत के आगे आक्रामक बल्लेबाजी करके ही जीत सकते हैं : टॉम लेथम

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के नए टेस्ट कप्तान टॉम लेथम का मानना है कि उनके खिलाड़ियों को बिना डरे भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीजी में आक्रामक बल्लेबाजी करने पर ही जीतने के मौके होंगे। श्रीलंका दौरे पर मिली 0-2 के हार के बाद टिम साउदी के कप्तानी से इस्तीफे के बाद टीम की कमान लेथम को मिली है।

लेथम ने भारत दौरे को लेकर कहा यह एक चुनौतीपूर्ण दौरा होगा और मुझे उम्मीद है कि हम अधिक स्वतंत्रता और बिना डर के खेलेंगे। अगर हम ऐसा करते हैं तो हमारे जीतने के मौके भी हैं। हमने देखा है कि पिछले कुछ सालों में कई विदेशी टीमों ने अच्छा किया है और उन पर दबाव बनाया है। लेकिन इसके लिए आपको विशेषकर बल्ले से आक्रामक होना होगा। हम निर्णय लेंगे कि हमें वहां कैसा खेलना है और खिलाड़ियों को भी एक योजनाबद्ध अप्रोच बनाना होगा। उम्मीद है कि हम उस अप्रोच को वहां लागू कर सकेंगे। हमने श्रीलंका में कुछ अच्छी चीजे की थी, हालांकि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं गया। केवल एक पारी को छोड़ दिया जाए तो बल्ले के साथ हमारा अप्रोच बहुत सही था। हम उसे जारी रखना चाहते हैं और प्रयास करेंगे कि हम एक ब्रांड ऑफ क्रिकेट खेलें, जिस पर हमें गर्व हो। उम्मीद है कि हम ऐसा कर सकेंगे। उन्होंने कहा निश्चित रूप से वह अनुभव काम आएगा। हालांकि इस बार परिस्थितियां अलग है और हमारे पास पूरी और स्थायी जिम्मेदारी है।

# बैजबॉल युग में पाकिस्तान पर इंग्लैंड की जीत शीर्ष तीन में शामिल : ओली

मुल्तान, एजेंसी

इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान ओली पोप का मानना है कि 2021 में बेन स्टोक्स और ब्रैंडन मैकुलम के टेस्ट टीम की जिम्मेदारी संभालने के बाद से शुक्रवार को पाकिस्तान पर मिली जीत उनकी टीम की शीर्ष तीन जीत में शामिल होगी।

पोप ने टीम की पारी की जीत के बाद कहा निश्चित रूप से यह हमारे लिए एक विशेष जीत है। मैं इसे रावलपिंडी (2022) और इस साल भारत में हैदराबाद में हमारी जीत के साथ शीर्ष तीन में स्थान दूंगा। इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक के तिहरे शतक और जो रूट के 262 रन की बदौलत पाकिस्तान के पहली पारी के 556 रन के जवाब में सात विकेट पर 823 रन बनाकर पारी घोषित करके कई टेस्ट रिकॉर्ड तोड़े। फिर पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में 220 रन पर ढेर हो गई जिससे टेस्ट के अंतिम दिन इंग्लैंड ने पारी और 47 रन से जीत दर्ज की। पोप ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में कोई भी खिलाड़ी मैच के परिणाम के बारे में नहीं सोचता क्योंकि अब वे हर दिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं। जो भी परिस्थितियां सामने आती हैं, यह सिर्फ उनका फायदा उठाना ही है।



● इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पारी और 47 रन से हराया

पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने बाद दर्शकों का अभिवादन करते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

# यूपी के विप्रज की फिरकी में फंसा प. बंगाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रणजी ट्रॉफी मैच**

- सुदीप के शतक व धरामी के 90 रनों की बदौलत पश्चिम बंगाल ने बनाए 7 विकेट पर 269 रन
- अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे लखनऊ के विप्रज ने पहले ही दिन लिए चार विकेट

**अमृत विचार:** सुदीप चटर्जी (116) व सुदीप कुमार घरामी (90) के बीच 198 रनों की बेहतरीन साझेदारी की बदौलत पश्चिम बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले के पहले दिन शुक्रवार को मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में सात विकेट पर 269 रन बनाए हैं। शहबाज (26 रन) और सूरज विकेट पर मौजूद हैं। यूपी से खेल रहे लखनऊ के विप्रज निगम पहले रणजी मुकाबले में 16 ओवर में 59 रन देकर 4 विकेट लिए।

शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच में पश्चिम बंगाल ने आज टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। अभिमन्यु ईश्वरन का बल्ला चल नहीं पाया। ईरानी ट्रॉफी में शेष भारत की ओर बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत भारतीय क्रिकेट टीम में चयन को दरवाजा खटखटा रहे अभिमन्यु 5 रन बनाकर यश दयाल का शिकार बने। इससे पहले मैच के तीसरे सत्र में यूपी के कप्तान आर्यन जुयाल ने लखनऊ के विप्रज निगम पर भरोसा जताते हुए उन्हें गेंद थमाई। बंगाल का स्कोर 212 रनों तक पहुंच गया। इसी स्कोर पर विप्रज निगम ने सुदीप धरामी को विकेट के पीछे कैच कराया। सुदीप 10 रनों से शतक बनाने से चूक गए। उन्होंने 161 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और एक छक्के की मदद से 90 रन बनाए। नए बल्लेबाज कप्तान अनुस्तुप सिर्फ एक रन ही बना सके। विप्रज ने उनकी गिल्लियां बिखेर दीं। इसके बाद बंगाल की टीम दबाव में आ गई। नए बल्लेबाज अभिषेक पोरेल (02) को विप्रज निगम ने रन आउट कर दिया।



« विप्रज निगम

# ब्राजील जीता, अर्जेंटीना ने ड्रॉ खेला

साओ पाउलो, एजेंसी

स्थानापन्न खिलाड़ी लुइज हेनरिक के 89वें मिनट में किये गये गोल से ब्राजील ने शुरू में पिछड़ने के बाद वापसी करके विश्व कप 2026 के क्वालीफाइंग मैच में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत से ब्राजील दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में राउंड रॉबिन प्रतियोगिता के नौवें दौर के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

इससे पहले लियोनेल मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की टीम ने वेनेजुएला के शहर माटुरिन के मोनुमेंटल स्टेडियम में मैदान गीला होने के कारण 30 मिनट की देरी से शुरू हुए मैच में वेनेजुएला को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। अर्जेंटीना 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में नौ मैचों के बाद 19 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। बोलीविया से 1-0 से हारने के बावजूद कोलंबिया के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उरुग्वे 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि ब्राजील के 13 अंक हैं।

दक्षिण अमेरिका में अभी तक खराब प्रदर्शन करने वाली चिली की टीम ने सेंटियागो के नेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में अनुभवी स्ट्राइकर एडुआर्डो वर्गास के गोल की मदद से बढ़त हासिल की। ब्राजील की तरफ से पहले हाफ के इंजरी टाइम में स्ट्राइकर इगोर जीसस ने हेडर से बराबरी का गोल किया।

वेनेजुएला के खिलाफ मैच में डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी ने 13वें मिनट में अर्जेंटीना के लिए गोल किया। मेस्सी के क्रॉस और गोलकीपर राफेल रोमो की गलती के बाद उन्होंने गेंद को खाली नेट में डाला। सॉलोमन रोंडन ने 65वें मिनट में हेडर से गोल करके वेनेजुएला को बराबरी दिलाई।

### यूनान ने इंग्लैंड को हराया, एमबापे के बिना जीता फ्रांस

**लंदन।** यूनान ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां इंग्लैंड को उसकी धरती पर 2-1 से पराजित किया। इस बीच एर्लिंग हालैंड 24 साल की उम्र में नॉर्वे की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने नॉर्वे की स्लोवाकिया पर 3-0 की जीत में दो गोल किए। हालैंड नार्वे की तरफ से अभी तक 34 गोल कर चुके हैं जो पिछले रिकार्डधारक जोर्गन जुवे से एक गोल अधिक है। जोर्गन जुवे ने 1930 के दशक में यह रिकॉर्ड बनाया था। नॉर्वे के लिए अलेक्जेंडर सोरलोथ ने भी गोल किया। फ्रांस ने किलियन एमबापे और संन्यास ले चुके एंटोनी ग्रीज़मैन के बिना भी शानदार खेल का नमूना पेश करके इजराइल को 4-1 से हराया। इंग्लैंड और यूनान के बीच वेम्बली स्टेडियम में खेले गए मैच में तीनों गोल दूसरे हाफ में किए गए। वेंजेलिस पावलिडिस ने 49वें मिनट में यूनान की तरफ से पहला गोल किया। जूड बेलिंगहैम ने 87वें मिनट में इंग्लैंड की तरफ से बराबरी का गोल दागा लेकिन पावलिडिस ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके यूनान की जीत सुनिश्चित की।

## बॉलीवुड हलचल



# माधवन-फातिमा के साथ फिल्म करेंगे करण जौहर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर,आर माधवन और फातिमा सना शेख को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बना सकते हैं। चर्चा है कि करण जौहर ,धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं, जिसमें आर माधवन और फातिमा सना शेख की जोड़ी नजर आयेगी ।यह फिल्म एक उम्रदराज पुरुष और एक युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमेगी। फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी करेंगे। राधिका आनंद और हान हांडा ने इस फिल्म की कहानी को लिखा है। अक्टूबर के अंत तक फिल्म की शूटिंग आरंभ हो सकती है। इस फिल्म को लेकर करण जौहर की बात नेटफ्लिक्स से चल रही है। यदि सबकुछ सही रहा तो इस साल करण जौहर का यह तीसरा प्रोजेक्ट होगा, जो नेटफ्लिक्स के लिए बनेगा।

### फिल्म मालिक में जोरदार एक्शन करते नजर आएंगे राजकुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव अपनी आने वाली फिल्म मालिक में जोरदार एक्शन करते नजर आयेंगे। राजकुमार राव की इस वर्ष ब्लॉकबस्टर फिल्म स्त्री-2 प्रदर्शित हुई है। वहीं उनकी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो आज रिलीज हुई है। राजकुमार राव इस फिल्म के बाद एक्शन के अवतार में नजर आने वाले हैं। राजकुमार राव फिल्म मालिक में जोरदार एक्शन करते नजर आयेगे ।फिल्म मालिक का निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले और जय शेवक्रमणी की नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के तहत किया जा रहा है। इस फिल्म को पुलकित निर्देशित करेंगे। राजकुमार राव ने बताया, मैं अपनी अपकमिंग फिल्म मालिक में एक्शन कर रहा हूं। उम्मीद है यह फिल्म भी लोगों को पसंद आएगी। इस फिल्म में राजकुमार राव के साथ मेधा शंकर लीड रोल में नजर आने वाली हैं।



### म्यूजिक एल्बम रात हूं मैं सोमवार को होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** फिल्म जॉइंट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की म्यूजिक एल्बम रात हूं मैं को सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में लॉन्च किया जाएगा। इसकी शूटिंग पूरी हो गई है। इस गाने में अभिनेता राजवीर शर्मा और अभिनेत्री युक्ता शर्मा की जोड़ी नजर आएगी। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय खाद्य प्रसस्करण उद्योग मंत्री चिराग रामविलास पासवान और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग के राज्यमंत्री अजय टम्टा मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर फिल्मजायंट्स टाइकॉन ग्लोबल एंड गवर्नेंस अवार्ड प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, लोकसभा सांद मनोज कुमार तिवारी, स्वामी राम देव, अभिनेत्री पद्मिनी कोहलापुरी, अभिनेत्री सीरत कपूर, निर्देशक मधुर भंडारकर, हरियाणवी अभिनेत्री नकिशा चौधरी, ब्राइट आउटडोर लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक योगेश लखानी, अभिनेता अमन वर्मा और एंकर सिमरन आहूजा सहित अन्य अभिनेता-अभिनेत्री, व्यावसायिक संगठनों और विभिन्न देशों के राजनायिक एवं गणमान्य लोग शामिल होंगे। अभिनेता राजवीर ने बताया कि हाल ही में उनका गाना अपनी मोहब्बत रिलीज हुआ था जिसकी सफलता को देखते हुए निर्माताओं ने एक बार फिर से राजवीर शर्मा, युक्ता शर्मा, संगीतकार रईस और गायक सैम के साथ रात हूं मैं गाने का निर्माण किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# सार्वजनिक वाई-फाई से कनेक्ट होते ही खातों से धन उड़ाने का नया तरीका... डीएनएस

आज के परस्पर जुड़े हुए डिजिटल युग में, डोमेन नेम सिस्टम (डीएनएस) एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो उपयोगकर्ताओं के लिए पढ़ने योग्य डोमेन नामों जैसे example.com को आईपी एड्रेस में बदलता है ताकि कंप्यूटर आपस में संवाद कर सकें। हालांकि, यह इंटरनेट की कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण है, डीएनएस साइबर अपराधियों का निशाना भी बन सकता है, जिससे डीएनएस हैकिंग या डीएनएस रीडायरेक्शन अटैक हो सकते हैं। इस लेख में, हम जानेंगे कि डीएनएस हैकिंग कैसे काम करती है, हैकर्स इसे कैसे एक्सप्लॉइट करते हैं, और सबसे महत्वपूर्ण बात, आप इन हमलों से खुद को कैसे बचा सकते हैं।



निखिलेश मिश्रा (पूर्व इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ऑफिसर)

### डीएनएस हैकिंग या डीएनएस रीडायरेक्शन क्या है?

डीएनएस हैकिंग एक प्रक्रिया है जिसके तहत डीएनएस क्वेरीज़ में छेड़छाड़ कर उपयोगकर्ताओं को दुर्भावनापूर्ण वेबसाइटों की ओर रीडायरेक्ट किया जाता है या उनके डेटा को इंटरसेप्ट किया जाता है। डीएनएस रीडायरेक्शन तब होता है जब हैकर्स डीएनएस समाधान प्रक्रिया से छेड़छाड़ करते हैं, जिससे उपयोगकर्ता का ट्रैफ़िक असली वेबसाइट के बजाय नकली वेबसाइट की ओर भेजा जाता है। यह निम्न तरीकों से हो सकता है:

**डीएनएस कैश पॉयजनिंग :** इसे डीएनएस स्पूफिंग भी कहा जाता है। इसमें हैकर झूठी जानकारी डीएनएस रिजॉल्वर के कैश में डाल देता है। जब उपयोगकर्ता वैध वेबसाइटों पर जाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें नकली वेबसाइटों पर रीडायरेक्ट किया जाता है जो उनके व्यक्तिगत डेटा को चुराने या उनके सिस्टम में मालवेयर डालने के लिए डिजाइन की गई होती हैं।

**मैन-इन-द-मिडल (MitM) अटैक :** इस हमले में, हैकर्स उपयोगकर्ता और डीएनएस सर्वर के बीच की संचार प्रक्रिया को इंटरसेप्ट करते हैं और डीएनएस प्रतिक्रियाओं में छेड़छाड़ कर उपयोगकर्ताओं को गलत वेबसाइटों पर भेजते हैं।

**डीएनएस सर्वरों में छेड़छाड़ :** हैकर्स डीएनएस सर्वरों को निशाना बना सकते हैं और उनके रिकॉड्र्स में बदलाव कर सकते हैं, जिससे बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता गलत वेबसाइटों पर रीडायरेक्ट हो सकते हैं। यह पूरे संगठनों या इंटरनेट सेवा प्रदाता (ISP) के नेटवर्क्स को प्रभावित कर सकता है।

### हैकर्स डीएनएस हैकिंग का कैसे उपयोग करते हैं?

**फिशिंग :** उपयोगकर्ताओं को ऐसी वेबसाइटों पर भेजना जो दिखने में वैध सेवाओं (जैसे बैंक, ई-कॉमर्स) जैसी लगती हैं, ताकि उनके लॉगिन क्रेडेंशियल्स और वित्तीय डेटा चोरी किया जा सके।

**मालवेयर फैलाना :** उपयोगकर्ताओं को ऐसी दुर्भावनापूर्ण साइटों पर भेजना जो उनके उपकरणों को वायरस, रैनसमवेयर, या




स्पायवेयर से संक्रमित कर देती हैं।

**डेटा चोरी :** कुछ डीएनएस हमलों में, हैकर्स उपयोगकर्ताओं और वैध वेबसाइटों के बीच प्रेषित संवेदनशील जानकारी को इंटरसेप्ट कर सकते हैं।

**डिनायल ऑफ सर्विस :** डीएनएस रीडायरेक्शन का उपयोग लक्ष्य प्रणाली पर ट्रैफिक की बाढ़ लाने के लिए किया जा सकता है, जिससे सेवाओं में व्यवधान हो सकता है।

### डीएनएस हैकिंग से खुद को कैसे बचाएं?

- **डीएनएसSEC का उपयोग करें :** यह एक सुरक्षा प्रोटोकॉल है जो डीएनएस हमलों को रोकने के लिए डीएनएस डेटा को डिजिटल रूप से साइन करता है, जिससे उसकी अखंडता बनी रहती है। यदि आपका ISP या डीएनएस प्रदाता डीएनएसSEC को सपोर्ट करता है, तो इसे सक्षम करें। डीएनएसSEC सुनिश्चित करता है कि डीएनएस प्रतिक्रियाएं वैध स्रोत से आई हैं और उनमें कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है।
- **राउटर और उपकरणों को सही तरीके से कॉन्फ़िगर करें :** डिफ़ॉल्ट एडमिन पासवर्ड बदलें: हैकर्स अक्सर डिफ़ॉल्ट पासवर्ड वाले राउटर्स को निशाना बनाते हैं। इसे हमेशा एक मजबूत और अद्वितीय पासवर्ड में बदलें।
- **रिमोट एक्सेस को अक्षम करें :** अनावश्यक रूप से अपने राउटर की सेटिंग्स के बाहरी एक्सेस को रोकें।
- **राउटर फर्मवेयर अपडेट करें :** निर्माता द्वारा जारी किए गए अपडेट्स सुरक्षा पैचों को शामिल करते हैं जो डीएनएस कमजोरियों से बचाने में मदद करते हैं।
- **सुरक्षित डीएनएस सेवा का उपयोग करें :** अधिक सुरक्षित डीएनएस प्रदाता पर स्विच करने से डीएनएस रीडायरेक्शन के जोखिम को कम किया जा सकता है। Google Public डीएनएस (8.8.8.8), Cloudflare डीएनएस (1.1.1.1), या Quad9 डीएनएस (9.9.9.9) जैसी सेवाएं उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ प्रदान करती हैं जो दुर्भावनापूर्ण डीएनएस क्वेरीज़ का पता लगाकर उन्हें ब्लॉक करती हैं।
- **HTTPS का उपयोग करें :** जब भी संभव हो, HTTPS (हाइपरटेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल सिक्योर) का उपयोग करें। HTTPS वाली वेबसाइटें ब्राउज़र और सर्वर के बीच का डेटा एन्क्रिप्ट करती हैं, जिससे MitM हमलों से सुरक्षा मिलती है।
- **VPN का उपयोग करें :** वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) आपके डेटा को एन्क्रिप्ट कर अतिरिक्त सुरक्षा की परत जोड़ता है। यदि कोई हैकर आपके ट्रैफ़िक को इंटरसेप्ट करता भी है, तो वे डीएनएस क्वेरीज़ को पढ़ या बदल नहीं पाएंगे। VPN आपकी ट्रैफ़िक को सुरक्षित सर्वरों के माध्यम से भेजते हैं, जिससे डीएनएस रीडायरेक्शन का जोखिम कम हो जाता है।

**निष्कर्ष :** डीएनएस हैकिंग डिजिटल परिदृश्य में एक गंभीर खतरा है, लेकिन सही सावधानी से आप खुद को बचा सकते हैं। डीएनएसSEC और सुरक्षित डीएनएस सेवाओं का उपयोग करने से लेकर अपने राउटर को सही तरीके से कॉन्फ़िगर करने और सतर्क रहने तक, अपनी ऑनलाइन गतिविधियों को सुरक्षित रखने के कई तरीके हैं। आप हमेशा नवीनतम साइबर सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी रखते हैं, क्योंकि हैकर्स लगातार नई तकनीकों का उपयोग कर कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश करते रहते हैं। ऊपर दिए गए सुरक्षा सुझावों का पालन करके, आप डीएनएस हैकिंग का शिकार बनने के जोखिम को कम कर सकते हैं।

---

## एक नजर

### बांग्लादेश ने मछुआरे की हत्या पर म्यांमार का किया विरोध

**ढाका।** बांग्लादेश ने अपने मछुआरे की हत्या को लेकर शुक्रवार को म्यांमार के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि शुक्रवार को बंगलादेश के विदेश मंत्रालय की ओर से म्यांमार दूतावास को भेजे गए एक पत्र में विरोध व्यक्त किया गया था। गौरतलब है कि 09 अक्टूबर को म्यांमार नौसेना की गोलीबारी में बंगलादेशी मछुआरे उस्मान (60) की मौत हो गई थी।

### म्यांमार में महसूस हुए भूकंप के मध्यम झटके

**यांगून।** मध्य म्यांमार में शुक्रवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता मापी गयी। यह जानकारी देश के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने दी। डीएमएच के अनुसार भूकंप स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न लगभग 11:10 बजे आया। भूकंप का केंद्र मांडले क्षेत्र के थाबेइक्कीन शहर के दक्षिण-पश्चिम में आठ किमी की दूरी पर केन्द्रित था। डीएमएच ने कहा कि भूकंप का केन्द्र 22.85 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 95.91 डिग्री पूर्वी देशांतर में और सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था।

### रूस ने ब्रिक्स सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

**अश्गाबात।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्गाबात में आयोजित समय और सभ्यताओं का अंतर्संबंध - शांति और विकास का आधार मंच के प्रतिभागियों को काज़ान में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

### सौर तूफान का पृथ्वी पर आगमन

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन ने कहा कि एक शक्तिशाली सौर तूफ़ान पृथ्वी पर आया है और यह तूफान हेलेन और मिल्टन के लिए चल रहे पुनर्प्राप्ति प्रयासों को प्रभावित कर सकता है। एनओएए के स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर के अनुसार, कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) मंगलवार शाम को सूर्य से निकला और पूर्वी समय के अनुसार गुरुवार सुबह 11:15 बजे पृथ्वी पर पहुंचा।

---

# आसियान में चीन पर उत्पीड़न का आरोप

## फिलीपींस के राष्ट्रपति ने उठाया मुद्दा, आचार संहिता में तेजी लाने का किया आग्रह

**मनीला, एजेंसी**

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने गुरुवार को चीन द्वारा उनके देश के खिलाफ उत्पीड़न और धमकी का हवाला दिया और आसियान से दक्षिण चीन सागर में आचार संहिता को अपनाने में तेजी लाने का आग्रह किया। फिलीपींस के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि फिलीपींस जल क्षेत्र में निरंतर बढ़ती चीनी आक्रामकता और उत्पीड़न के बीच, राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने आसियान सदस्य देशों से सार्थक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए आसियान-चीन आचार संहिता में तेजी लाने का आह्वान किया।

मार्कोस जूनियर ने लिखा कि कोड के कुछ मौलिक तत्व अब तक अनिश्चित हैं क्योंकि सदस्य देशों के बीच कुछ मामलों पर असहमति है, जिनमें दस्तावेज की कानूनी स्थिति से लेकर स्वयं संयम जैसे मौलिक अवधारणा शामिल हैं। उन्होंने कहा, सदस्यों को गंभीरता से मतभेदों को समाप्त करने और तनाव कम करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। फिलीपींस और चीन सहित कई एशिया-प्रशांत देश, दक्षिण चीन सागर में कई द्वीपों और चट्टानों की क्षेत्रीय संबद्धता पर विवाद कर रहे हैं। जुलाई 2016 में, फिलीपींस द्वारा दायर एक मुकदमे के बाद, हेग में स्थायी मध्यस्थता न्यायालय ने फैसला सुनाया कि चीन के पास दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय दावों का कोई आधार नहीं है। अदालत ने फैसला सुनाया कि द्वीप विवादित क्षेत्र नहीं हैं और एक विशेष आर्थिक क्षेत्र का गठन नहीं करते हैं, लेकिन बीजिंग ने फैसले को स्वीकार करने से मना कर दिया। हाल के सप्ताहों में विवादित जल क्षेत्र में फिलीपींस और चीनी नौकाओं के टकराव की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। उनमें से सबसे हालिया में, मंगलवार को, मनीला ने चीनी तटरक्षक बल पर फिलीपींस की मछली पकड़ने वाली दो नौकाओं पर पानी की बौछारें करने का आरोप लगाया।



थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।

### मोदी ने थाईलैंड की अपनी समकक्ष के साथ व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों पर की चर्चा

**विएंतियान (लाओस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा से शुकवार को मुलाकात की और दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को बेहतर बनाने तथा सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए लाओस की दो-दिवसीय यात्रा पर हैं। मोदी ने पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन से इतर शिनावात्रा से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लाओ पीडीआर में प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा से मुलाकात की। थाईलैंड भारत का बहुत ही मूल्यवान मित्र है।

### मोदी ने कई देशों के नेताओं को दिए उपहार

**विएंतियान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विएंतियान में 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान लाओस, थाईलैंड, न्यूजीलैंड और जापान के नेताओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश करने वाले हस्तशिल्प उत्पाद उपहार में दिए। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन को चांदी के दो शाही लैंप भेंट किए, जिन पर महाराष्ट्र का माणिक जड़ा हुआ था। प्रधानमंत्री ने लाओस के राष्ट्रपति थोंगलुन सिसुलिथ को तोहफे में पीतल की बुद्ध प्रतिमा दी, जिस पर मीनाकारी की हुई थी। उन्होंने सिसुलिथ की पत्नी नैली सिसुलिथ को गुजरात की प्रसिद्ध सडेली शिल्प कला के एक बॉक्स में पाटन पटोला स्कार्फ भेंट किया। मोदी ने लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफांडोन को कदम की लकड़ी से बनी बुद्ध प्रतिमा और उनकी पत्नी को ऊंट की हड्डी तथा मैलाकाइट से बना बॉक्स उपहार में दिया, जिस पर राधा-कृष्ण की प्रतिमा उकेरी गई थी।

### लाओस के भारत से संबंध होंगे मजबूत

**विएंतियान।** प्रधानमंत्री मोदी और लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्साय ने शुक्रवार को बैठक की, जिसमें दोनों देशों के बीच आर्थिक और रक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर सार्थक चर्चा की गई। लाओस जनवादी लोकतान्त्रिक गणराज्य (लाओ पीडीआर) के प्रधानमंत्री सोनेक्साय सिपानदोन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को लाओस की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे थे। इस दौरान वह आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल हुए, ताकि इन समूहों के देशों के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ किया जा सके। मोदी ने 21वें आसियान-भारत और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी करने के लिए लाओस के प्रधानमंत्री को बधाई दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत और लाओस के बीच साझेदारी को नई गति दी गई।

---

# मध्य बेरूत में हवाई हमला, 22 की मौत



**बेरूत, एजेंसी**

मध्य बेरूत में गुरुवार शाम इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 22 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इन हमलों के बाद लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्ला आतंकवादियों के साथ इजराइल का खूनी संघर्ष और बढ़ गया।

हमलों में पश्चिमी बेरूत के अलग-अलग इलाकों में स्थित दो आवासीय भवनों को निशाना बनाया गया। इनमें से एक इमारत ढह गई और दूसरी इमारत की निचली मंजिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। इजराइली सेना ने कहा कि वह कथित हमलों की जांच कर रही है। बेरूत के घनी आबादी वाले दक्षिणी उपनगरों में इजराइली हवाई हमले आम हैं, जहां हिजबुल्ला युद्ध में है। हमलों के बाद हिजबुल्ला के अल मनार टीवी ने बताया कि हिजबुल्ला के एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी वाफिक सफा की हत्या का प्रयास विफल हो गया।

### इस्लामिक जिहाद नेता अब्दुल्ला की मौत

**यरूशलम।** इजराइल ने वेस्ट बैंक में तुल्कर्म शहर के पास एक शरणार्थी शिविर पर हवाई हमला कर फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आंदोलन के नेता मुहम्मद अब्दुल्ला को मार गिराया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को टेलीग्राम पर कहा, "गुरुवार को आईडीएफ और आईएसए (इजरायली वायु सेना) ने संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान तुल्कर्म के क्षेत्र में हवाई हमला किया और नूर शम्स में इस्लामिक जिहाद के आतंकवादी नेटवर्क के प्रमुख मुहम्मद अब्दुल्ला को मार गिराया।

---

## पहले कार्यकाल में व्यापार का उपयोग कर युद्ध फैलने से रोका: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के लिये रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में अन्य देशों पर दबाव बनाने के लिए व्यापार उपकरणों का उपयोग करके युद्ध को फैलने से रोका। ट्रम्प ने डेट्रॉइट इकोनॉमिक क्लब में टिप्पणी करते हुए गुरुवार को कहा मैंने कई युद्धों को शुरू होने से रोका है। मुझे इस पर बहुत गर्व है। मैं व्यापार का उपयोग करता हूं। मैंने उनको व्यापार की धमकी दी और कहा कि आप अमेरिका के साथ व्यापार नहीं करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा है कि अगर वह नवंबर का चुनाव जीतते हैं तो यूक्रेन संघर्ष का समाधान करने में सक्षम होंगे।

## तूफान मिल्टन ने पूरे फ्लोरिडा को चपेट में लिया, 9 की मौत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

तूफान मिल्टन ने रात भर तेज हवाओं, विनाशकारी बवंडर और भारी बारिश के साथ दक्षिणपूर्वी अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा को प्रभावित किया, जिससे गुरुवार सुबह तक कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और लाखों लोगों के घरों की बिजली चली गई। तूफान मिल्टन ने बुधवार रात फ्लोरिडा के पश्चिम-मध्य तट पर श्रेणी-3 के तूफान के रूप में दस्तक दी और मध्य फ्लोरिडा में तेजी से बढ़ने के कारण यह कमजोर होकर श्रेणी-1 में तब्दील हो गया। सेंट लूसी काउंटी ने तूफान के कारण आए बवंडर में चार लोगों के मौत की पुष्टि की। काउंटी ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि पोर्ट सेंट लूसी शहर और असंगठित क्षेत्रों सहित सेंट लूसी काउंटी में कई घरों और संरचनाओं को महत्वपूर्ण क्षति हुई।



## उत्तर कोरिया ने राजधानी में ड्रोन उड़ाने का आरोप लगाया, हमले की धमकी

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर देश विरोधी दुष्प्रचार सामग्री गिराने के लिए उसकी राजधानी में ड्रोन उड़ाने का शुक्रवार को आरोप लगाया और धमकी दी कि भविष्य में इस तरह की गतिविधि पर कड़ी जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राजधानी प्योंगयांग में तीन अक्टूबर और गत बुधवार व बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरियाई ड्रोन के उड़ान भरने की बात सामने आई है। मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया पर उत्तर कोरिया की संप्रभुता का उल्लंघन करने और उसकी सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया।

## बांग्लादेश के काली मंदिर को उपहार में दिया गया मुकुट चोरी

- भारतीय उच्चायोग ने जताई चिंता
- मोदी ने दिया था उपहार स्वरूप

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में सतखिरा स्थित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2021 में मां काली को समर्पित मुकुट के चोरी होने की घटना पर भारत ने गहरी चिंता व्यक्त की है और बंगलादेश सरकार से जांच करने एवं अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा, हमने 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जेशोरेश्वरी काली मंदिर (सतखिरा) को उपहार में दिए गए मुकुट की चोरी की खबरें देखी हैं। हम गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने, मुकुट बरामद करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार बंगलादेश के एक मंदिर से मुकुट चोरी की कथित घटना से बहुत व्यथित है। ढाका में भारतीय उच्चायोग बंगलादेश के अधिकारियों के संपर्क में है। बंगलादेश सरकार के कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना की जांच करने, चोरी की गई वस्तु को बरामद करने और दोषियों को सजा दिलाने का आग्रह किया गया है।

## म्यांमार में आसियान के नौसेना प्रमुखों की 18वीं बैठक आयोजित

**यांगून।** म्यांमार के नेपीता में गुरुवार को 18वीं आसियान नौसेना प्रमुखों की बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रुनेई, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया और फिलीपींस के उच्च पदस्थ नौसैनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। रिपोर्ट में कहा गया कि कार्यक्रम के दौरान, राज्य प्रशासन परिषद के सदस्य जनरल स्टाफ (सेना, नौसेना और वायु) के प्रमुख माउंग माउंग ऐ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि म्यांमार आसियान सदस्य देशों और पड़ोसी देशों दोनों के साथ मैत्रीपूर्ण रूप से सक्रियता के साथ काम कर रहा है।

---

# पाकिस्तान में एससीओ से पहले राजनयिकों की यात्रा सीमित की

- एससीओ का दूसरा सर्वोच्च मंच सीएचजी 15 व 16 को इस्लामाबाद में आयोजित होगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान सरकार ने सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए अगले सप्ताह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक से पहले विदेशी राजनयिकों के आवागमन को सीमित कर दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, एससीओ का दूसरा सर्वोच्च मंच सीएचजी 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में आयोजित होगा।

विदेश कार्यालय ने सीमाएं जारी की हैं जो शहर के भीतर और बाहर दोनों जगह लागू हैं। यह सीमाएं इसलिये लागू की गयी हैं क्योंकि कुछ दिनों पहले विदेशी नागरिकों पर हुए हमलों के बाद सुरक्षा अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। विदेश कार्यालय ने सटीक प्रतिबंधों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन सुरक्षा अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें देश में सभी प्रतिभागियों और अन्य विदेशियों की सुरक्षा की रक्षा करना आवश्यक है। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, नए प्रतिबंधों ने व्यक्तिगत कारणों से उनकी यात्रा को डिप्लोमैटिक एन्क्लेव तक सीमित कर दिया है। राजनयिक केवल आधिकारिक कार्य के लिए एन्क्लेव छोड़ने के लिए अधिकृत हैं। राजनयिक ने कहा, "हमें सलाह दी गई है कि जब तक हम महत्वपूर्ण आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग नहीं ले रहे हैं, तब तक हम डिप्लोमैटिक एन्क्लेव में ही रहें। विदेश कार्यालय ने सटीक प्रतिबंधों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन सुरक्षा अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें देश में सभी प्रतिभागियों और अन्य विदेशियों की सुरक्षा की रक्षा करना आवश्यक है।

---

**ज्ञान-विज्ञान** लालग्रह पर हुई पांच बड़ी टक्कर से निकली धूल कण पृथ्वी तक पहुची है

# मंगल पर क्षुद्रग्रहों की टक्कर से पृथ्वी अछूती नहीं

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह पर क्षुद्रग्रहों की पड़ने वाली मार के असर से पृथ्वी अछूती नही है, जिसे धूल कणों के साथ हमारी धरती पर देखा जाता है। हाल में हुए शोध से पता चला है कि मंगल पर हुई टक्कर से पांच विशाल क्षुद्रग्रहों से निकले धूल कण पृथ्वी तक पहुचे है। इस शोध से मंगल की सतह पर मौजूद तत्वों की जानकारी मिलती है।

यह आश्चर्यजनक जानकारी है कि धूल कण के रूप में रोजाना उल्कापिंड पृथ्वी से टकराते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि हर साल लगभग 100 से 300 मीट्रिक टन सामग्री मंगल से हमारे ग्रह पर पहुचती है। इसमें अधिकांश रेत के कण के आकार की धूल वायुमंडल में जल जाती है। इसके बावजूद कुछ हज़ार धूल कण पृथ्वी की सतह तक पहुंच जाते हैं। यह दिगर है कि अधिकांश उल्कापिंडों की उत्पत्ति धूमकेतुओं या क्षुद्रग्रह बेल्ट से होती है, लेकिन नई खोज बताती है कि चंद्रमा व मंगल ग्रह भी अंतरिक्ष मे धूल कणों की बौछारों को पहुचाते हैं। रासायनिक विश्लेषण के बाद इसका पता चल पाता है। वैज्ञानिको के अनुसार चंद्र उल्कापिंडों का हम तक पहुचना आसान है । मगर पृथ्वी में बहुत बड़ी मात्रा मे उल्कापिंड मंगल से पहुचे हैं। इससे यह पता भी चलता है कि मंगल ग्रह कभी पृथ्वी के समान गर्म और आर्द्र दुनिया थी। वैज्ञानिकों ने 200 उल्कापिंड पर शोध किया और जाना किउनकी उत्पत्ति मंगल ग्रह पर लगभग 10 बड़ी टक्कर से हुई है। साथ ही अधिकांश उल्कापिंड बताते हैं कि वह मंगल की धरती पर पांच बड़े टक्कर से बने गड्ढों का नतीजा हैं। रासायनिक विश्लेषण पृथ्वी व मंगल के बीच की कड़ी को जोड़ सकती है। साथ ही मंगल की सतह की अनेक महत्वपूर्ण जानकारी पृथ्वी से जुटा सकते हैं।



मंगल की सतह पर किसी क्षुद्रग्रह द्वारा बने विशाल गड्ढे की तस्वीर।

### बियाबान जंगल है मंगल

**नैनीताल :** वर्तमान मंगल बियाबान जंगल है। शोरगुल विहीन मंगल पहले कभी ऐसा नही था। शायद समुद्र की लहरें मंगल के वातावरण में कौतूहल पैदा करती होंगी और कल-कल बहती नदिया मंगल की नैसर्गिक सुंदरता को मनमोहक बनाती होंगी। बहरहाल मंगल की सतह को समझने के लिए बड़े पैमाने पर रासायनिक व भू वैज्ञानिक शोध जरूरी हैं। इससे पता लगाया जा सकता है कि मंगल की सतह पर बने कौनसे गड्ढे शूद्रग्रह की टक्कर का परिणाम हैं और कौनसे गड्ढे या पर्वत प्राकृतिक रूप से मंगल के निर्माण व विकास के दौरान के होंगे।

---

# अमेरिकियों के लिए ट्रंप के पास कोई योजना नहीं : कमला हैरिस

- एरिजोना में हजारों समर्थकों को किया संबोधित

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपने प्रतिद्वंदी औ्रर रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (ट्रंप) केवल अपने बारे में ही सोचते हैं और अमेरिकियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके पास कोई योजना नहीं है। एरिजोना में अपने हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए हैरिस ने गुरुवार को कहा कि ट्रंप ने पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले किसी भी तरह की बहस करने से आधिकारिक तौर पर इनकार कर दिया है। उन्होंने इसे मतदाताओं के साथ 'नाइंसाफी' बताया। हैरिस ने कहा, मुझे भी लगता है कि यह उनका बहुत ही कमजोर कदम है। लेकिन अगर वह बहस नहीं भी करते हैं, तो भी इस चुनाव में अंतर पहले से ही स्पष्ट नजर आ रहा है। हैरिस ने कहा कि देश के लोगों के लिए कई मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ट्रंप के पास इस बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, हम अपने देश को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे और अपने सैनिकों का सम्मान करेंगे।

